'केडी-
द डेविल' के जरिए
शिल्पा शेट्टी ने...
पेज 10 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● चैत्र शुक्ल पक्ष 02 ● विक्रम संवत 2080 ● गुरुवार, 23 मार्च 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-156 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50




## वासंतिक नवरात्र

### द्वितीय : ब्रह्मचारिणी



यह देवी दुर्गा के नौ रूपों में से दूसरा रूप है। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी यानी आचरण करनेवाली। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करनेवाली। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएं हाथ में कमण्डल रहता है।

करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू।
देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥

मां दुर्गा की नवशक्ति का दूसरा स्वरूप बह्मचारिणी का है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देनेवाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। पूर्वजन्म में इस देवी ने हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लिया था और नारदजी के उपदेश से भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या के कारण इन्हें तपश्चारिणी अर्थात् ब्रह्मचारिणी नाम से अभिहित किया गया। मां ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से सर्वसिद्धि प्राप्त होती है।

# पुलिस के बूट से कुचलकर चार दिन के नवजात की मौत

**गिरिडीह के देवरी थाना क्षेत्र की घटना**

**परिजनों का रो-रोकर है बुरा हाल**

**सीएम हेमंत ने दिए जांच के आदेश**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गिरिडीह जिले में बुधवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस छापामारी के दौरान चार दिन के एक नवजात शिशु की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि नवजात की मौत एक पुलिसकर्मी के बूट के नीचे दबकर हुई है। इस घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में जबर्दस्त गुस्सा है। वहीं, घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है।



इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य पुलिस मुख्यालय को घटना की जांच कर रिपोर्ट देने और कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। घटना गिरिडीह जिले के देवरी थाना अंतर्गत कोशोगोंदोदिघी गांव की है। बताया गया कि देवरी के थाना प्रभारी संगम पाठक की अगुवाई में एक पुलिस टीम बुधवार को अहले सुबह एक वारंटी भूषण पांडेय को गिरफ्तार करने उसके घर पर छापामारी करने पहुंची थी। दरवाजे पर दस्तक देने के बाद जब घरवालों ने दरवाजा नहीं खोला तो पुलिस की टीम किसी तरह जबरन अंदर दाखिल हुई। एक पुलिसकर्मी घर में रखे बिस्तर पर चढ़ गया। इसी दौरान उसके बूट से दबकर बिस्तर पर सोए चार दिन के नवजात की मौत हो गई। यह बच्चा वारंटी भूषण महतो का पोता था। मात्र चार दिन पहले उनकी बहू नेहा देवी ने इस बच्चे को जन्म दिया था। पुलिस भूषण पांडेय को गिरफ्तार नहीं कर सकी और घटना के बाद पूरी टीम वहां से निकल गई। नवजात की मौत पर घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीण भी गुस्से में हैं। लोग पुलिस टीम के सभी सदस्यों पर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। घटना की जानकारी पुलिस के वरीय अधिकारियों को दी गई है।

## पलामू में बीस वर्षों की सुनवाई के बाद न्यायालय ने कहा-

# हमारा अधिकार नहीं है सुनवाई का

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** खोदा पहाड़ निकली चुहिया वाली कहावत को आयुक्त न्यायालय ने चरितार्थ कर दिया है। बीस वर्षो तक चले दाखिल खारिज पुननिक्षण वाद में पक्षकारों को न्याय के नाम पर फैसले में यह मिला कि दाखिल खारिज रिविजन वाद में सेक्शन 17 में द्वितीय रिविजन सुनवाई की शक्ति आयुक्त न्यायालय को नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार दाखिल खारिज रिविजन के अलग अलग तीन मामलों में आयुक्त न्यायालय पलामू प्रमंडल ने 2002 से 2022 तक सुनवाई की पक्षकार वकीलों और पेशकार को चढ़ावा चढ़ाते गये और बीस वर्षो के बाद न्यायालय में यह कह दिया की उसे इस मामलें में सुनवाई का अधिकार नहीं है।आखिर दाखिल खारिज पुनरीक्षण वाद के एडमिशन के मौके पर ही इसे खारिज क्यों नही कर दिया गया। जब न्यायालय को इसमें सुनवाई का अधिकार नहीं था। तो इसका एडमिशन क्यो किया गया--यह सर्वविदित है कि पलामू जिले में उग्रवाद का जड़ जमीनी विवाद है। जमीनी विवाद के कारण हत्याएं होती हैं। सरकार ने जमीनी विवाद के निपटारे के लिए अचंल अधिकारी, एसडीओ, अपरसमाहर्ता, उपायुक्त और आयुक्त के न्यायालयों को राजस्व संबंधी शक्तियां प्रदान की है। किन्तु इन न्यायालयों द्वारा समय पर न्याय नहीं मिलता है। फलस्वरूप न्याय से वंचित पक्षकार कानून अपनी हाथ में लेकर अपराध पर उतारू हो जाते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पलामू जिले के अति उग्रवाद प्रभावित मनातू अंचल वर्तमान में तरहसी अंचल के मिसिर पतरा गांव की इन्द्रदेव यादव ,रामभजन महतो और मोसमात शनिचरी कुंवर ने उपायुक्त न्यायालय के दाखिल खारिज रिविजन वाद संख्या 14/10-2001-2002 में पारित आदेश के विरूद्ध आयुक्त पलामू प्रमंडल के न्यायालय में रिविजन वाद क्रमशः 64,65,66 वर्ष 2022 ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## मुंह में राम बगल में छुरी

# नियोजन नीति पर सदन में समय पर देंगे जवाब : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में भाजपा पर जमकर हमले किया। भाजपा के विधायक नियोजन नीति पर मुख्यमंत्री से जवाब की मांग कर रहे थे। नई नियोजन नीति को लेकर भाजपा ने प्रश्नकाल के दौरान जोरदार हंगामा किया। कई सदस्य वेल में पहुंचकर नई नियोजन नीति पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को वक्तव्य देने की मांग करने लगे। विधायक देर तक हंगामा करते रहे और नारेबाजी भी की। शून्यकाल के बाद सदन में मुख्यमंत्री ने खड़े होकर कहा कि आप 60-40 के समर्थक हैं या 1932 के। इस पर भाजपा विधायकों ने कहा 1932 के। तब मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंह में राम बगल में छुरी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकसभा को भी हाईजैक कर रखा है। उसी तरह



यह लोग झारखंड विधानसभा को हाईजैक करना चाह रहे हैं। पहले दिन से ही सदन में यह लोग यह कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इनके पास ना कोई मुद्दा है और न कोई विषय। भाजपा विधायकों ने सदन के अंदर कल जो तमाशा किया था, उसपर कार्रवाई होनी चाहिए। सदन की गरिमा तार-तार कर ड्रामेबाजी की जा रही है। कपड़े फाड़कर राम भक्त सिद्ध किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह समय पर नियोजन नीति पर सदन में जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि देश की सर्वोच्च पंचायत में आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक सभी की चर्चा होती है। कल सदन के अंदर जो वीडियोग्राफी हुई उसकी जांच होकर कार्रवाई होनी चाहिए। कथित रामभक्तों को कपड़े फाड़कर जताना पड़ रहा है कि हम रामभक्त हैं। कल ही तपोवन मंदिर के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# नितिन गडकरी आज 19 सड़क परियोजनाओं की देंगे सौगात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी गुरुवार को झारखंड आएंगे। वे राज्य को दो मेगा सड़क परियोजनाओं समेत 19 नई सड़कों की सौगात देंगे। केंद्रीय मंत्री रांची और स्टील सिटी जमशेदपुर में कुल 19 महत्वपूर्ण सड़कों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। एनएचएआई ने इसकी तैयारी तेज कर दी है। गडकरी जमशेदपुर के गोपाल मैदान से जमशेदपुर क्षेत्र की 10 सड़क परियोजनाओं और रांची के शहीद मैदान से राजधानी से राज्य के विभिन्न जिलों को जोड़ने वाली नौ परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। वे यहां पांच हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और आधारशिला रखेंगे। पहले वे जमशेदपुर पहुंचेंगे। इसके बाद रांची में कार्यक्रम करेंगे।

तय कार्यक्रम के अनुसार, 23 मार्च को केंद्रीय मंत्री गडकरी दोपहर सवा दो बजे सोनारी हवाई अड्डे पर उतरेंगे। वहां से वह गोपाल मैदान पहुंचेंगे। यहां कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। इसके बाद गोपाल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। वह जमशेदपुर में दो घंटे रहेंगे। इसके बाद सवा चार बजे सोनारी हवाई अड्डा से रांची पहुंचेंगे। यहां वे ओल्ड विधानसभा मैदान में शाम पांच बजे आयोजित शिलान्यास सह उद्घाटन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### जमशेदपुर में डबल-डेकर एलिवेटेड कॉरिडोर राज्य में होगा अनोखा

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर संजय कुमार मिश्रा के मुताबिक 23 मार्च को हो रहे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां कर ली गयी हैं। उन्होंने बताया कि जमशेदपुर में बनने वाली काली मंदिर से डिमना चौक-बालगुमा तक का कॉरिडोर राज्य का पहला डबल डेकर कॉरिडोर होगा। इसके बनने से जमशेदपुर की लाइफलाइन भी बदल जायेगी। उन्होंने बताया कि जमशेदपुर में बाइपास निर्माण की कहीं जगह नहीं है। एक तरफ दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी है। ऐसे में एक तरह ही सड़क है। वर्तमान में जो सड़क है वह फोरलेन पहले से है।

### इनका होगा शिलान्यास

- 876 करोड़ की लागत से जमशेदपुर में कालीमंदिर से डिमना चौक बालीगुमा तक फोर लेन का डबल डेकर एलिवेटेड रोड करीब 10 किमी का
- 423 करोड़ से पश्चिमी सिंहभूम में एनएच के एनएच 320 -जी में 0 से 42 किमी तक सड़क का चौड़ीकरण व मजबूतीकरण
- 99 करोड़ की लागत से पश्चिमी सिंहभूम में एनएच-75 पर झिंकपानी और तालाबुरू रेलवे स्टेशन के बीच आरओबी
- 96 करोड़ की लागत से एनएच-75 पर झिंकपानी से तालाबुरू रेलवे स्टेशन के बीच आरओबी
- 91 करोड़ की लागत से एनएच-75 पर सिंहपोखरिया से झिंकपानी रेलवे स्टेशन के बीच आरओबी
- 514 करोड़ की लागत से पश्चिमी सिंहभूम व सिमडेगा क्षेत्र में एनएच-320जी पर 98 से 196 किमी के बीच सड़क निर्माण
- 73 करोड़ की लागत से पूर्वी सिंहभूम में भुईया सिनान से सुसनी भाया हाथीखेड़ा रोड का निर्माण
- 104 करोड़ से पूर्वी सिंहभूम में फुलडुंगरी (एनएच 33) से झांटीझरना भाया बुरुडीह तक सड़क निर्माण
- 1007 करोड़ की लागत से बोकारो और रामगढ़ क्षेत्र में जैनामोड़ से गोला तक फोर लेन एक्सप्रेस वे
- 1214 करोड़ की लागत से रामगढ़ और रांची क्षेत्र में ओरमांझी से गोला तक फोर लेन एक्सप्रेस वे
- 57 करोड़ की लागत से गुमला और सिमडेगा क्षेत्र में एनएच-23 पर सड़क निर्माण
- 458 करोड़ की लागत से लोहरदगा में लोहरदगा बाइपास का निर्माण
- 68 करोड़ की लागत से बोकारो और हजारीबाग में बनासो से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के ठिकानों पर आयकर सर्वे

**रांची।** आयकर विभाग ने मंगलवार को शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के कई ठिकानों पर सर्वे शुरू किया। सूत्रों ने बताया कि यह सर्वे दुमका के मैहर होटल, देवघर के मैहर, मैहर रिजॉर्ट और जय भवानी इंटरप्राइजेज में किया गया। सूत्रों ने बताया कि प्रेम प्रकाश के साथ कई कंपनियों का सिंडीकेट बनाकर योगेंद्र तिवारी ने ठेका लिया था। अधिकांश कंपनियां जामताड़ा के पते पर रजिस्टर्ड थीं।

### इको सेंसेटिव जोन की परिधि कम करने के लिए केंद्र को लिखा है पत्र

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को सदन में कहा कि झारखंड में इको सेंसेटिव जोन की परिधि कम करने के लिए उन्होंने केंद्र सरकार को पत्र लिखा है। लेकिन केंद्र और राज्य सरकार के रिश्ते जगजाहिर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्नाटक सरकार ने भी परिधि कम करने के लिए पत्राचार किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधायक प्रदीप यादव के सवाल के जवाब में ये बातें कहीं। प्रदीप यादव ने सवाल उठाया था कि सुप्रीम कोर्ट ने एक से तीन किलोमीटर की परिधि इको सेंसेटिव जोन के लिए तय की थी, लेकिन झारखंड में एक से सात किलोमीटर तक इको सेंसेटिव जोन की परिधि है।

### विधायक ढुल्लू महतो की राहत बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय प्रसाद की अदालत ने भाजपा विधायक ढुल्लू महतो को मिली राहत बरकरार रखा है। ढुल्लू महतो के खिलाफ यौन शोषण और दुष्कर्म से जुड़े मामले में बुधवार को हाईकोर्ट ने निचली अदालत की कार्रवाई पर अगले दो सप्ताह तक रोक जारी रखने का निर्देश दिया है। कोर्ट के इस आदेश के बाद ढुल्लू महतो के खिलाफ चार्जफ्रेम की प्रक्रिया फिलहाल रुकी रहेगी। हाईकोर्ट में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान केस की सूचक ने अदालत से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा।

# सीसीएलकर्मी व अन्य सरकारी कर्मियों को दिया जा रहा है पीएम आवास

**वहीं बीपीएल धारी व खपरैल वाले को किया जा रहा दरकिनार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नावाबाजार प्रखंड के राजहारा पंचायत में पीएम आवास योजना में नियमों को ताक पर रखकर पंचायत सचिव व मुखिया द्वारा आवास निर्माण कराया जा रहा है। राजहारा पंचायत के राजहारा गांव में बीपीएल धारी व जर्जर खपरैल घर वाले को न देकर पक्का मकान व नौकरी पेशे वाले को पीएम आवास दिया जा रहा है। पंचायत सचिव और मुखिया के द्वारा वेटिंग लिस्ट को अनदेखी कर सूची के 500 नंबर वाले को भी आवास स्वीकृत कर दिया गया। जबकि कई और जरुरतमंद वेटिंग लिस्ट में पहले आते हैं। किंतु इन्हें आवास न देकर संपन्न लोगों को आवास स्वीकृत किया जा रहा है। इतना हीं नहीं आवास निर्माण की प्रथम किश्त 40 हजार रुपए का भुगतान भी कर दिया गया। राजहारा पंचायत के उपमुखिया अशोक चौहान की मां फुलमती देवी पति मनशोखी नौनिया का आवास नियमों की अनदेखी कर स्वीकृत किया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# पलामू : अपहरणकर्ता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने अपहरण और फिरौती के एक मामले का उद्भेदन कर लिया है। साथ ही फिरौती वसूलने वाले एक अपराधी को भी गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, पलामू के नावाबाजार थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे 98 पर अपराधियों ने कुछ दिन पूर्व धान लदे एक ट्रक के ड्राइवर और खलासी का अपहरण कर लिया था। अपहरण के बाद अपराधियों ने फिरौती की वसूली भी की थी। अपहरणकर्ताओं ने 2.20 लाख रुपए अपने बैंक खाते में जमा करवाए थे। जबकि 70 हजार रुपए की फिरौती कैश में देने की बात कही थी। बताते चलें कि ट्रक पलामू के पांकी से हरियाणा के अंबाला जा रहा था। वहीं ट्रक ड्राइवर चंदन कुमार ठाकुर और खलासी हरियाणा के रहने वाले थे। अपहरण के बाद अपराधियों ने ट्रक के मालिक से फिरौती की मांग की थी। ट्रक मालिक ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## बिलकिस बानो गैंगरेप व उसके परिजनों की हत्या के 11 दोषियों की

# समय से पहले रिहाई के विरुद्ध होगी सुनवाई

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने 2002 के गोधरा दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ गैंगरेप व उसके परिवार के सदस्यों की हत्या करने वाले 11 दोषियों को समय से पहले रिहाई को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाईके लिए हामी भर दी है। सर्वोच्च न्यायालय इसके लिए एक पीठ (बेंच) गठित करने पर राजी हो गया है। इससे दोषियों को फिर से न्यायालय का सामना करना पड़ेगा। मालूम हो कि इस मामले के सभी दोषियों को बीते वर्ष 15 अगस्त से मौके पर जेल से समय से पहले रिहा कर दिया गया था। जिसके विरुद्ध (सभी दोषियों की रिहाई के) पीड़िता बिलकिस बानो ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी। याचिका में सभी दोषियों



को दोबारा जेल भेजने की मांग की गई थी। इसके अतिरिक्त एक अन्य याचिका में सर्वोच्च न्यायालय से उसके पुराने फैसले पर पुनर्विचार करने की भी मांग की गई जिसमें सर्वोच्च न्यायालय ने दोषियों की रिहाई पर गुजरात सरकार को फैसला लेने को कहा था। बिलकिस बानो की तरफ से इस पर आपत्ति जताई गई कि जब पूरे मामले का ट्रायल महाराष्ट्र में चल रहा था, तो गुजरात सरकार इस पर फैसला कैसे ले सकती है। मामला यह है कि गुजरात में गोधरा कांड के बाद 3 मार्च 2002 को दंगे भड़के थे। इस दौरान दाहोद जिले के लिमखेड़ा के रंधिकपुर में भीड़ बिलकिस बानो के घर में घुस गई। दंगाइयों से बचने के लिए बिलकिस खेत में छुपी हुई थी। दंगाइयों ने बिलकिस बानो और उसकी मां समेत तीन और महिलाओं के साथ रेप किया। उस समय बिलकिस बानो 21 साल की थी। जिस समय उसके साथ यह घटना हुई वह 5 महीने की गर्भवती भी थी। दंगाइयों ने बिलकिस बानो के परिवार से 7 लोगों की हत्या भी कर दी। इस हमले में 6 लोग लापता भी हुए जिसका कभी कोई सुराग नहीं मिला। इस मामले में सीबीआई ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया। जिन्हें सीबीआई ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## जागरूकता — इस नववर्ष-नवरात्रि पर खूब आ रहे हैं शुभकामना संदेश

# नववर्ष को लेकर लोगों का रिस्पांस ज्यादा बेहतर

**आनंद सिंह। रांची**

इस बार हिंदू नववर्ष पर लोगों में ज्यादा जागरुकता देखी गई। सुबह से ही लोगों ने फोन करके, मैसेज से बधाई देना शुरू कर दिया। संयोग कुछ ऐसा रहा कि नववर्ष के साथ-साथ बुधवार को ही नवरात्रि का पहला दिन भी था। इस नाते जो सनातनी हैं, उनमें ज्यादा ही जोश दिखा। गौरतलब है कि गत वर्ष यह जोश नहीं था। बधाई के संदेश आ रहे थे, पर इस साल की तुलना में लगभग आधे। इस बार तो एक दिन पहले से ही व्हाट्स एप्प पर हिंदू नववर्ष के बधाई संदेश आने शुरू हो गए थे। कई संदेश तो ऐसे थे, जिसमें यह बताया गया कि हमारा असली वाला नववर्ष 22 मार्च को है। हिंदू नववर्ष और नवरात्र के नौ दिनों को यादगार बनाने के लिए जो मुहिम उत्तर प्रदेश सरकार ने शुरू की, उसे उत्तराखंड और मध्य प्रदेश की सरकारों ने भी देर से ही सही, स्वीकार कर लिया। यूपी और उत्तराखंड की सरकारों ने हर जिलाधिकारी को एक-एक लाख रुपये आवंटित किये हैं। मकसद यह था कि चैत्र नवरात्रि धूम-धाम से मनाई जाए। किसी को कोई तकलीफ न हो। साफ-सफाई के साथ-साथ पवित्रता का भी इस साल विशेष ध्यान रखा जा रहा है।



रांची की बात करें तो यहां शारदीय नवरात्र की तरह तो कोई उमंग नजर नहीं आ रहा है, लेकिन नवरात्र का प्रथम दिन होने-हिंदू नववर्ष होने और 24 को सरहुल के त्योहार के मद्देनजर बाजार में चहल-पहल है। शहर के कई इलाकों में रामनवमी ध्वजा के साथ-साथ सरहुल के झंडे भी दिख रहे हैं। ये झंडे 30 रुपये से लेकर 500 रुपये तक में बिक रहे हैं। एक मीटर वाले झंडे की बेहद डिमांड है।

माहौल में भक्तिभाव है। माता जी की भेंटे गाई जा रही हैं। कहीं लाउडस्पीकर पर माता जी की आरती-भजन सुनाई दे रहे हैं, तो कहीं लोग मंदिर के द्वार पर भजन गा रहे हैं। वातावरण में धूप-अगरबत्ती की खुशबू तैर रही है। लाखों लोगों ने एक या दो वक्त का उपवास रखा है। कई ने कलश स्थापना कर रखी है। कई ने अपने दफ्तर से अवकाश ले रखा है। कई दफ्तर में भी भक्तिपूर्ण भजन सुनने में मस्त हैं। वो काम भी कर रहे हैं और भजन भी सुन रहे हैं। बाजार का रिस्पांस भी ठीक-ठाक है। पूजन सामग्री बेचने वाले फुर्सत में नहीं हैं।

# सेना के सभी रैंकों को बाजरे का भोजन

**उत्तरी सीमाओं पर तैनात सैनिकों को बाजरे के स्नैक्स**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय सेना के राशन में अब एक नया और पौष्टिक भोजन शामिल किया गया है। सेना को परोसे जाने वाला यह भोजन 'बाजरा' है। बाजरा अब भारतीय सेना के सभी रैंकों के दैनिक भोजन का एक अभिन्न हिस्सा होगा। सेना के मुताबिक खासतौर पर भारत की उत्तरी सीमाओं पर तैनात सैनिकों के लिए मूल्यवर्धित बाजरा वस्तुओं और स्नैक्स को पेश करने पर विशेष जोर दिया गया है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित करने के आलोक में बाजरा की खपत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, भारतीय सेना ने सैनिकों के राशन में बाजरा के आटे की शुरुआत की है। यह ऐतिहासिक निर्णय यह सुनिश्चित करेगा कि सैनिकों को आधी शताब्दी के बाद देसी और पारंपरिक अनाज की आपूर्ति की जाए। भारतीय रक्षा मंत्रालय के मुताबिक सेना को बाजरे से बना भोजन दिया जाता था लेकिन लगभग 50 वर्ष पहले गेहूं के आटे की सप्लाई शुरू की गई और बाजरा बंद कर दिया गया था। भारतीय सेना का भी मानना है कि सिद्ध स्वास्थ्य लाभों के साथ पारंपरिक बाजरा खाद्य पदार्थ और हमारी भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल जीवन शैली की बीमारियों को कम करने और सैनिकों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# चैत्र नवरात्र शुरू, श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय सहित आंचलिक क्षेत्रों में बुधवार को कलश स्थापना के साथ गोपाल पाठक व धर्मराज पांडेय व अन्य आचार्यों के द्वारा शारदीय एवं चैत्र नवरात्र का पर्व शुरू हो गई। चैत्र शुक्ल पक्ष नव वर्ष प्रतिपदा को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। विभिन्न अखाड़ा समिति की ओर से हुसैनाबाद शहर में झंडों एवं पताका से पूरा शहर को पाट दिया गया है। इस मौके पर आरएसएस के जिला संघ चालक दिनेश कश्यप ने कहा कि नौ दिनों के इस पूजन से श्रद्धालुओं की सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर चलने से ही श्रद्धालुओं को सच्ची भक्ति का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। वहीं हुसैनाबाद शहर में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की ओर से जुलूस निकाला गया, जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए अंबेडकर चौक, जयप्रकाश चौक, गांधी चौक, पटेल चौक होते हुए भ्रमण किया। संस्था की ओर से भगवान राम, हनुमान, सीता, राधा सहित अन्य देवी देवताओं के झांकी भी निकाला गया। महावीर जी मंदिर में नवाह्न पाठ का पहला दिन बुधवार से शुरू की गई । इस मौके पर मुख्य रूप से वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल, मिंटू अग्रवाल, श्रवण कुमार, कमख्या सिंह, राकेश तिवारी, सुबोध कश्यप, पंकज गुप्ता, संजय सोनी, डॉ. मलय राय, सुरज गुप्ता, शंकर प्रसाद, कल्लू ठाकुर, उत्तम कुमार के अलावा कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# जान जोखिम में डाल परीक्षा देने जाने को मजबूर हैं परीक्षार्थी

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी।** इन दिनों राज्य भर में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा चल रही है, ज्यादतर परीक्षार्थी अपने सेंटर पर जाने के लिए किराये का टेम्पू जीप व कमांडर का उपयोग करते हैं। जिसका फायदा उठा कर जीप कमांडर व टेम्पू संचालक ओवर लोड कर परिक्षार्थियों को सफर करा रहे है। जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसा ही मामला जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र का भी है। यह तस्वीर बुधवार की सुबह करीब 8:30 की है। इस क्षेत्र की लगभग ज्यादतर जीप कमांडर की स्थिति जर्जर है । फिर भी जीप संचालक परिक्षार्थियों को ओवर लोड कर तेज रफ्तार से सफर करा रहे है। इस ओर ना तो अभिवावक का कोई ध्यान है और ना ही प्रशासन का।



वाहन संचालक अपने निजी फायदे के लिए आठ दस लोगों की सीट पर बीस लोगों को बैठाते है। फिर अपने पूरी रफ्तार से चलते हैं। प्रशासन की उदासीनता कहें या फिर विफलता जो कुछ भी हो अगर कोई घटना होती है तो इसका जिमेदार कौन होगा?

## NEWS इन ब्रीफ

### बीडीओ ने किया डीजल पंप का वितरण

**हरिहरगंज।** प्रखंड परिसर में बुधवार को डीजल पंप सेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हरिहरगंज के 35 लाभुक किसानों को 90% अनुदान पर सिंचाई डीजल पंप सेट दिया गया। सादे समारोह में बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने किसानों के बीच पंपसेट वितरण करते हुए कहा कि पंपसेट से किसानों को खेती करने में काफी सहूलियत प्रदान होगी। समारोह का आयोजन भूमि संरक्षण विभाग के तहत किया गया। इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, जीप प्रतिनिधि राजेश राम, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, मुखिया प्रतिनिधि अनिल सिंह, रामप्रवेश यादव के अलावे किसान सहदेव यादव, विजय यादव, चंदन कुमार, रामचंद्र यादव, दरोगी यादव सहित कई किसान मौजूद थें।

### विद्यार्थियों को दंडाधिकारी ने लगाई फटकार

**विश्रामपुर।** प्लस टू जनता हाई स्कूल में मंगलवार को आयोजित मैट्रिक व इंटर की हो रही परीक्षा केंद्रों का दंडाधिकारी बैजनाथ राम ने औचक निरीक्षण किया। जिसमें श्रीराम ने परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों के समक्ष जाकर उनसे कदाचार मुक्त परीक्षा लिखने का निर्देश दिया। वहीं स्मार्ट घड़ी व फोन को लेकर परीक्षा केंद्र पर आए विद्यार्थियों को कड़ी फटकार लगाते हुए उनके घड़ी व फोन को सीज कर केंद्र से बाहर रख कर आने का निर्देश दिया। मौके पर प्रिंस्पल डॉक्टर भोला राय,शिक्षक अरुण कुमार सिंह,राजकुमार चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

### आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**हरिहरगंज ।** फोरलेन निर्माण में लगे 33 केवीए फीडर में लाइन शिफ्टिंग किया जाना है। जिस कारण गुरुवार को सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसकी जानकारी विद्युत विभाग के कनीय अभियंता कूलदीप यादव ने दी।

### बीआरसी की बैठक संपन्न

**मोहम्मदगंज।** सरकारी प्राइमरी स्कूलों (1-5) के सहायक अध्यापकों के प्रशासनिक व अनुशासनिक प्राधिकार अब पंचायतों के अधीन होगा। पंचायत स्तरीय प्राधिकार के गठन को लेकर बुधवार को बीआरसी में बैठक हुई।

# विधायक ने सीओ के खिलाफ सदन में उठाया मामला

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के अंचल पदाधिकारी नंद कुमार राम के खिलाफ सदन से जांच कराने की मांग पर मंत्री जोबा मांझी ने बुधवार को सदन में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत किया। विधायक कमलेश कुमार सिंह जांच रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र देकर कहा है कि हुसैनाबाद के एसडीओ की जांच रिपोर्ट और सदन में मंत्री के द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में विरोधाभास है। उन्होंने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी की जांच रिपोर्ट की कॉपी भी विधानसभा अध्यक्ष को उपलब्ध करा दिया है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि गत 2 मार्च को ध्यानाकर्षण सूचना पर मंत्री जोबा मांझी ने कहा था कि पलामू जिले के हुसैनाबाद अंचल के अंचलाधिकारी नंद कुमार राम अगर जांच में दोषी पाये गये तो चलते सत्र के दौरान उनपर कार्रवाई हो जायेगी। कमलेश कुमार सिंह ने सदन को सूचित किया कि हुसैनाबाद के अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने 4 एकड़ 63 डिसमिल जमीन की रसीद वित्तीय वर्ष 1956-57 से लेकर वर्ष 2021-22 तक का कुल लगान 46 हजार 893 रुपये का जारी कर दिया है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर मंत्री द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट से असंतोष जाहिर किया है। उन्होंने मंत्री की रिपोर्ट और एसडीओ की जांच रिपोर्ट में विरोधाभास होने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि इस तरह सदन की गरिमा धूमिल होती है। जब राज्य के सर्वोच्च पंचायत में माननीय सदस्यों को भ्रमित किया जायेगा। तो कोई किसपर विश्वास करेगा। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से एसडीओ की जांच रिपोर्ट और सरकार के बयान की खुद जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

### अनियंत्रित हाइवा घूसा घर में कोई हताहत नहीं

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के भगत तेंदुआ एनएच 98 किनारे स्थित बिरेन्द्र शर्मा तथा बुटमल साव के घर में अनियंत्रित हाइवा टेलर घूस गई। यह घटना बुधवार की सुबह की है। जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग जुट गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उक्त हाइवा टेलर जेएच 05 ए 9096 हरिहरगंज की ओर से आ रही थी। ओवरटेक करने के दौरान उक्त हाइवा टेलर अनियंत्रित होकर सड़क के दाहिनी ओर स्थित उक्त दोनों मकान में घूस क्षतिग्रस्त कर दिया। घर के क्षतिग्रस्त हो जाने से हजारों का नुकसान हो गया। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। जबकि बिरेन्द्र शर्मा के घर दो दर्जन बच्चे ट्यूशन पढ़ रहे थे। इस घटना में वे सभी बाल-बाल बच गये। सूचना पाकर हरिहरगंज थाना के एसआई निर्भय कुमार, एएसआई संजय कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंच जायजा लिया।

# एसडीओ ने किया आदेश जारी अनुमंडल क्षेत्र में धारा 144 लागू

**डीजे बजने से छात्र-छात्राओं के परीक्षा की तैयारी पर पड़ सकता है प्रतिकुल असर**

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** रामनवमी पर्व निर्धारित तिथि को मनाये जाने के पूर्व मंगलवार को विभिन्न अखाड़ों द्वारा मंगलवारी जुलूस निकाला जाता है। रामनवमी का मुख्य जुलूस 29 व 30 मार्च 2023 को निकाला जाना सम्भावित है। जो रात्रि में भी अनवरत चलता है। जुलूस मुख्य मार्ग तथा संवेदनशील क्षेत्रों से गुजरता है। जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल रहते है। साथ ही हुसैनाबाद अनुमंडल अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों में झारखंड वार्षिक माध्यमिक वार्षिक परीक्षा एवं झारखंड इंटरमीडिएट परीक्षा 14 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है। यह परीक्षा 05 अप्रैल 2023 तक संचालित करायी जा रही है। विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर काफी संख्या में छात्र- छात्राओं द्वारा परीक्षा की तैयारी की जा रही है। डीजे बजने से छात्र-छात्राओं के परीक्षा की तैयारी पर प्रतिकुल असर पड़ने की प्रबल संभावना है। इस अवसर पर विभिन्न अखाड़ों के द्वारा डीजे को जुलूस में शामिल किये जाने की सूचना प्राप्त हो रही है। रामनवमी व रमजान मौके पर शरारती तत्वों के द्वारा अफवाह फैलाने के कारण साम्प्रदायिक तनाव होने की संभावना से इंकार नहीं किया सकता है। इसे देखते हुए परिशांति भंग न हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए दप्रस. की धारा अनुमंडल हुसैनाबाद से कार्रवाई अपेक्षित है। इसके मद्देनजर रामनवमी/ रमजान के मौके पर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था कायम रखने के दृष्टिकोण से कमलेश्वर नारायण अनुमंडल दण्डाधिकारी हुसैनाबाद ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पूरे अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। चूंकि नोटिस सभी संबंधित व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से तामिला करवाना संभव नहीं है। फलस्वरूप एकतरफा आदेश पारित किया गया है। कहा गया है कि इसे लागू करने की जिम्मवारी सभी थाना प्रभारी को होगी। इसे व्यापक रूप से प्रसारित कराने के लिए प्रेस विज्ञप्ति निकाला जाएं। यह निषेधाज्ञा आदेश अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करने का आदेश दिया गया है।

**प्रयोजन** — शिक्षित महिलाओं से ही संभव है समाज में बदलाव

# नप परिसर में कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**बिश्रामपुर ।** नगर परिषद कार्यालय के सभागार में सहायक नगर आयुक्त मो0 परवेज की अध्यक्षता में नयी चेतना- पहल बदलाव की। तथा स्वच्छोत्सव-2023 अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति हो रहे घरेलू हिंसा, समाजिक प्रताड़ना,यौन उत्पीड़न जैसे बुराईयो को खत्म करना व स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन सहायक नगर आयुक्त मो0 परवेज, बीडीओ प्रशांत हेम्ब्रम, चिकित्सा प्रभारी डॉ0 लीली स्टेला पूर्ति, पलामू बार कॉसिंल की पूर्व अध्यक्ष वीणा मिश्र, जेएसएलपीएस के जिला




प्रतिनिधि आशीष शुक्ल व विधायक प्रतिनिधि राजन पाण्डेय ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रजवल्लित कर किया। सहायक नगर आयुक्त मो0 परवेज ने महिलाओं के शिक्षा की महता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक शिक्षित महिला ही अपने परिवार के साथ साथ समाज तथा पूरे राष्ट्र को शिक्षित करने में सक्षम है। शिक्षित महिलाओं के दम पर ही समाज व राष्ट्र में व्यापक बदलाव संभव है। बीडीओ प्रशांत हेम्ब्रम ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के बिना विकसित समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती। डॉ लीली स्टेला पूर्ति नें महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। वीणा मिश्रा ने महिलाओं के प्रति हो रहे अत्याचारों के विरूद्ध आवाज उठाने को प्रेरित किया। आशीष शुक्ल ने महिलाओं के कल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का प्रबंधन नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम व प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से किया। जबकि संचालन जितेन्द्र कुमार सिंह ने किया। मौके पर एनयूएलएम के सीआरपी इंदु देवी, रेखा देवी, ज्योति देवी, वंदना देवी, नीरा देवी, रूखसार परवीन, जेई विभूति भूषण,अजित टूडू, अभय राजहंस, मुकेश कुमार, 'सुपरवाईजर दीपक कुमार, राजेश कुमार, सुमित कुमार, मुबारक अंसारी,कंप्यूटर ऑपरेटर सुबोध केशरी, रवि चौधरी, रमेश कुमार, जितेंद्र बहेलिया सहित कई लोग मौजूद थे।

# महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भजनियां में चतुर्थ श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ को लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु नर-नारी शामिल थे। यात्रा शिवमंदिर प्रांगण से शुरू होकर देवीधाम, मुख्य पथ व पासी मोड़ से होते हुए कोयल-काशीसोत संगम पर पहुंची। जहां से मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भर उसे श्रद्धालुओं ने वापस शिवमंदिर प्रांगण में पहुंचकर स्थापित किया। यात्रा में मुख्य रूप से आयोजन समिति के अध्यक्ष बिपिन बिहारी सिंह मंटू के अलावा, कामेश्वर सिंह, मनोज कुमार सिंह, सीबी रमन सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, जय सिंह, कामता मेहता,रामवचन प्रसाद,अखिलेश मेहता, अरुण गुप्ता, रामबालक गुप्ता, इंतलेश सिंह, रामरेखा मेहता,राजन सिंह, पप्पू प्रजापति, विश्वनाथ चौधरी,लल्लू विश्वकर्मा, कृष्णा सिंह,अशोक सिंह,सुदर्शन शर्मा,रामनाथ रजवार, शंकर बृजनारायण सिंह व जवाहर पासवान सहित अन्य कई लोगों ने अगुवाई की। बताया गया कि यज्ञाचार्य दयाशंकर तिवारी होंगे। पूजापाठ पंडित सुरेश पाठक कराएंगे। जबकि कथावाचन पं. आनंद स्वरूप व बालकृष्ण गणेशदत्त शास्त्री (उज्जैन, मध्यप्रदेश) करेंगे।

# हिंदी नव वर्ष पर छात्रों ने निकाली शोभा यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** सतगांवा रोड़ स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्रों ने बुधवार को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को विक्रम संवत 2080 नव वर्ष के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली। इस दौरान विद्यालय के भैया-बहनें व आचार्य नगर भ्रमण में शामिल थे। नगर भ्रमण विद्यालय से शुरू होकर पूरे नगर पंचायत का भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय पहुंच कर समाप्त हुयी। प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद ने कहा कि नवरात्र का आरंभ और शक्ति की आराधना और महर्षि दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना इसी दिन की गयी थी। नगर भ्रमण के दौरान पुरानी बस स्टैंड में हरिहरगंज पूर्वी मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा ने छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को पानी के बोतल, बिस्किट व मैंगो फ्रूटी देकर जलपान कराया। संतोष होटल के सामने एनएच 98 तथा झंडा चौक पर लड्डू , बिस्किट पानी का व्यवस्था छात्रों व शिक्षकों के लिए की गयी थी। पदयात्रा के दौरान बाजार क्षेत्र में छात्रों पर फूलों की बारिश की गयी। मौके पर प्राध्यानाप्राचार्य विजयेंद्र प्रसाद, मोहन ठाकुर, नीलिमा मेहता, संजय सिंह के अलावे विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा, वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष भोला गुप्ता, शिक्षक शिवनंदन यादव उर्फ शिव गुरुजी, रामवृक्ष मस्ताना, अजय सिंह, मो असलम, आबिद उर्फ मुन्ना, रविंद्र मेहता, जितेंद्र मेहता आदि मौजूद थे।

## खोया-पाया

मैं, अकाश कुमार दूबे, पिता अरुण कुमार दूबे, ग्राम चनेया, पो.-बसना, थाना- नावाबाजार, जिला-पलामू (झारखंड) का निवासी हूं। शपथ पूर्वक एकरार करता हूं कि मैं आई ई.सी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी ग्रेटर नोयडा दिल्ली एनसीआर में (बी. टेक सीविल) का विद्यार्थी हूं। मेरा रौल नं. 1309000803 है। मैं दिनांक 10/03/2023 को अपने अंक प्रमाण पत्र का फोटो कॉपी कराने के लिए अपने घर से विश्रामपुर गया था। जो कि फोटो कॉपी करा कर घर लौटने के क्रम में कहीं रास्ते में गिर गया। जिसे काफी खोज-बिन करने के बाद भी नहीं मिला। अगर किसी को मेरा अंक प्रमाण मिले तो मेरा मो. नं. 7011609096 पर संपर्क कर देने के कष्ट करेंगे।

**शपथ संख्या : 62 / 2745 दिनांक : 15/03/2023**

## कार्यालयः जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू

नया समाहरणालय परिसर, ब्लॉक–C मेदिनीनगर, पलामू (झारखण्ड) 822101 Email – deo.palamu@gmail.com

### अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (माध्यमिक शिक्षा निदेशालय), राँची के पत्रांक–12/यो1–06/2022(खण्ड)(SO/64)–1724 दिनांक–30.11.2022 के कंडिका–5 के अनुसार पुस्तकालय में पुस्तक का क्रय किया जाना है। उक्त के आलोक में संलग्न सूची के पुस्तक आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदादाता/आपूर्तिकर्त्ता से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| I. | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 29.03.2023 को 02 बजे तक |
| II. | निविदा जमा करने का स्थान | :– | कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू समाहरणालय परिसर, ब्लॉक 'सी0', मेदिनीनगर, पलामू |
| III. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक–29.03.2023 को 04:00 बजे |
| IV. | निविदा खोलने का स्थान | :– | उपायुक्त, पलामू के कार्यालय वेश्म। |

नोटः– निविदा संबंधित शर्ते एवं पुस्तकों की सूची जिला के अधिकारिक वेबसाईट Palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR 293336 District(22-23)#D

जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू

## कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)

Email: - nphussainabad@gmail.com

### अति अल्पकालिन सैरात बंदोबस्ती डाक की आम सूचना 02/2022–23. (3rd call)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्रान्तर्गत नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क वसूली हेतु उच्चतम डाकवक्ता के माध्यम से एक वर्ष के लिए बन्दोवस्त की जायगी। डाक की विवरणी निम्नरूपेण है :–

| क्र0 | डाक की विवरणी | डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि डाक की न्यूनतम राशि का 10 प्रतिशत आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है। | डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय | डाक खोलने की तिथि एवं समय | बन्दोबस्त में भाग लेने के लिए आवेदन शुल्क जो वापस नहीं किया जायेगा। | निर्धारित वसूली दर 24 घंटा के लिए |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क (नगर पंचायत हुसैनाबाद का संपूर्ण क्षेत्र) | 770000 (सात लाख सत्तर हजार रूपए मात्र) | 77000 (सतहत्तर हजार रूपए मात्र) | दिनांक–28.03.2023, समय: पूर्वाहन 11:00बजे से पूर्वाहन 11:30 बजे तक। | दिनांक–28.03.2023, समय: पूर्वाहन 11:30 बजे से स्थान: थाना परिसर हुसैनाबाद | 5000 (पाँच हजार रुपये) | 1. तीन चक्का वाहन – 20 रु 2. कमांडर – 30 रु 3. ट्रेक्टर –30 रू0 4. चार चक्का (407/pick up, आदि के लिए–40 रू0 5. 6 से 10 चक्का तक वाहन के लिए –100 रू0 6. 10 चक्का से अधिक वाहन के लिए–200 रू0 |

डाकवक्ता के लिए अन्य शर्त्त नोटिस बोर्ड पर किसी कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

PR293303 (District)22-23*D

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हुसैनाबाद

## जिला समादेष्टा, का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, लोहरदगा

### सूचना

उपायुक्त महोदय, लोहरदगा के आदेशानुसार गृह रक्षकों के नव–नामांकन हेतु सफल उम्मीदवारों का मूल प्रमाण पत्र की जाँच एवं बॉण्ड फॉर्म "अ" (चिकित्सीय जाँच) तथा फॉर्म "ग" (चरित्र सत्यापन) जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पुराना पुलिस केन्द्र लोहरदगा में समय 10:30 बजे से भरा जायेगा, जिसकी तिथि निम्न प्रकार है :–

1. दिनांक–03.04.2023 को कुडू एवं किस्को प्रखण्ड के सभी पुरूष एवं महिला उम्मीदवार।
2. दिनांक–05.04.2023 को पेशरार प्रखण्ड के सभी पुरूष एवं महिला उम्मीदवार।
3. दिनांक–06.04.2023 को भण्डरा एवं सेन्हा प्रखण्ड के सभी पुरूष एवं महिला उम्मीदवार।
4. दिनांक–08.04.2023 को कैरो प्रखण्ड के सभी पुरूष एवं महिला उम्मीदवार।
5. दिनांक–10.04.2023 को लोहरदगा प्रखण्ड (ग्रामीण) तथा शहरी तकनीकी दक्ष एवं गैर तकनीकी सभी पुरूष एवं महिला उम्मीदवार।

सफल उम्मीदवारों को बॉण्ड फॉर्म "अ" (चिकित्सीय जाँच) तथा फॉर्म "ग" (चरित्र सत्यापन) भरना अनिवार्य है। चिकित्सीय जाँच एवं चरित्र सत्यापन तथा सभी कागजात सही पाये जाने पर ही उम्मीदवारों को नव–नामांकन के लिए योग्य माना जायेगा। मूल कागजात में किसी भी प्रकार का त्रुटि पाये जाने पर उम्मीदवारा को नव–नामांकन के लिए अयोग्य माना जायेगा।

जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, लोहरदगा

PR 293298 Lohardaga (22-23)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा

सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114 Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

### प्रथम शुद्धि–पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-26/2022–23, दिनांक–**15.02.2023** द्वारा Extension of Distribution pipeline 100mm dia, Construction of 340 Nos House Connection and 02 year Operation Expenditure and maintenance of **Pachparwa, Rural Pipe Water Supply Scheme** कार्य जो **PR No. 290508** द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से प्राक्कलित राशि, तिथि एवं समय में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित कर प्रकाशित |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 60,09,492.00 | 60,09,493.00 |
| 2 | अग्रधन की राशि (रू0 में) | 1,21,000.00 | —— वही —— |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य(रू0 में) | 10,000.00 | —— वही —— |
| 4 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 23.02.2023 / 12:30 बजे अपराह्न में | 22.03.2023 / 12:30 बजे अपराह्न में |
| 5 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 02.03.2023 को 05.00 बजे अपराह्न तक | 28.03.2023 को 05.00 बजे अपराह्न से |
| 6 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की तिथि एवं समय | 03.03.2023 को 10.30 बजे 05:00 बजे अपराह्न तक 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा 2. अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर। | 29.03.2023 को 10.30 बजे 05:00 बजे अपराह्न तक 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा 2. अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर। |
| 7 | निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | 04.03.2023 को 04.00 बजे अपराह्न में | 31.03.2023 को 05.00 बजे अपराह्न तक |

नोट – (i) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।
(iii) विशेष जानकारी हेतु कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR.NO.293377 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

## NEWS इन ब्रीफ

### विद्यार्थियों को परामर्श की जरूरत है : अविनाश

**मेदिनीनगर।** दसवीं बोर्ड पास करने के बाद उनके सामने एक गहरा संकट छाया रहता है कि किधर जायें। इस उहापोह की स्थिति में विद्यार्थी जीवन के चैराहे पर निर्णय नहीं कर पाते हैं। ऐसी हालत में उन्हें मार्गदर्शन व परामर्श की जरूरत होती है । ताकि जिंदगी की गाड़ी साफ सड़कों पर सरपट दौड़ सके। इसे आम बोलचाल की भाषा मे जीवनवृत्ति हेतु परामर्श या कैरियर काउंसिलिंग कहते हैं। उन्होंने परीक्षा के अंतिम दिन बुधवार को बोर्ड परीक्षार्थियों के साथ जेएमपी कॉम्प्लेक्स में कैरियर काउंसलिंग की बैठक की। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अस्पताल पार्किंग का टेंडर राहुल के नाम

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल के गोलघर में बुधवार को पार्किंग का टेंडर किया गया। पार्किंग टेंडर का नेतृत्व अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह ने की। बताते चलें कि सदर अस्पताल में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने की वजह से पूरा अस्पताल अस्त व्यस्त रहता था। लोग जहां-तहां अपना वाहन खड़ा कर इलाज कराने को मजबूर रहते थे। इसी के मद्देनजर अस्पताल प्रशासन के द्वारा पार्किंग का टेंडर निकाला गया जो बुधवार को पूर्ण किया गया। पार्किंग टेंडर में लगभग 8 लोगों ने भाग लिया । शुरूआती में पार्किंग टेंडर की बोली 2 लाख से शुरु हुई। यह बोली 14 राउंड तक बोली गई। जिसमें अंतिम बोली 371152 पर समाप्त की गई। टेंडर राहुल भगत के नाम पर किया गया। पार्किंग का टेंडर सफल होने के पश्चात राहुल के साथ आए अन्य लोगों ने राहुल को माला पहना कर उनका स्वागत किया। बताते चलें कि राहुल भगत पहले भी अस्पताल का टेंडर ले चुके हैं, उन्हें अस्पताल में पार्किंग की देखरेख करने का पहले भी अनुभव रह चुका है।

### ओबीसी आरक्षण तय करने के बाद ही नगर निकाय चुनाव हो : मोर्चा

**मेदिनीनगर।** राज्य मंत्री परिषद की बैठक में राज्य में ओबीसी आरक्षण तय करने के बाद ही नगर निकाय चुनाव करने का फैसला लिया गया है। इसका राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने स्वागत किया है। लेकिन यह कदम देर से उठाया गया। राज्य सरकार अगर गंभीर होती तो पंचायत चुनाव में भी ओबीसी का आरक्षण अवश्य प्राप्त होता । ये जानकारी राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने कई आंदोलन करके नगर निकाय और पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई पूरा करने की मांग की थी तथा झारखंड हाई कोर्ट में भी अर्जी लगाई थी । गुप्ता ने राज्य में 55% आबादी वाले ओबीसी समुदाय को जिला स्तरीय रोस्टर में 14 परसेंट आरक्षण दिए जाने पर चिंता व्यक्त किया। जबकि राज्य में आर्थिक रूप से कमजोर जातियों की जनसंख्या 10% भी नहीं है। फिर भी उन्हें जिला स्तरीय रोस्टर में 10% आरक्षण कैबिनेट से पास कर दी गई। सरकार से अपील है कि ओबीसी समुदाय को यथाशीघ्र उनकी जनसंख्या अनुपात में 55% आरक्षण जिला स्तरीय रोस्टर में दिए जाने की नीति लागू करे।

# आरएसएस ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का संचालन किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सतबरवा इकाई द्वारा बुधवार को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा सह पद संचलन कार्यक्रम जिला कार्यवाहक सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में किया गया। पथ संचलन कार्यक्रम प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर मेलाटाड ,पुराना बस स्टैंड ,रामघाट ,महावीर चौक ,मस्जिद मोहल्ला ,काली मंदिर बाजार प्रांगण, होते पुनःअपने गंतब्य स्थल पहुंचा। पथ संचलन के उपरांत बौद्धिक कार्यक्रम किया गया। मौके पर सह जिला संघ चालक पलामू सुभाष प्रसाद, प्रखंड कार्यवाहक धर्मेंद्र कुमार, प्रखंड शाह कार्यवाहक अरुण प्रसाद ,खंड़ शारीरिक प्रमुख नीरज कुमार ,सहित 60 गणवेश धारी एवं लगभग सौ की संख्या में स्वयंसेवक कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# आज पलामू में मनेगा शहीद-ए-आजम की दिवस

### कौन थे भगत सिंह, राज गुरु व सुखदेव

भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर 1907 को हुआ था और 23 मार्च 1931 को शाम 7.23 बजे उन्हें फांसी दे दी गई थी। सुखदेव का जन्म 15 मई, 1907 को पंजाब को लायलपुर में हुआ था। राजगुरु का जन्म 24 अगस्त, 1908 को पुणे जिले के खेड़ा में हुआ था। शिवाजी की छापामार शैली के प्रशंसक राजगुरु ,लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के विचारों से भी प्रभावित थे।




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में देश के आजादी के लिए अपना सर्वस्व निछावर करने वाले वीर सपूत शहीद ए आजम भगत सिंह ,राजगुरु और सुखदेव को पलामू में शुक्रवार को याद किया जायेगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। स्थानीय सदर अस्पताल चौक पर स्थित भगत सिंह की प्रतिमा को सुंदर और आकर्षक ढंग से सजाया गया है । जहां पर कई सामाजिक संगठनों के साथ साथ शहर के नागरिक भी भगत सिंह को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता आंदोलन में कई वीर सपूतों ने देश के लिए बलिदान दे दिया था। अपनी जान को हंसते-हंसते कुर्बान कर देने वाले वीर सूपतों को हर वर्ष किसी न किसी अवसर पर जरूर याद किया जाता है। लेकिन हर वर्ष 23 मार्च का दिन शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। हर वर्ष 23 मार्च को शहीद दिवस मनाकर भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को याद किया जाता है और उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है। भगतसिंह ने अपने अति संक्षिप्त जीवन में वैचारिक क्रांति की जो मशाल जलाई, उससे आज भी कई युवा प्रभावित होते **हैं।**

**आदमी को मारा जा सकता है विचारों को नही :** तत्कालीन अंग्रेज सरकार के कान खोलने के लिए भगत सिंह ने जो बम फेंका था। उस बम के साथ कुछ पर्चे भी फेंके गए थे। जिसमें लिखा हुआ था कि आदमी को मारा जा सकता है, उसके विचार को नहीं। बड़े साम्राज्यों का पतन हो जाता है । लेकिन विचार हमेशा जीवित रहते हैं और बहरे हो चुके लोगों को सुनाने के लिए ऊंची आवाज जरूरी है। भगतसिंह तथा बटुकेश्वर दत्त ने 8 अप्रैल 1929 को केंद्रीय असेम्बली में एक खाली स्थान पर बम फेंका था। उनकी गिरफ्तारी के बाद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव पर एक ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जेपी साण्डर्स की हत्या में शामिल होने के कारण देशद्रोह और हत्या का मुकदमा चलाया गया था।

# कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र शुरू



### चैत्र नवरात्र के अवसर पर मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए लगी रही भीड़

### इस बार चैत्र नवरात्र में सुबह से ही कलश स्थापना का रहा मुहर्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित आस पास के क्षेत्रों में कलश स्थापना के साथ ही चैत्र नवरात्र का पर्व शुरू हो गया। चैत्र नवरात्र जिले में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। बुधवार को देवी के प्रथम रूप माता शैलपुत्री की पूजा श्रद्धालुओं ने किया। चैत्र नवरात्र के अवसर पर मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए भीड़ लगी रही। स्थानीय सप्तमातार मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा किया। वहीं सत्यनारायण मंदिर, माता रानी के मंदिर में कलश स्थापित किया गया। यहां सुबह से ही भजन कीर्तन का दौर जारी रहा। इस बार चैत नवरात्र में सुबह से ही कलश स्थापना का मुहर्त रहा। जिसे देखते हुए सुबह से ही लोगों ने तैयारी शुरू कर दी और समय पर पूजन का कार्य किया। कई घरों में भी भक्तो ने कलश स्थापना कर माता का आवाहन किया। मंदिर को फूलों एवं विद्युत सज्जा कर आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मंदिरों में देर शाम भजन कीर्तन आयोजित हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढचढ़ कर भाग लिया। मां दुर्गा के शैल पुत्री रूप की पूजा श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी किया। इस दौरान कई श्रद्धालु दिन भर का उपवास रखा तो किसी ने फलाहार कर पूजा अर्चना किया। मां दुर्गा को लाल चुनरी एवं नारियल अर्पित करते देखा गया। पूजा अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। भक्तिमय गीत व भजनों से चैत्र नवरात्र को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय एवं उत्साह का माहौल बना हुआ है।

**गर्मी का असर रहा कम :** चैत नवरात में वैसे तो गर्मी का असर रहता ही है। लेकिन इस बार पलामू का तापमान कम रहा। उपवास कर रहे राजकुमार ने बताया कि गर्मी में ज्यादा प्यास लगने के कारण बहुत परेशानी होती है ,लेकिन इस बार गर्मी से बहुत राहत है।

### नव संवत्सर के अवसर पर घरों में लगा ध्वज



पलामू में नव संवत्सर के अवसर पर सनातन परिवारों ने अपने अपने घरों में ध्वज का पूजन किया और ध्वज भी लगाया गया। सुबह में ही सभी ने एक दूसरे को नव संवत्सर की बधाई दी और पूजन का कार्य किया। इस बार अनल संवत्सर का आगमन हो रहा है। जो विक्रम संवत 2080 होगा। इस वर्ष का राजा बुध और मंत्री शुक्र होंगे। नव संवत्सर को लेकर सुबह से ही स्थानीय मंदिर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कोरोना के कारण पिछले तीन सालों में लोगों का उत्साह कम रहा । लेकिन इस वर्ष लोगों मे नव संवत्सर और नवरात्रि को लेकर अधिक उत्साह दिख रहा है। स्थानीय बैनी मंदिरों में नए विक्रमी संवत-2080 का घंटे घड़ियाल बजा कर स्वागत किया गया। नव संवत्सर पर कई मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे। लोगों ने सुबह देवदर्शन कर अपने दिन की शुरूआत की। वहीं घरों में पीले मीठे चावल बना कर संवत को भोग लगाया गया।

### छापामारी कर बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के द्वारा जिले में बाल श्रम की कुप्रथा से मुक्त कराने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया है। टास्क फोर्स के सदस्यों को जिला अंतर्गत होटलों, ढाबों, ईट भट्ठे, मोटर गैराजों आदि में छापामारी करने और वहा कार्यरत बाल श्रमिकों को मुक्त कराने हेतु निर्देश दिया है। उसी के मद्देनजर आज वृहस्पतिवार को श्रम अधीक्षक एतवारी महतो के नेतृत्व में धावा दाल द्वारा शहर के विभिन्न होटलों, ढाबों, ईट भट्ठे, मोटर गैराजों आदि में बाल श्रमिक मुक्त अभियान के तहत छापामारी अभियान चलाया गया। एक मोटर गैराज में छापेमारी कर एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया तथा मोटर गैराज के मालिक के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम (प्रतिषेध एवं विनियमन) 1986 के तहत अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। श्रम अधीक्षक ने बताया कि उपायुक्त द्वारा टास्क फोर्स के सदस्यों को जिले के विभिन्न होटलों, ढाबों, ईट भट्ठे, मोटर गैराजों आदि में छापामारी करने और वहां कार्यरत बाल श्रमिकों को मुक्त कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि डीसी ने टास्क फोर्स सदस्यों को सभी संभावित स्थानों पर लगातार छापामारी करने का भी निर्देश दिया है। जहां बाल श्रमिकों से काम कराने की संभावना है। ऐसे सभी स्थानों को चिन्हित करते हुए वहां औचक छापामारी कर बाल श्रमिकों को मुक्त कराना है। छापामारी दल में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार, चाइल्डलाइन की सदस्य विनीता कुमारी सहित सभी श्रम अधीक्षक के कर्मचारी इस अभियान में शामिल थे।

### समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ रवाना

**मेदिनीनगर।** जल जीवन मिशन के तहत बुधवार को समाहरणालय के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पेयजल के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने को लेकर उपायुक्त ने किशनपुर व रेवारातू के मुखिया व रेवारातू के जल सहिया को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं उपायुक्त ने सभी को जल शपथ के माध्यम से पानी बचाने को लेकर शपथ दिलवाया। इस अवसर पर उपायुक्त आंनजनेयुलू दोड्डे ने कहा कि जल है तो कल है इसे हम सभी को बड़े गंभीरता से समझने की आवश्यकता है । खासकर पलामू जैसे जिले के लिये तो यह विषय और भी गंभीर हो जाता है। यह एक सुखाड़ ग्रस्त इलाका है । ऐसे में हम सभी को जल संचयन के ऊपर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। वहीं उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि आज के दिन को पूरे विश्व में जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी से इस दिन के महत्व को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में हम सभी को सामूहिक रुप से जल बचाने के ऊपर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी यह जानते हैं कि जल जीवन के लिए आवश्यक है। यह हमारे जीवन तंत्र की नींव है और सभी जीवित चीजों का स्रोत है। पानी के बिना,जैसा कि हम जानते हैं कि धरती पर जीवन का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। अतः उन्होंने सभी से जल को बचाने की अपील की। मौके पर उपरोक्त के अलावे सिविल सर्जन, जल जीवन मिशन के धर्मेंद्र दुबे,कई मुखिया समेत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### विहंगम योग संस्थान ने निकाली स्वर्वेद यात्रा

**मेदिनीनगर।** भारतीय नववर्ष के अवसर पर विहंगम योग संस्थान की मेदिनीनगर शाखा के द्वारा शहर के स्टेशन रोड स्थित बबलू पाठक के आवासीय परिसर से बुधवार को स्वर्वेद यात्रा निकाली गई। संस्थान के झारखंड प्रदेश महामंत्री ललित कुमार सिंह ने स्वर्वेद यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्व की समस्त समस्याओं एवं विसंगतियों का समूल नाश अध्यात्मविद्या से ही सम्भव है। विहंगम योग मानव कल्याण एवं विश्व में शांति की स्थापना के उद्देश्य को लेकर ब्रह्मविद्या का प्रचार प्रसार कर रही है। आज संपूर्ण विश्व अशांत एवं भयक्रांत है। ऐसी स्थिति में ब्रह्मविद्या एवं स्वर्वेद के सिद्धांत को अपनाने की आवश्यकता है। इस महान सद्ग्रन्थ की रचना सदगुरु भगवान ने हिमालय स्थित अपने शून्य शिखर आश्रम की कन्दरा में किया है। स्वर्वेद ब्रह्मविद्या विहंगम योग का सिद्धान्त ग्रन्थ हैं। इस ग्रन्थ के माध्यम से ही अध्यात्म का वास्तविक स्वरूप जनमानस के समक्ष प्रकट होगा। स्वर्वेद यात्रा शहर के छह मुहान, शहीद भगत सिंह चौक,कन्नी राम चौक,आढ़त रोड,जिला स्कूल चौक,सुभाष चौक, बेलवाटिका चौक,रेलवे स्टेशन रोड होते हुए वापस हुआ। शोभायात्रा में शामिल भक्त जन अपने हाथ में अ अंकित श्वेत ध्वजा लेकर चल रहे थे और स्वर्वेद की ऋचाए वातावरण में गूंज रही थी। इसे सफल बनाने में रविंद्र श्रीवास्तव,नंदलाल पासवान, भानु प्रताप देव,राजेंद्र प्रसाद अरोड़ा,राकेश पाठक,गीता प्रसाद,सविता पाठक,रेणु सिंह,योगमाया तिवारी,शांति पांडेय,सतरूपा, बेबी सिंह,रंजना,मीरा सिंह, विशुनदेव मेहता,प्रमोद तिवारी,शंभू कुमार,सत्यम, शिवम,किशोर पासवान,अनिल सोनी,रवि , पप्पू सहित काफी संख्या में भक्तजन शामिल थे।

# डीसी ने पीएम आवास योजना की प्रगति समीक्षा की



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रगति समीक्षा की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने लक्ष्य के विरुद्ध लंबित आवासों की जानकारी ली । इसपर डीडीसी ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत कुल 159882 आवासों का निर्माण कराया जाना है । जिसके विरुद्ध अबतक 140099 आवासों को पूर्ण कर लिया गया है । वहीं 19783 आवास लंबित हैं। इन लंबित आवासों को समय रहते कैसे पूर्ण किया जाये । इस संबंध में उपायुक्त ने बीडीओ, एसडीओ व ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के संग गहन समीक्षा की।

**लंबित आवासों को ससमय पूर्ण कराने को लेकर पदाधिकारियों को सौंपा टास्क :** बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे लंबित आवासों के कारणों से अवगत हुए । उन्हें बताया गया कि कहीं जमीन विवाद,कहीं लाभुक का पलायन कर जाना तो कहीं तय मानक से बड़े आकर का घर निर्माण करना आवासों के लंबित होने की मुख्य वजह है। इस पर उपायुक्त ने जिले में लंबित सभी आवासों को पूर्ण कराने हेतु अलग-अलग अधिकारियों को टास्क सौंपा है। उन्होंने वरीय अधिकारियों को ब्लॉक जाकर संबंधित बीडीओ व लाभुक के साथ बैठकर आवासों के पूर्णता पर बल दिया। उन्होंने इसमें जो आवास लैंड डिस्प्यूट के कारण लंबित हैं । उन्हें प्राथमिकता देने की बात कही। लंबित आवासों को पूर्ण कराने को लेकर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, तीनों एसडीओ, डीआरडीए डायरेक्टर प्रीति किस्कू, सहायक समाहर्ता को अलग-अलग प्रखंडों की जिम्मेवारी सौंपी गयी है । वहीं पांकी का दौरा स्वयं उपायुक्त करेंगे। ज्ञातव्य है कि पांकी प्रखंड में सबसे अधिक आवास लंबित है।

**15 दिनों के भीतर दूसरी किस्त भुगतान करने के निर्देश :** समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को 4 हजार से अधिक लाभुकों को आगामी 15 दिनों के भीतर दूसरी किस्त भुगतान करने के निर्देश दिया। इन लाभुकों द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया है साथ ही विंडो लेवल तक निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने सभी प्रखंड समन्वयक को शत प्रतिशत आधार सीडिंग पर बल दिया।

### छात्रा बाइक से गिरकर घायल

**मेदिनीनगर।** बाइक दुर्घटना में दो छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गयी। जानकारी के अनुसार रामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम महुआ बथान निवासी प्रेमा कल्डूलना और अपोलिना ओरिया शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा में किराए के मकान में रहती हैं। बुधवार की सुबह दोनों बाइक पर सवार होकर तरहसी मैट्रिक की परीक्षा देने जा रही थी। तभी रास्ते में बाइक से गिरकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद भी दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही घायल प्रेमा कल्डूलना ने बताया कि दुर्घटना होने के बाद उनका हिंदी की परीक्षा छूट गयी।

### वान्या किड्स प्ले स्कूल का उद्घाटन

**हरिहरगंज।** संडा बॉर्डर के समीप वान्या किड्स प्ले स्कूल का उद्घाटन बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि मोतीराज महिला इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल वीणा सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में रहने वाले बच्चों के लिए बेहतर वान्या किड्स प्ले स्कूल बेहतर साबित होगा। किड्स स्कूल के खुल जाने से बच्चों के पढ़ाई में काफी सहूलियत होगी। नर्सरी के बच्चों को पढ़ाना सामान्य शिक्षा से जटिल होता है। स्कूल में दी गयी सुविधाओं से बच्चों का सुनहरा भविष्य बनाने में मददगार होगा। वहीं स्कूल के संचालक रंजीत सिंह, निदेशक पीयूष सिंह ने कहा कि यहां प्ले ग्रुप नर्सरी तथा एलकेजी के बच्चों की पढ़ाई होगी।

# दूसरी मंगलवारी में निकाला शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के कई क्षेत्रों में मंगलवार को रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गई। मेदनीनगर में महावीर नवयुवक दल जेनरल की अगुवाई में कई रामनवमी समितियों के द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। इसमें पांच हजार से अधिक रामभक्त शामिल हुए। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मुहल्लों से निकलकर मुख्य बाजार अवस्थित हनुमान मंदिर गई । जहां कई हिंदू संगठनों के द्वारा अंग वस्त्र एवं हनुमान चालीसा का वितरण कर रामनवमी समिति के सदस्यों को सम्मानित किया गया। इसके बाद शोभायात्रा बाजार के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए वापस लौटी। शोभायात्रा में कई मोहल्ले एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से रामभक्त पहुंचे थे। जय श्रीराम व भगवा ध्वज से पूरा मेदिनीनगर आह्लादित था। शोभायात्रा के दौरान भव्यता बनाने के लिए एक दूसरे को साफा बांध रहे थे। शोभा यात्रा में युवक गेरूआ वस्त्र धारण कर, हाथ में ध्वाजा लेकर डीजे की धुन पर जय श्रीराम का नारा लगाते नाचते गाते हुए चल रहे थे।

## शपथ

### पर्यावरणविद ने वृक्षों पर किया रंक्षाबंधन

# प्रदूषण का जहर कोरोना से भी खतरनाक : कौशल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म से जुड़े लोगों के साथ वनों पर राखी बांधकर उसे बचाने की शपथ दिलाई। वहीं छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत मुरुमदाग के केरकी कला आयोजित कार्यक्रम में वनों पर रक्षाबंधन कर बरगद का पौधा लगाया। इसके उपरांत वनों की सुरक्षा में लगे बलराम सिंह, बनारसी देवी, नागेश्वर सिंह व ग्रामीणों को अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इसी तरह हुलसम पंचायत के विषयपुर मध्य विद्यालय में सुभाष गुप्ता, कपिल सिंह, मनोज गुप्ता, पंकज विश्वकर्मा, सुधीर सिंह व शिक्षक अकील अहमद व बच्चों एवं ग्रामीणों के बीच पौधा वितरण सह रोपन कर वृक्षों पर रक्षाबंधन किया गया। वहीं डाली बाजार के कौशल नगर में मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क व जैविक उद्यान में चाइनीज अमरूद का पौधा लगाकर वृक्षों पर रक्षाबंधन किया गया। पर्यावरण धर्म पर आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता शिक्षक श्रवण जायसवाल ने की। जबकि संचालन छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के प्रतिनिधि सुचित कुमार ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन पूर्व उप मुखिया अफजल अंसारी ने की। मौके पर शिव प्रसाद यादव जुबेर अंसारी , विनोद यादव, बनारसी देवी, प्रवीण कुमार, विजय राम, पन कलियां कुंवर,सत्यदेव प्रसाद, हरेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह, विजय विश्वकर्मा, कृष्णा प्रसाद, राजेश्वर विश्वकर्मा, मुख्तार अंसारी, उमेश कुमार, जुम्मन अंसारी, मंत्री पासवान आदि उपस्थित थे।

# सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल न करें

### पुलिस कर रही मॉनिटरिंग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि कुछ आपराधिक गिरोह सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे हैं, ऐसे लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज रही है। उन्होंने कहा कि पलामू पुलिस सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर अलर्ट हो गई है । जिसके लिए स्पेशल सेल का गठन किया है। स्पेशल टीम सोशल मीडिया पर होने वाले पोस्ट और अन्य गतिविधि को नजदीक से मॉनिटरिंग कर रही है। वहीं अपराध की गतिविधि में शामिल अब तक आधा दर्जन से अधिक लोग गिरफ्तार हुए हैं। जिसका



मॉनिटरिंग डीएसपी इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी कर रहे हैं और उसका एक खाका भी तैयार कर रहे हैं। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि लोग सोशल मीडिया पर अधिक हड़बड़ी दिखा रहे हैं, नतीजा ये हो रहा है वे गलत या आपत्तिजनक मैसेज को फारवर्ड कर देते हैं। उन्होंने आम लोगों से अपील किया है कि वह सोशल मीडिया पर हड़बड़ी नहीं दिखाएं। मैसेज को फॉरवर्ड करने से पहले एक बार उसे पढ़ लें। मैसेज किसी की भावना को ठेस पंहुचाने वाली या अपराधिक कृत से संबंधित तो नहीं है। कुछ दिन पहले पुलिस की जांच में इस बात का खुलासा हुआ था कि अपराधिक गिरोह सोशल मीडिया के माध्यम से नए लड़कों को जोड़ रहे हैं। एक वर्ष पहले डॉन सुजीत सिन्हा ने सोशल मीडिया के माध्यम से लड़कों को जोड़कर कई अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया था। पलामू पुलिस की जांच में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि सोशल मीडिया पर दिखावे के लिए हथियार के साथ फोटो और वीडियो को अपलोड करते हैं।

# श्री रामलला मंदिर से शारदीय नवरात्र के पहले दिन निकली भव्य कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

चैती नवरात्रि के प्रथम दिन श्री रामलला मन्दिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें काफी संख्या में भक्तगण शामिल थे। शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए छठ घाट पहुंची। वहां कलश में पवित्र जल भरकर और पूजा पूर्ण करने के संकल्प के साथ कलश यात्रा पुनः श्री रामलला मन्दिर पहुंची। वहां युवा तुर्क विद्वान आचार्य आशीष वैद्य ने विधि पूर्वक प्रधान यजमान विकास दुबे एवं उनकी धर्मपत्नी के हाथों कलश स्थापना करायी। उसके बाद श्री रामचरित मानस पाठ प्रारम्भ की गई। कलश यात्रा में श्री रामलला मंदिर समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, प्रधान आचार्य आशीष वैद्य, प्रधान यजमान विकास दुबे, उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह, सचिव धनन्जय सिंह, कोषाध्यक्ष धनन्जय गोंड उर्फ डबल जी, कार्यालय मंत्री धनन्जय ठाकुर, पुजारिन सरस्वती कुंवर, माया देवी, करन कुमार, शुभम चौबे, शुभम केशरी, मयंक



सहित सैकड़ों भक्त शामिल थे।

### नौ दिनों तक होगा मानस पाठ

श्री रामलला मन्दिर में 22 मार्च से 30 मार्च तक नौ दिनों तक संगीतमय श्री रामचरित्र मानस पाठ का आयोजन शुरू किया गया है। 30 मार्च को हवन यज्ञ के साथ मानस पाठ की पूणार्हुति होगी।

### सम्मानित होंगे अखाड़ा-जुलूस व करतब प्रदर्शनकारी

श्री रामलला मन्दिर समिति ने इस वर्ष विभिन्न अखाड़ा के प्रमुखों को सम्मानित कर उनका उत्साह वर्द्धन किया जाएगा। वहीं पारम्परिक हथियारों से करतब दिखाने वाले कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया है। वे अपने करतब से लोगों को कला का संदेश देंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उनकी विधा को संरक्षित करना एवं उससे नवयुवकों को जोड़ना है। 30 मार्च को आयोजित इस सम्मान समारोह को भव्य रूप दिया जा रहा है।

## केतार व पाचाडुमर में कलश यात्रा के साथ नवरात्र अनुष्ठान शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

चैत्र नवरात्र के अवसर पर पाचाडुमर गांव स्थित मां शायरी भगवती मंदिर में चैत्र नवरात्र अनुष्ठान यज्ञ का आयोजन किया गया है। नवरात्र के पहले दिन बुधवार को बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। मां शायरी भगवती मंदिर में श्रद्धालुओं ने पुजा अर्चना कर माथे पर कलश लेकर जय माता दी के जय घोष करते हुए सोन नदी के तट पर पहुंचे, जहां मंदिर के पुजारी ने मंत्रोच्चार कर श्रृद्धालुओं के कलश में जल भरवाया। इसके बाद श्रद्धालु जय माता दी की जय घोष करते हुए पुनः मां शायरी भगवती मंदिर पहुंचकर कलश स्थापित किये। इसके साथ ही बाहर से आये विद्वानों के द्वारा नवरात्र यज्ञ का अनुष्ठान पाठ शुरू हो गया। इधर प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित सुप्रसिद्ध चतुभुर्जी मंदिर और परसोडीह गांव स्थित भगवती मंदिर में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ माता रानी का दर्शन



करने के लिए लगी रही। मां चतुभुर्जी मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। श्रृद्धालु कलश लेकर मुख्य बाजार होते हुए पंड़ा-ढाढ़रा नदी के संगम पर पहुंचकर कलश में जल उठाया। पुनः चतुभुर्जी मंदिर पहुंचकर कलश स्थापित किया गया। कलश स्थापना के साथ ही नवरात्र अनुष्ठान शुरू हो गया। चतुभुर्जी मंदिर केतार परिसर में नवरात्र में माता रानी का नौ दिनों तक अनुष्ठान किया जाता है।साथ ही एक माह का चैत्र मेला भी लगता है। मां चतुभुर्जी का दर्शन करने झारखंड के अलावा पड़ोसी राज्य बिहार, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ से श्रद्धालु पहुंचते हैं। मौके पर प्रमुख चंद्रावती देवी, मुखिया श्याम सुंदर बैठा, प्रमोद कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेन्द्र प्रसाद, कामेश्वर मिश्र, हेमंत पाठक, राम बिचार साहू, अमर जयसवाल, राम प्रवेश ठाकुर, संजय पाल, भोला पासवान सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सूर्या एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी ने किया प्रशिक्षण का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में बुधवार को सूर्या एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी, सोसाइटी के प्रोग्राम डायरेक्टर रंजीत कुमार पांडेय, प्रशिक्षक अनिल सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया प्रशिक्षण में नगर पंचायत क्षेत्र में कार्यरत महिला स्वयं सहायता समूह को उधमिता विकास, दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक व सामाजिक मापदंड की जानकारी नगर पंचायत कर्मियों व इस क्षेत्र में कार्यरत 12 महिला स्वयं सहायता समूहों को दिया गया। इस प्रशिक्षण में नगर पंचायत क्षेत्र में व्यवसाय को बढ़ावा देने तथा समूह के द्वारा घरेलू उत्पादन को बाजार तक कैसे पहुंचाया जाय की जानकारी विस्तार से दिया जायेगा। प्रशिक्षण 6 दिनों तक चलेगा।

### चतुभुर्जी मंदिर परिसर में शांति समिति की बैठक

# पुराने रूट से ही निकालेगा जुलूस : थाना प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

चतुभुर्जी मंदिर परिसर में बुधवार को रामनवमी पर्व को लेकर बीडीओ मुकेश मछुआ की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आये पंचायत प्रतिनिधियों और दोनों समुदायों के प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया। बैठक में दोनों समुदायों से बारी-बारी से राय ली गई। जिसमें मंदिर कमिटी और हिन्दू धर्मावलंबियों ने कहा की नवरात्र के दौरान कपूर्री गेट के समीप की मांस मछली की दुकान रखवाने का आग्रह किया।वहीं चतुभुर्जी मंदिर परिसर में लगने वाली एक माह का चैत्र मेला में अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था कराने कि मांग किया गया। बैठक में रामनवमी के दौरान शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने, दुसरे समुदायों को धार्मिक भावनाओं को ध्यान रखने और निर्धारित पुरानी रूट से ही जुलूस निकालने का निर्देश दिया गया। वहीं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात करने और हुड़दंगियों पर नजर रखने पर का बिचार विमर्श किया गया। बीडीओ मुकेश मछुआ ने कहा कि पुजा के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले गाना बजाने पर रोक रहेगा। उन्होंने रामनवमी पुजा के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर नजर रखने और इसकी सूचना पुलिस को देने की बात कही। वहीं थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने कहा की बजरंग दल और मंदिर कमिटी से जुलूस के दौरान लाईट की व्यवस्था और वीडियो रिकॉर्डिंग होनी चाहिए। उन्होंने कहा की मंदिर कमिटी को वालेंटियर का आई कार्ड बनवाने को कहा जबकि डीजे बजाने पर पुर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। थाना प्रभारी ने कहा की मेला में लगने वाला झुला 10 बजे रात्रि तक ही चलेगा। रामनवमी के दौरान पुलिस गस्ती बढ़ाई जायेगी। उन्होंने दोनों समुदायों से आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने को कहा। उन्होंने कहा की इसमें विध्न डालने वाले लोग को चिन्हित कर प्रशासन को अवगत कराने की बात कही। इस मौके पर पीएसआई कृष्णा उरांव, प्रमुख चंद्रावती देवी, मंदिर कमेटी अध्यक्ष प्रमोद कुमार, मुखिया सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह, विधायक प्रतिनिधि विकर्मा सिंह,राम बिचार साहू, हेमंत पाठक, मुखिया श्याम सुंदर बैठा, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### इनहाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम की दूसरा चरण पूर्ण

# नई शिक्षा प्रणाली में टीचर्स ट्रेनिंग होगा मील का पत्थर

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में सीबीएसई द्वारा जारी दिशा निर्देश के आलोक में इनहाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का द्वितीय चरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत - विद्यालय के निदेशक, मदन प्रसाद केशरी, सचिव सुषमा केशरी, उपप्राचार्य बसन्त ठाकुर ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। विद्यालय के नए सभागार में उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में - निरंतर हो रहे बदलावों को ध्यान रखते हुए हम समस्त लोगों में सकारात्मक बदलाव लाने की सख्त जरूरत है। यदि ऐसा नहीं हुआ तो इस स्थिति में दुनिया आगे निकल जाएगी और हम सब प्रतिस्पर्धा के दौर में पीछे रह जाएगे। इन्हीं सारी बातों को ध्यान में उस हर विभाग को नए प्रौद्योगिकी से जोड़ दिया गया।



अधिकांश वर्ग कक्ष को स्मार्ट क्लास में परिणित कर टीवी स्क्रीन से सुसज्जित कर से दिया गया है। साइंस लैब, पुस्तकालय, खेलकुद सम्बंधित विभागों को बृहत पैमाने पर समृद्ध किया गया है ताकि किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान को की परिमार्जित किया जा सके। बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए विदयालय प्रबंधन निरंतर प्रयासरत है जिससे कि बच्चों को उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिल सके।

शिक्षक एक कुंभकार हैं, जो बच्चों के उज्जवल भविष्य को चगढ़ते हैं। कभी भी नकारात्मकता को अपने उपर हावी न होने दे। आप जैसा सोचते हैं वैसा ही बन जाते हैं। सकारात्मक सोच के द्वारा हर नकारात्मकता में से सकारात्मक तथ्यों को प्राप्त कर सकते हैं। रिसोर्स पर्सन के रूप शिक्षक संजीव कुमार ने पाठ्यक्रम और समावेशी कक्षा पर अपना विचार रखते हुए कहा कि विद्यालय द्वारा आयोजित समस्त क्रिया-कलापों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए जिससे कि शारीरिक, मानसिक और चारित्रिक विकास हो सके। रिसोर्स पर्सन खुर्शीद आलम ने करियर गाइडेंस पर विचार प्रकट करते कहा कि यह एक लगातार प्रक्रिया है जिससे कोई भी सफलता के शिखर पर पहुँच सकता है। वहीं शिवानी कुमारी ने कक्षा प्रबंधन पर अपना दृष्टिकोण प्रकट करते हुए वर्ग में शिक्षक-छात्र संबंध के महता को उजागर किया। रिसोर्स पर्सन निलम कुमारी ने वर्ग-कक्ष में विद्यार्थियों के आचरण पर अपना विचार अभिव्यक्त की वहीं सुषमा तिवारी ने खुशहाल वर्ग-कक्ष के लिए खुशहाल शिक्षक जैसे विंदुओ पर अपना विचार व्यक्त की। मंच संचालन बसन्त ठाकुर के द्वारा, सरस्वती वंदना के साथ सभा की शुरूआत की गई जबकि धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका सीमा श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक मुकेश भारती, नरेन्द्र सिन्हा, अजय कुमार, चमन भारती, सरिता डूबे, सुनिता कल्पना कुमारी, नीश शर्मा, रिजवाना शाहिन, संतोष प्रसाद कुमारी, कल्पना निशा सराहनीय रही।

## रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**खरौंधी।** थाना परिसर में थाना प्रभारी अभय कुमार की अध्यक्षता में रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक गुरुवार को किया गया। बैठक में उपस्थित आखाड़ा समिति के प्रतिनिधियों ने प्रसासन से रामनवमी पर्व पर आयोजित होने वाले जुलुश में सहयोग करने की मांग किया। सभी जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य लोगों ने समोहिक रूप से बताया खरौंधी का इतिहास रहा है कि आज तक किसी पर्व में विवाद नही हुआ है। प्रखंडवासी सभी पर्व को हिंदू तथा मुस्लिम सभी मिल जुलकर मनाते आये है। थाना प्रभारी ने भाजपा, विश्वहिंदू परिषद, बजरंग दल, शिवसेना सहित आखाड़ा प्रमुख से रुट चार्ट मांगा। वही खरौंधी आखाड़ा प्रमुख ने बताया रामनवमी पर्व के नवमी के दिन चंदनी देवी मंदिर से खरौंधी देवी मंदिर तक भगवान राम तथा मां सीता का झांकी निकाली जायेगी। भगवान राम तथा मां सीता की झांकी में भीड़ अत्यधिक रहेगी जिसमे प्रशासन की सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी। इसके अलावे वही कई पंचायत के लोगों ने भी अपना-अपना रुट चार्ट प्रस्तुत किया। थाना प्रभारी अभय कुमार ने कहा रामनवमी पर्व पर प्रशासन की ओर से विशेष गस्ती निकाल कर निगरानी की जायेगी। इस दौरान उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, भाजपा नेता रामकृपाल द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि उपेन्द्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, करिवाडीह मुखिया मंशा देवी, चंदनी मुखिया रामगहन मेहता, खरौंधी मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा साह, सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवाश्यक सूचना**

**(नोटिस)**

नाम–मनीष जी उर्फ मनीष यादव, पे0– प्रसाद यादव, सा0– महुलनियाँ, थाना–छकरबंधा, जिला–गया (बिहार) आप को सूचति किया जाता है कि आप भण्डरिया थाना काण्ड सं0–73/17, दिनांक–25.11.2017, धारा–147,148,149,341, 323, 307 भा0द0वि0 3/4 विस्फोटक पदार्थ अधि0 27 आर्म्स एक्ट 17 सी0एल0ए0 एक्ट एवं 38/39 यू0ए0पी0 एक्ट के प्राथिमिकि अभियुक्त है, उक्त काण्ड में फरार है। माननीय न्यायिक दण्डाधिकारी, श्री कृष्णा लोहरा, प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तेहार निर्गत किया गया है, किन्तु आप अपने स्थाई पता से फिरार है आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सूनिश्चित करे।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR.NO.293295 Police(22-23):D

# रामनवमी और सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

रामनवमी व सरहुल पर्व को लेकर बुधवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से विभिन्न पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधियों एवं सभी समुदाय के गणमान्य लोग मौजूद रहें। बैठक में सभी समुदाय के लोगों ने सरहुल एवं रामनवमी का त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने कहा के यहां की परंपरा रही कि सभी धर्म संप्रदाय के लोग मिलजुलकर सभी पर्व त्यौहार मनाते हैं इस परंपरा को बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने



कहा कि जुलूस के दौरान अश्लील एवं भड़काऊ गाने से परहेज करें ताकि किसी को ठेस ना पहुंचे। एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने कहा कि कहा रामनवमी एवं सरहुल शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन तत्पर है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अफवाह पर ध्यान नहीं देने एवं किसी प्रकार की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन को सूचित करने को कहा। ताकि किसी अप्रिय घटना घटने से पूर्व प्रशासन उस पर अंकुश लगा सके। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्व पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी ऐसे लोगों को पुलिस चिन्हित कर अग्रेषित कार्रवाई करेगी। शांति समिति की बैठक में पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, पुलिस इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार, सीओ अरुण मुंडा, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, पुअनि विक्रम सिंह, राहुल कुमार, कुणाल किशोर, जितेंद्र भगत, श्रीकांत पांडेय, विधायक प्रतिनिधि धीरज दुबे, डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, चैम्बर अध्यक्ष शम्भूनाथ सौदागर, हृदयानंद कमलापुरी, राजद नेता अभय पांडेय, झामुमो नेता सूर्यदेव मेहता, मुक्तेश्वर पांडेय अमरनाथ पांडेय, महमूद आलम सीनियर, भाजपा नेता लक्ष्मण राम, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# शांति समिति की बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। चिनियां**

चिनियां थाना परिसर में बुधवार को पुलिस सब इंस्पेक्टर दयानंद कुमार कि अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप चिनिया प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा मौके पर उपस्थित रहे। बैठक में थाना क्षेत्र से आए हुए ग्रामीणों ने रामनवमी का त्योहार को लेकर अपना-अपना विचार व्यक्त किया। रामनवमी त्योहार को लेकर झारखंड सरकार द्वारा दिया गया। गाइडलाइन के बारे जानकारी देते हुवे बीडीओ कालिदास मुंडा ने कहा कि रामनवमी का निकलने वाला जुलूस में माहाविरी झंडा का पूर्व से निर्धारित निकलने वाला रुट से ही जुलूस को निकाले, सरकार का गाइडलाइन का पालन करे व किसी तरह के अफवाह से बचे इसे पालन करते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार संपन्न कराने का निर्देश दिया गया। बीडीओ कालिदास मुंडा ने कहा कि फेक न्यूज वह अफवाहों से बचें फेक न्यूज व अफवाह उड़ाने वाले लोगों के ऊपर जांचों परांत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस सब इंस्पेक्टर दयानंद कुमार ने अंत में कहा कि आपसी भाईचारा से त्योहार मनाये ताकी यहां पूर्व से आ रहे परंपरा को कायम रखा जा सके हमें यहां के लोगों के द्वारा पाता चला कि लोग किसी भी त्योहार मे दोनों समुदाय आपसी भाईचारा के साथ मनाते है यह खुसी कि बात है। मौके पर एएसआई जगनरायन शर्मा, एएसआई बबन टूडु, कपिल प्रसाद, बीडीसी नगेंद्र सिंह, मुखलाल यादव, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी को लेकर शांति समिति कि बैठक

**रमना।** रामनवमी पर्व को लेकर रमना थाना सभागार मे प्रशासनिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य प्रखंडवासी और रामनवमी पूजा आयोजन कमिटि के सदस्यों की उपस्थिति मे शांति समिति की बैठक बुधवार को हुयी। श्री बंशीधर नगर के एसडीपीओं प्रमोद कुमार केशरी ने कहा कि रामनवमी आपसी भाइचारे को बढ़ावा देता है। लोग आपस मे मिलजूल कर रामनवमी पर्व मनाए। उन्होने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर पर्व को लेकर किसी भी प्रकार कि आपत्तिजनक पोस्ट करने और शेयर करने वालो पर साईबर सेल की विषेश नजर है। धार्मिक भावना भड़काने सहीत विधि -व्यवस्था को प्रभावित करने वाले सभी गतिविधि पर विशेष नजर है। उन्होंने कहा जूलुस मे निर्धारित डेसीबल पर बाजा बजाने का निर्देश दिया है। साथ ही अश्लील और आपत्तिजनक गाना पर रोक रहेगा।उन्होंने कहा का जुलूस निर्धारत समय और रुट पर निकले तथा आयोजन कर्ता वीडियोग्राफी भी कराए इसके अलावा पानी भरा हुआ टैंकर भी साथ रखे। बीडीओ ललीत प्रसाद सिंह ने कहा कि किसी भी धर्म-समुदाय का त्योहार को हर्षोउल्लास और शांति से मनाने की आवश्कता है।

**व्यवहार न्यायालय, चतरा**

**सर्वसाधारण को सूचना**

माननीय झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के पत्रांक सं0–झालसा/895 दिनांक 18.03.2023 के आलोक में व्यवहार न्यायालय परिसर, चतरा में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के कार्यालय हेतु 02 (दो) स्वीपर/सफाईकर्मी का आवेदन बाह्म स्त्रोत (Reputed Outsourcing Empanelled Agency which provided similar Services to other Govt. Dept.) से किया जाना है, जिसके लिए दिनांक 27.03.2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे तक उम्मीदवार का सभी मूल प्रमाण प्रमाण पत्र के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए व्यवहार न्यायालय परिसर, चतरा में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के कार्यालय मे कार्यलय अवधि के दौरान सम्पर्क कर सकते है।

प्रभारी सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
चतरा

PR 293356 Law(22-23)#D

### व्यवस्था | नई बिल्डिंग निर्माण की जितनी राशि, उससे भी अधिक मरम्मत में खर्च

# फिर भी सदर अस्पताल की बनी है बदहाल!

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा सदर अस्पताल की रिपेयरिंग के लिए भवन निर्माण के द्वारा लगभग 3 करोड़ की राशि की प्रकरण तैयार किया गया था। जिसमें रिपेयरिंग के लिए एवं पेंटिंग करनी थी। इस कार्य को संवेदक द्वारा लगभग 6 महीना पहले कया गया था। लेकिन इस पैसे का बंदरबांट कर लिया गया। सदर अस्पताल की स्थिति कही सीलिंग से पानी टपक रही है तो कही छत की सीलिंग टूटता हुआ देखा गया। तथा नाली का पानी का जमाव यथावत बना हुआ है। यहां तक की सदर अस्पताल की पूरी पानी की निकासी की भी व्यवस्था पूर्ण रूप से नहीं की गई है। जिसका खामियाजा आए हुए मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। सदर अस्पताल में आम लोगों को बैठने के लिए कुर्सी की तो




व्यवस्था की गई है। जहां पर नाली की पानी की दुर्गंध लोग देती रहती है। इससे लोगों को बीमार होने की आशंका लगातार बना रहता है। वहीं पर नाली में सदर अस्पताल के शौचालय की पानी की निकासी की गई है। इसके अलावे बरसात के महीने में बरसात के महीने में सदर अस्पताल के कैंपस में बारिश के पानी जमाव हो जाती है। इसके कारण आने वाले मरीजों को उसी पानी से होकर गुजरना पड़ता है।

सदर अस्पताल में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था। कुछ कैमरे काम कर रहे हैं। कुछ खराब पड़ी हुई है। आम लोगों के सदर अस्पताल के बिल्डिंग में सदर अस्पताल के बिल्डिंग में पुराने पुराने शौचालय को तोड़कर नया शौचालय का निर्माण कराया गया था। लेकिन वह शौचालय हाथी का दांत साबित हो रही है। उसमें ना ही तो उसमे विकलांग के लिए कोई व्यवस्था है। और ना ही तो पूरी तरह पानी की व्यवस्था की गई है। गढ़वा सदर अस्पताल के अंदर परिसर में नाली का चेंबर बनाया गया है। जिसमें ना ही तो ऊपर से ढक्कन लगाया गया है। ना कोई ऊपर से व्यवस्था की गई है। उस चेंबर में बच्चे को गिरने का खतरा हमेशा बना रहता है। मरीज के परिजन के द्वारा बताया गया कि यहां पर हम लोगों को बच्चे लेकर आने में काफी डर महसूस होती है। क्योंकि यहां पर इस चेंबर में पानी का जमाव तो होता ही है। इसमें काफी मच्छर भी पनपते हैं। इसे हमेशा बीमार होने का खतरा बना रहता है।

विदित हो कि पूरे बिल्डिंग का निर्माण कार्य की राशि लगभग 3 करोड़ की है। जबकि बिल्डिंग का रिपेयरिंग राशि लगभग 3 करोड़ से अधिक है। लेकिन अस्पताल पूर्व की भांति ही जस के तस पड़ा है। इससे साफ जाहिर होता है कि पैसे का आपस में बंदरबांट किया गया। लेकिन विकास का काम अधूरा ही अधूरा रह गई।

**जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू**
पलामू समाहरणालय परिसर (सी) ब्लॉक, मेदिनीनगर– 822101
ई–मेल:–palamau.mdm@gmail .com

**निजी विद्यालयों को मान्यता प्राप्त करने हेतु आवश्यक सूचना**

राज्य सरकार के द्वारा विद्यालयों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत मान्यता प्रदान करने हेतु झारखण्ड नि:शुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली 2011 (यथा संशोधित–2019) प्रवृत की गई है। नियमावली के नियम 12(8) (संशोधित) में प्रावधान है कि गैर सरकारी निजी विद्यालयों की मान्यता पर विचार जिला प्रारंभिक शिक्षा समिति में किया जाएगा।

मान्यता प्राप्त करने हेतु ऑफलाईन के बजाय ऑनलाईन आवेदन किया जाएगा। ऑनलाईन आवेदन करने हेतु राज्य द्वारा वेबसाईट rte.jharkhand.gov.in निर्धारित की गई है। वेबसाईट में विद्यालय से संबंधित डाटा/आकड़ा ऑनलाईन दर्ज करते हुए हार्ड कॉपी दिनांक 30.03.2023 तक जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। ताकि मान्यता प्रदान करने हेतु सभी प्रक्रिया पूर्ण किया जा सकें।

जिला शिक्षा अधीक्षक
पलामू

PR 293299 (District) 22-23 (D)

# विश्व जल दिवस पर लोगों को जल संरक्षण की दिलाई गई शपथ



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
विश्व जल दिवस के अवसर पर प्रखंड जल छाजन समिति द्वारा प्रखंड के कुचिला ग्राम में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जल संचय व संरक्षण करने की करने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर कुचला ग्राम के मुख्य नदी किनारे पंचायत के मुखिया समेत काफी संख्या में लोग जमा हुए जिसमें विश्व जल दिवस के अवसर पर लोगों को सामूहिक रूप से शपथ दिलाकर जल संचय करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में लोगों को जल दिवस के अवसर पर बताया गया कि जिस प्रकार से प्राकृतिक धरोहर के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है जिससे आने वाले समय में जल संकट होने की संभावना है। ऐसे में लोगों को अभी से सचेत होकर अपने घरों के आसपास जल संचय कर करने की जरूरत है। कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल संचय व संरक्षण के विभिन्न तरीके को बताते हुए इसे अपनाने पर जोर दिया गया। जिसमे पंचायत मुखिया शत्रुघ्नसिंह, स्वयंसेवक नरेश सिंह, जल छाजन दल के कर्मी, अजीत कुमार यादव , शैलेन्द्र कुशवाहा, गौतम पटेल और समस्त ग्रामीण जनता उपस्थित रहे।

## 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमि पूजन



**लातेहार।** गायत्री प्रज्ञा कुंज चंदनडीह लातेहार मैं चैत्र नवरात्र अनुष्ठान प्रारंभ के साथ ही 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि राजधानी यादव उपस्थित हुए. इस कार्यक्रम में बलराम सिंह, देवेंद्र कुमार, दिलेश्वर यादव जवाहर प्रसाद भोला प्रसाद सुनील कुमार वर्मा प्रकाश गुप्ता संदीप कुमार, प्रभात कुमार, सुशीला देवी उर्मिला देवी मालती देवी आरती देवी पुष्पा वर्मा सरोज देवी अनीता देवी संगीता देवी एवं अन्य परिजन मौजूद रहे.

## NEWS इन ब्रीफ

### नौ दिवसीय रामचरित मानस पाठ का आयोजन

**गारु।** गारु प्रखंड अंतर्गत बारेसांड बाजार में नौ दिवसीय श्रीरामचरित मानसपाठ अखंडकीर्तन का आयोजन किया गया हैं जिससे पूरा गारु बाजार ललमटिया सरनाधाम छोटीमायापुर बसस्टैंड यादवमोड़ भगवा रंग में रंगा हुआ हैं। ग्रामीणों ने पुरे हर्षोल्लास के साथ जलयात्रा मे भाग लिया और पुरे विधि विधान के साथ चा पाचूंवा से जल उठाकर दुगार्बाड़ी बाजार में लाये और पाठ व पूजा शुरू किया गया ! ग्रामीण नरेशजी रघुबर साव चन्दनप्रसाद बिश्वनाथ यादव रंजन यादव कमलादेवी ने बढ़ चढ़ कर अपना योगदान दिए।

### बरवाडीह में चला वाहन चेकिंग अभियान

**बरवाडीह।** जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन द्वारा सड़क हादसों को रोकने को लेकर सभी पुलिस अधिकारियों को विशेष चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया है जिसके तहत बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों पर कार्रवाई और बाइक को जब्त कर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश जारी किया गया है। जिसके तहत थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह बुधवार को लगातार थाना चौक पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए आधा दर्जन दोपहिया वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। वही अन्य वाहन सवारियों में भी चेकिंग अभियान चलाते हुए सीट बेल्ट बंद कर ही वाहन चलाने की अपील की गयी।

बीडीओ ने की बैंक प्रबंधक के साथ बैठक

# लाभुकों की दिक्कतें शीघ्र दूर करें : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के द्वारा बुधवार को अपने कक्ष में प्रखंड में संचालित सभी बैंकों के बैंक मैनेजर और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमे एलडीएम शांति प्रसाद टोप्पो मुख्य रूप से मौजूद रहे। मासिक समीक्षा बैठक के दौरान सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं में बैंक की सहभागिता और उसके सहयोग को लेकर कई बिंदुओं पर चचाएं की गई साथ ही साथ बैंकों में लेन देन के दौरान सरकारी योजना के लाभुकों को हो रही परेशानी को दूर करने को लेकर भी बीड़ीओ द्वारा निर्देश देने का काम किया गया। बैठक में मौजूद एलडीएम द्वारा सभी बैंक के अधिकारियों को नियमित रूप से सभी सीएसपी का निरीक्षण करने और निरीक्षण के दौरान जिस स्थान के लिए आवंटित हुआ हो उस स्थल की भी जांच करने का निर्देश दिया गया। उधर बैठक के दौरान बैंक के द्वारा किए जाने वाले सर्टिफिकेट केस, केसीसी लोन, मुद्रा लोन समेत अन्य सभी सरकारी योजनाओं की राशि को लेकर बारी-बारी से समीक्षा किया गया। उधर बैठक के दौरान मौके पर मौजूद जिप सदस्य संतोषी शेखर के द्वारा भी बैंक के अधिकारियों के साथ बैंक और ग्राहकों के बीच हो रही सामंजस्य की कमी को लेकर भी चर्चा की गई साथ साथ सभी बैंक अधिकारियों को बैंक के प्रति ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को जागरूक करने को लेकर अभियान चलाने की अपील की। मौके पर एसबीआई शाखा प्रबंधक विवेक कुमार, समेत अन्य बैंक शाखा प्रबंधक और कर्मी मौजूद थे।

# विश्व जल दिवस पर हाथ धुलाई कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
विश्व जल दिवस के अवसर पर महुआडांड़ प्रखंड परिसर में हांथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महुआडांड़ प्रखंड के सभी जलसहिया उपस्थित हुए, और जलसहियाओं के द्वारा कई लोगों को हाथ धुलवाया गया साथ ही स्वच्छता से संबंधित बातें भी बताई गई। जल का बचाव एवं सही उपयोग के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान यह भी बताया गया कि विश्व में जल का स्तर कम होता जा रहा है सभी लोग जल का सही उपयोग करें जल का दुरुपयोग बिल्कुल ना करें। यह प्रकृति से प्राप्त हुआ एक अनमोल तोहफा है। हमें हमेशा जल का सही उपयोग ही करना चाहिए जल के बिना जीवन संभव नहीं है ऐसे भी कहा गया है की जल ही जीवन है। इसलिए हम सभी इस विश्व जल दिवस के अवसर पर संकल्प ले की किसी भी तरह जल का दुरुपयोग नहीं करेंगे। मौके पर प्रखंड समन्वयक गंगा प्रसाद प्रखंड के सभी जलसहिया प्रखंड कर्मी अंचल कर्मी मौजूद थे।

## त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
रामनवमी पूजा और सरहुल को लेकर महुआडांड़ थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई. थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों व सभी समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया, जहां इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया, मुखिया प्रमिला मिंज, रौशनी कुजूर, पुआनि संजय रतन, रौशन कुमार, हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, एवं बजरंग दल से सूरज कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद, मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में पूजा के दौरान शराब पर प्रतिबंध लगाने, दूसरे समुदाय के धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखने, निर्धारित रूट पर अखाड़ा जुलूस निकालने, संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात करने, स्थानीय लोगों का सहयोग लेने, हुड़दंगियों पर नजर रखने आदि पर विमर्श किया गया। इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवन ने लोगो से साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों में नजर रखने व इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। मौके पर नेजाम अहमद, हयुम अंसारी आजाद अहमद, संजय जयसवाल, रमेश जयसवाल, प्रशांत सिंह, संजय राय, बिहारी जयसवाल आदि मौजूद थे।

## मारपीट के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बालूमाथ।** थाना पुलिस ने डीजल चोरी के आरोप में विकास कुमार राम पिता जुगेश्वर राम ग्राम बुंडू थाना केरेडारी जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसके बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि कई दिनों से डीजल चोरी की शिकायत मिली थी जिस पर पुलिस की गठित टीम में डीजल चोरी के आरोप में एक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त विकास कुमार राम पर ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट करने का भी आरोप है जिस पर बालूमाथ थाना में कांड दर्ज कर न्यायिक हिरासत लातेहार कारा भेज दिया गया है।

## लातेहार सीनियर क्रिकेट टीम फाइनल में

**लातेहार ।** रंधीर वर्मा ट्रॉफी क्रिकेट लीग का सेमीफाइनल मुकाबले में लातेहार ने गोड्डा को 3 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जहां गोड्डा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 300 रन बनाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी लातेहार ने 50वे ओवर में 7 विकेट खोकर मैच को जीत ही नही लिया बल्की फाइनल में प्रवेश किया। वहीं फाइनल मैच धनबाद के साथ 24 मार्च को गोड्डा के ग्राउंड में खेला जाएगा ।

## अलग-अलग दो सड़क हादसे में 9 लोग घायल

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड कार्यालय के समीप बाइक और ऑटो की टक्कर में सात लोग घायल हो गए हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तरहसी पांकी से टेम्पु पर सवार होकर सपरिवार मुंडन कार्यक्रम में मां नगर भगवती मंदिर जा रहे थे कि इसी दौरान प्रखंड कार्यालय के समीप तीखी मोड़ के पास बाइक को बचाने के क्रम में ऑटो अनियंत्रित होकर पल्ट गई। जिससे बाइक सवार यूसुफ अंसारी ( 62 वर्ष) बालूमाथ ऑटो चालाक मिथिलेश कुमार (25 वर्ष) कुलदीप राम (20वर्ष), प्रीति कुमारी (18 वर्ष), राजमती देवी (35 वर्ष) कालू कुवर (58 वर्ष) सभी सात तरहसी पांकी का रहने वाले है। जिसके बाद सभी घायलों को आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर चिकित्सक पुरुषोत्तम कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार की गई। वहीं दूसरी घटना थाना क्षेत्र के ओल्हेपाठ ग्राम के समीप घटी। जहां पर दीरीदाग ग्राम से बाइक पर सवार होकर तीन युवक राहुल लोहरा (18 वर्ष) सुजीत उरांव (22 वर्ष) महिंद्र बैठा (19 वर्ष) बालूमाथ की ओर आ रहे थे इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो बाइक सवार को चकमा दे दिया। जिससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर कर घायल हो गए जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर चिकित्सा प्रभारी डॉ सुरेश राम के द्वारा प्राथमिक उपचार की गई।

## 11 करोड़ की लागत से बनेगा अस्पताल

**बालूमाथ।** बालुमाथ प्रखंड मुख्यालय में 11 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक सुविधाओं से लैश अस्पताल बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस आशय की जानकारी विधानसभा में दी। ज्ञात हो कि स्थानीय विधायक वैद्यनाथ राम ने बालुमाथ क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से लैश अस्पताल बनवाने की मांग विधानसभा सत्र के दौरान रखी थी। उनकी इस महत्वकांक्षी मांग को सरकार ने पूरा किया है. इस पर विधायक ने मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के प्रति आभार जताया और कहा कि सरकार के इस कदम से बालुमाथ क्षेत्र वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें मिल सकेगीं। बालुमाथ में अस्पताल स्वीकृत होने पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, युवा नेता अंकित पांडेय व विशाल कुमार, प्रीतलाल यादव राजद प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव,दीपक यादव, आमिर हयात, ऐश्वर्य उरांव आदि ने मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री, विधायक के प्रति आभार प्रकट किया है।

## महुआडांड़ में मना टीबी दिवस

**महुआडांड़।** राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यालय के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ में बुधवार को टीबी दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ लातेहार सीएस डॉ. दिनेश कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ शोभा टोप्पो, महुआडांड़ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमित खलखो एवं डॉ. सुनील कनडोलना के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उपस्थित स्कूल के बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता भी कराया गया। वही दस टीवी चैंपियंस जो टीबी बीमारी को हरा चुके हैं उन्हें सीएस डॉ. दिनेश कुमार द्वारा पुरस्कृत किया, साथ लगभग दर्जनों टीवी मरीजों के बीच पोषण आहार पैकेट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल सरकारी विद्यालय के शिक्षकों के बीच मलेरिया सलाहकार आर्यन पांडे के द्वारा शिक्षकों एवं उपस्थित लोगों को मलेरिया के उपचार एवं बचाव का प्रशिक्षण भी दिया गया।

# लातेहार उत्पाद विभाग के दारोगा पर लगाया 20,000 उगाही का आरोप



### अधीक्षक प्रदीप कु. सिन्हा ने कहा

मामले की जांच की जाएगी और दोषी कर्मी पर कार्रवाई की जाएगी जब अधीक्षक सिन्हा से पूछा गया कि बड़े-बड़े ढाबे में शराब की बिक्री की जा रही है और गरीबों को परेशान किया जा रहा बेवजह तो उन्होंने कहा कि सरकार हमें संसाधन नहीं देती है सही तरीके से इस पर हम क्या कर सकते हैं ।

### दरोगा अभिषेक सिन्हा ने कहा

मामला बेबुनियाद है मैंने 20000 नहीं लिया है जो लिया है वह चालान काटा है ब्रोकर इसमें गलत कर सकता है।

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
मनिका थाना क्षेत्र के मटलोंग निवासी प्रेमचंद यादव ने उत्पाद विभाग के दरोगा अभिषेक कुमार सिन्हा पर 20000 उगाही का आरोप लगाया है प्रेमचंद ने बताया कि वह 14 मार्च को अपने दुकान में शाम 7:00 बजे बैठा था तभी उत्पाद विभाग वह मनिका थाने की गाड़ी दुकान के पास आई और मुझे उठा कर सबसे पहले मनिका थाना ले गई और उसके बाद लातेहार उत्पाद विभाग के कार्यालय में ले गई सबसे पहले प्रेमचंद को डराया धमकाया गया और 20000 देने पर प्रेमचंद को छोड़ा गया । प्रेमचंद ने कहा है कि थाना चौक स्थित दो नंबर शराब दुकान में मामला को मैनेज किया गया है । प्रेमचंद ने कहा कि वह सरकारी दुकान से शराब लेकर घर गया था और उसके बाद एक्साइज विभाग ने करवाई थी वह कोई गलत काम नहीं कर रहा था नकली शराब उसके पास नहीं थी। इधर भाजयुमो जिलाध्यक्ष छोटू राजा ने उत्पाद विभाग पर आरोप लगाया है की युवकों का बहाली के समय ही के समय ही मोटी रकम वसूल कर बहाल किया गया था लेकिन अब उत्पाद विभाग के अधिकारियों के द्वारा भी यहां के युवकों को परेशान किया जा रहा है अभी मटन के प्रेमचंद यादव के साथ घटित घटना उत्पाद विभाग के दरोगा अभिषेक कुमार सिन्हा के द्वारा 20000 लेकर 8000 का चालान काटा गया और 12000 अवैध वसूली की गई यह काफी निंदनीय है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष छोटू राजा ने जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव से मांग की है कि ऐसे अधिकारियों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसा घटना कोई गरीब के साथ ना हो । छोटू राजा ने यह भी कहा कि एक तरफ गरीबों को पकड़ा जा रहा है और एक तरफ खुलेआम ढाबा में नकली शराब की बिक्री की जा रही है। इसका जिम्मेदार कौन है?

## लंबित योजना को पूर्ण करने को लेकर बैठक

**बारियातू ।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे बीडीओ प्रतिमा कुमारी के अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से 2016-17 से लेकर 2022-23 के सभी लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना को एक सप्ताह के अंदर बीडीओ ने पूर्ण करने का निर्देश दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक सभी पंचायत में 1231 पीएम आवास का कार्य लंबित है। उसे जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। तथा वैसे लाभुक जो प्रधानमंत्री आवास योजना के राशि निकालने के बावजूद भी अभी तक कार्य शुरू नहीं किए हैं वैसे लाभों के ऊपर राशि की रिकवरी व नियम संगत कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही मनरेगा योजना के तहत मजदूरों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। 15 वीं वित्त योजनाओं को पूर्ण कराने व अन्य संचालित योजनाओं को पूर्ण करने पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई। मौके पर बीपीओ रवि कुमार यादव, पीएम आवास प्रखंड समन्वयक शशि पूनम कुजूर, पंचायत सेवक रोजगार सेवक आदि थे।

# चंदवा में एनजीओ को प्रशासन ने किया सील



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
शहर के गायत्री मंदिर मोहल्ला में केयर महिला जागरूकता इंटरप्राइजेज नामक एनजीओ को प्रशासन के द्वारा बुधवार को सील कर दिया गया। फर्जी एनजीओ चंदवा के गायत्री मंदिर मोहल्ला में चंदन कुमार राम नामक व्यक्ति ने निजी घर में कार्यालय खोल रखा था इसकी सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी और थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता को हुई सूचना पर गायत्री मंदिर मोहल्ला शंकर साहू के घर में जाकर फर्जी एनजीओ चला रहे केयर महिला जागरूकता इंटरप्राइजेज कि जांच पड़ताल की गई। तो पता चला कि फर्जी एनजीओ चलाने वाला चंदन कुमार राम जो लेस्लीगंज का रहने वाला है उसके द्वारा इस एनजीओ को चलाया जा रहा है कार्यालय में कोई ऐसे दस्तावेज नहीं मिले जिससे समझा जाए कि यह एनजीओ सही तरीके से चलाई जा रही है अभी फिलहाल सबूत पुख्ता नहीं मिलने के कारण स्थानीय प्रशासन कार्यालय को जो निजी भवन में शंकर शाह का बताया जा रहा है उसे सील कर दिया है हम विकास पदाधिकारी बताया कि फर्जी एनजीओ चलाने वाले व्यक्ति को अपने एनजीओ के दस्तावेज सही तरीके से दिखाने के लिए नोटिस किया जाएगा नोटिस के साथ ही जवाब नहीं दे दिया गया तो उसके ऊपर मामला दर्ज किया जाएगा। वही इस टीम में एएसआई दिव्य प्रकाश, चंदन मांझी के समेत कई जवान शामिल थे।

**नववर्ष की बधाई**

बारियातू में धूमधाम से मना वर्ष प्रतिपदा उत्सव

# सशिविमं के बच्चों ने निकाली शोभा यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातू**
प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बारियातू में बुधवार को हर्षोल्लास के साथ वर्ष प्रतिपदा उत्सव एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक परम पूज्य डॉक्टर केशव बलीराम हेडगेवार का जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पलामू विभाग के संघचालक जानकी नंदन राणा व विशिष्ट अतिथि विधालय के अध्यक्ष किशोर प्रसाद, लातेहार जिला सह जिला कार्यवाह सत्येंद्र प्रसाद, प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने संयुक्त रूप से मां शारदे ,ओउम एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजली के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके पश्चात बहनों ने स्वागत गीत के साथ उपस्थित अतिथियों का स्वागत किए।वहीं विषय प्रवेश कराते हुए प्रधानाचार्य राम ने बताया कि हमारा नव वर्ष चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा से प्रारंभ होता है ।इसका ऐतिहासिक महत्व है। हिंदू नव वर्ष का आध्यात्मिक से गहरा लगाव रहा है । विभाग संघचालक राणा ने बताया कि आज ही के दिन श्री राम का राज्याभिषेक, आर एस एस के संस्थापक परम पूज्य डॉक्टर केशव बलीराम हेडगेवार जी का जन्मोत्सव, सम्राट विक्रमादित्य द्वारा शकों को पराजित कर विक्रम संवत को लागू कराना, वासंतिक नवरात्र का प्रारंभ दिवस आदि है ।अतः हम अपना नववर्ष इसी को मानें। जिला कार्यवाह सत्येंद्र प्रसाद ने कहा कि आज ही के दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना किए थे, आर्य समाज की स्थापना आज ही के दिन, महाराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक, सिखों के गुरु महाराज अंगद देव का जन्मोत्सव, झूल्लेलाल का जन्मोत्सव, वसंत ऋतु के आरंभ पर चारों ओर उल्लास ,उमंग खुशी एवं फूलों की सुगंध से वातावरण भरा रहता है। धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष किशोर प्रसाद के द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में सभी भैया बहनों आचार्य परिवार एवं सभी देशवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी?। अंत में भैया बहनों के द्वारा भारत माता, श्री राम, भैया लक्ष्मण , माता सीता, हनुमान जी एवं राजा विक्रमादित्य की भव्य झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई ।जहाँ भैया बहनों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, नव वर्ष मंगलमय हो , राजा विक्रमादित्य की जय आदि नारों के साथ पूरा वातावरण को भक्ति मय कर दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य लवकेश कुमार उपाध्याय, राज किशोर मिश्र ,शशि कुमार सिंह, लक्ष्मण राम ,बसंत कुमार, आचार्या वीणा दीदी जी, किरण दीदी जी, मनीषा दीदी जी विनीता दीदी जी, खुशबू दीदी का सराहनीय भुमिका रहा।कार्यक्रम के समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# छिपादोहर में कलश यात्रा के साथ नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड के छिपादोहर स्थानीय मुख्य बाजार में बुधवार को रामनवमी पूजा के अवसर में कलश यात्रा के साथ 9 दिवसीय नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ की शुरूआत हुई। कलश यात्रा की शुरूवात यज्ञ मंडप से हुई। यज्ञ समिति के अध्यक्ष पंकज गिरी के नेतृत्व में छिपादोहर से काफी संख्या में श्रद्धालुओं शामिल होकर कलशयात्रा मेन रोड होते हुए पवित्र बाजार स्थित कूप तक पहुंचा। जहां पर यज्ञ के आचार्य पंडित सन्तोष पाठक ने श्रद्धालुओं के कलश में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जल भरवाया गया जिसके बाद ततपश्चात कलश यात्रामें शामिल लोग जय श्री राम का नारा लगाते हुई पुनः यज्ञ मंडप में पहुँच कर समाप्त हो गया। जिसके बाद विद्वानों की मंडली द्वारा पहले दिन का पाठ हुआ। वहीं रात्रि में अयोध्या से आये कलाकारों द्वारा रामलीला की शुरूआत की गई। राम नवमी पूजा के अवसर पर आयोजित रामलीला का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, राम नवमी पूजा के अध्यक्ष पंकज गिरी व अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष पंकज गिरी ने बताया कि यह यज्ञ व रामलीला कार्यक्रम 30 मार्च तक चलेगा। उन्होंने भक्तों से प्रत्येक रात्रि में होने वाली रामलीला व रामचरित मानस यज्ञ शामिल होकर धार्मिक लाभ उठाने की अपील किया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### पागल कुत्ते के काटने से दर्जन से ज्यादा लोग घायल

**चैनपुर।** चैनपुर में एक पागल कुत्ते ने 2 दिनों के अंदर दर्जन भर से अधिक लोगों को अपना शिकार बनाया। उक्त पागल कुत्ते के हमले से लोग दहशत में हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार चैनपुर प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में एक पागल कुत्ते के काटने से एक 7 वर्षीय बच्ची सहित दर्जनभर लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में उपचार के बाद रेबीज का इंजेक्शन दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार चैनपुर कार्यालय के पास काले रंग के एक पागल कुत्ते ने सहबीर उरांव, प्रेमनगर में थुमी देवी, महुवा टोली में 7 वर्षीय बच्ची रकीबा खातून, बेरथा बरला सहित कई लोगों पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वार्ड सदस्य रश्मि कुमारी ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया। वही 1 दिन पहले मंगलवार को भी पागल कुत्ते के काटने से 5 लोग घायल हो गए थे। पागल कुत्ते द्वारा लगातार हमले से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। लोग काफी भयभीत है।

### स्कूली बच्चों ने निकाली शोभायात्रा व प्रभात फेरी

**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा के भैया बहनों द्वारा चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के अवसर में बुधवार को विक्रम संवत 2080 के अवसर पर भव्य शोभायात्रा व प्रभात फेरी प्रातः 9 बजे निकाली गई। प्रभात फेरी के दौरान विद्यालय के भैया बहन हाथ में तख्ती लिए उत्साहपूर्वक हिन्दू नव वर्ष का स्वागत करते हुए नव वर्ष मङ्गलमय हो, भारत माता की जय, वन्दे मातरम का उद्घोष कर रहे थे। वही विद्यालय के बहन सुभद्रा कुमारी रानी लक्ष्मी बाई तथा बहन संध्या कुमारी भारत माता का रूप धर शोभायात्रा को शुशोभित कर आकर्षण छवि प्रस्तुत की। मौके पर विद्यालय के प्रबंधनकरिणी समिति के सदस्य पदाधिकारी, प्रधानाचार्य बिमलेश तिवारी, जयप्रकाश सिंह के अलावे छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सेन्हा : साप्ताहिक बाजार में निर्मित शेड ध्वस्त, बाल-बाल बचे व्यपारी

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के अलौदी पंचायत स्थित रानीगंज साप्ताहिक बाजार परिसर में बुधवार को निर्मित शेड अचानक गिरने से बड़ी दुर्घटना टल गई। बुधवार को ठीक बाजार लगना आरम्भ हुआ था कि शेड ध्वस्त हो गया। बताया जाता है कि शेड का निर्माण 6 वर्ष पूर्व कराया गया था। वहीं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार बता दें कि रानीगंज साप्ताहिक बाजार सुदुर्वर्ती क्षेत्र का बड़ा बाजार है। जहां शहर से लेकर अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र से लोग बाजार करने आते है। लेकिन आज जो हादसा हुआ उससे जानमाल की क्षति हो सकता था। लेकिन बाजार पूर्ण रूप से नही लगा था। जिसके कारण अप्रिय घटना घटित होने से बचा परंतु एक किसान का टमाटर शेड में दब कर क्षतिग्रस्त हो गया जिससे किसान महेश भगत को लगभग दो हजार का आर्थिक नुकसान होने की बात बताई जा रही है।

### रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

**जलडेगा।** जलडेगा थाना परिसर में रामनवमी पर्व को लेकर जलडेगा एवं कोनमेरला रामनवमी शान्ति समिति सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। सीओ डॉ खगेन महतो की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पुर्व की तरह शांतिपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ हर्षोल्लास से रामनवमी पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। सीओ डॉ महतो ने कहा रामनवमी शोभायात्रा के दौरान भड़काऊ गाना ना बजाएं और ना ही भड़काऊ मैसेज को बढ़ावा दें। बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार से दुर्गा मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्र को लेकर सामुहिक कलश स्थापना नवरात्र पुजन पाठ का आयोजन किया जाएगा। मौके पर एसआई बीरेंद्र शर्मा, एएसआई अक्षयवर राम सहित ग्रामीण सुभाष साहू, प्रखंड के कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## चट्टी के छत्तीस देवी मंदिर से निकाली भव्य कलश यात्रा

# भक्तों की उमड़ी भीड़, माता के जयकारे से माहौल हुआ भक्तिमय



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

भंडरा में बुधवार से चैत्र नवरात्रि शुरू हो गया है। बुधवार सुबह से ही प्रखंड के मंदिरों में माता रानी का जयकारा लगाया गया। इसी के साथ हिंदू नववर्ष का भी प्रारंभ हुआ है। वही चैत्र नवरात्रि के पहले दिन प्रखंड के मंदिर में भक्तो ने सुबह से पूजा-अर्चना किये। चट्टी गांव स्थित मां छतीस देवी मंदिर मे मंदिर निमार्ता जगतपाल साहू द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें प्रखंड के 11 सौ भक्त शामिल हुए। कलश यात्रा में उत्तर प्रदेश प्रयागराज (इलाहाबाद) से आये आचार्य जनार्दन शंकराचार्य एव आचार्य नारायण मिश्रा द्वारा वैदिक-मंत्रोच्चारण कर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के तत्पश्चात हजारों की संख्या मे भक्त चट्टी नदी के पवित्र घाट से कलश में जल भर भक्तों ने कलश यात्रा की शुरूआत की।चट्टी नदी से मुख्य पथ होते हुए चट्टी गांव स्थित मां छत्तीस देवी मंदिर पर कलश स्थापित किया गया। जैसे ही कलश यात्रा मंदिर पहुंची वैसे ही श्रद्धालुओं की लंबी लाइन देवी मां के मंदिर के बाहर लग गई। इस दौरान भक्तगणो द्वारा लगाये गये मां दुर्गा के जयकारे से पुरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था । बताते चलें कि, नवरात्रि के नौ दिन माता रानी के नौ रूपों की पूरे विधि विधान के साथ पूजा की जाती है। बुधवार को चैत्र नवरात्रि का पहला दिन है, इस दिन माता शैलपुत्री की आराधना होती है। माता रानी का आशीर्वाद पाने के लिए और उनकी भक्ति में भक्तगण उपवास रखते हैं। जिले में जगह-जगह पर माता रानी के मंदिरों में भक्त पूजा कर रहे हैं। चैत्र नवरात्रि 22 मार्च बुधवार से शुरू होकर 30 मार्च गुरुवार तक चलेगी। इस दौरान छत्तीस देवी मंदिर में नवरात्रि के 9 दिनों में देवी मां के 9 स्वरूपों की पूजा की जाएगी। कार्यक्रम के आयोजक सह मंदिर निमार्ता जगतपाल साहू ने बताया की नवरात्र मे नव दिनों तक प्रतिदिन संध्या मे माँ दुर्गे की आरती होगी। वही रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक प्रयागराज से आये शंकराचार्य जनार्दन एव नारायण शर्मा द्वारा प्रवचन दिया जायेगा। 31 मार्च को विसर्जन कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। कलश यात्रा मे सुरक्षा एव शांति व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी गौतम कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद थे। इस मौके पर मंदिर निमार्ता व आयोजक जगतपाल साहू, गोपाल साहू, बिरन साहू, पवन गुप्ता, विक्रांत गिरी, रितेश गुप्ता, रामजी गुप्ता, दीपक गुप्ता, राजकपुर गुप्ता, चन्दन गुप्ता, तूफान गुप्ता, मनीष गुप्ता, आकाश गुप्ता सहित हजारों की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ आरम्भ हुआ 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

चैत्र प्रतिपदा के शुभ अवसर पर सेन्हा प्रखंड ग्राम में कलश यात्रा के साथ 24 घंटा का हरिकिर्तन दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजन किया गया। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय ग्राम में बुधवार को कलश यात्रा का आयोजन हिन्दू संगठन के द्वारा किया गया। कलश यात्रा का आरम्भ राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय मैदान से एककत्रित हो आरम्भ हुआ और सेन्हा बाकी नदी से 1001 महिलाएं सहित नन्ही-नन्ही बच्चियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के उपरांत विधिवत जल भर कर सेन्हा चौक होते हुए ठाकुर बाड़ी, सती मंदिर प्रांगण सहित गांव का भ्रमण करते हुए दुर्गा मंदिर परिसर पहुंच पूजा अर्चना के उपरांत कलश स्थापना किया गया। कलश



स्थापना के पश्चात उपस्थित महिलाओं एवं बच्चियों सहित भक्त जन के बीच प्रसाद वितरण किया गया। कलश यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान दलबल के साथ मुस्तैद नजर आए। कलश यात्रा समापन के उपरांत दुर्गा मंदिर परिसर में 24 घंटा का अखंड हरिकिर्तन आरम्भ होने के पूर्व आचार्य सुर्यनारायण पाठक, अवनीश पाठक चंद्रमोहन पाठक द्वारा बैदिक मंत्रोउच्चारण के साथ अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ कराया गया। आयोजित अखंड हरिकीर्तन मंडली में सेन्हा, अरू, ईटा, बहरी, रामपुर, तोडार सहित प्रखंड क्षेत्र के अन्य पंचायत ग्राम से किर्तन मंडली के द्वारा किर्तन किया जा रहा है। साथ ही भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। धर्मिक अनुष्ठान से पूरे सेन्हा ग्राम में हरे रामा हरे कृष्णा से भक्ती मय हों गया।

## कैरो में कलश यात्रा के साथ रामनवमी सह भरत मिलाप शोभा यात्रा शुरू



**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को चैत्र नवरात्र पर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा दुगार्बाड़ी से शुरू हुई जिसमे सरना सनातन धर्मावलम्बियों के सैकड़ो महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने जय श्री राम की जयकारा करते हुए पूरब दिशा स्थित कंदनी नदी पहुंचे। पुरोहित कौशलकान्त त्रिपाठी के द्वारा विधिवत पूजन कराया गया। इसके पश्चात अपने-अपने कलश में जल भर कर पुनः दुगार्बाड़ी पहुंचे। कलश स्थापना के साथ ही बुधवार से रामनवमी सह भरत मिलाप शोभा यात्रा कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। नव दिनों तक नवाह्न परायण पाठ किया जाएगा। नवमी व दशमी को मेला सह भरत मिलाप शोभा यात्रा को सफल शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर समिति अपने अपने कार्य का निर्वाहन करेंगे ।मौके पर महाबीर मंडल के अध्यक्ष विवेक प्रजापति, शरत कुमार विद्यार्थी, शम्भू सोनी, रवि प्रजापति, बिनोद रविदास, सुजीत प्रसाद, संयज महतो, मनोज पांडे, संजय साहू, दिनेश साहू, कमलेश साहू सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

## विहिप के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद पांडे पहुंचे सिमडेगा

# भगवान श्रीराम हिंदू समाज के लिए एक आदर्श : पांडे

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के बताए मार्ग पर चलकर हम भारत को पूरी तरह से सशक्त और शक्तिशाली बना सकते हैं। आज देश में 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में राम मंदिर का भव्य निर्माण हो रहा और राम मंदिर के भव्य निर्माण कार्य में आदिवासी बहुल क्षेत्र मिजोरम आसाम नागालैंड सहित कई जगह के सुदूर आदिवासी क्षेत्रों के द्वारा बढ़-चढ़कर श्री राम जन्म भूमि में बनने वाले मंदिर निर्माण में समर्पण निधि कोष में अपनी सहयोग दिया आज मंदिर के कारण हिंदू स्वाभिमान एक प्रचंड जागरण का रूप ले लिया है उक्त बातें विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे जी ने नगर भवन में आयोजित हिंदू नववर्ष के पावन दिवस पर विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उत्सव के निमित्त श्रीराम महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ के दौरान कही उन्होंने सिमडेगा जिले का जिक्र करते हुए कहा कि यहां पर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम चतुर्मास का समय बिताया है और आज राम के चरण रज के पवित्र




भूमि में राम उत्सव के लिए मैं शामिल हुआ हूं। यह बड़े गर्व की बात है भगवान राम संपूर्ण हिंदू समाज के लिए एक आदर्श है क्योंकि भगवान राम के जीवन में चमत्कार कम और मानव जीवन को किस प्रकार से जीना चाहिए यह सिखाया गया है भगवान राम ने अपने माता पिता अपने भाई अपनी प्रजा अपने शत्रु और अपने हित कुटुंब के साथ किस प्रकार के व्यवहार करना है इसे लोगों को आदर्श के रूप में दिखाया है ।वर्तमान समय में हम भगवान राम के आदर्शों को भूलते जा रहे हैं जिसके कारण घुसपैठ, धर्मांतरण एवं जिहाद के कारण झारखंड की आंतरिक सुरक्षा खतरे में बढ़ते जा रही है, हमें ऐसी गतिविधियों पर सचेत रहने की आवश्यकता है। भगवान मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के जीवन चरित्र में उन्होंने माता सीता को एक पत्नी के रूप में किस प्रकार से प्रेम करनी है इस बात को ही बताया है। आज वर्तमान समय में राम मंदिर का निर्माण हो रहा है जो कि पूरे भारत में रामराज्य की नींव डालेगा भगवान राम अपने जीवन में लोगों को बता दिया की हिंदुत्व की रक्षा करने के लिए समय पर आगे आए थे ।आज वर्तमान समय में विरोधी ताकतों के द्वारा जाति प्रांत समुदाय के लड़ाई लड़ा कर यहां के लोगों में फूट डालने का काम कर रहे हैं जबकि भगवान राम अपने वनवास काल में जनजातीय समुदाय के बीच में रहकर उनसे प्रेम किया और यह बताया कि जनजातीय समुदाय करना सनातन की संस्कृति को मानती है। समाज में झूठ फैलाई जा रही है समाज में कई प्रकार के गलत चीजों को तोड़ मरोड़ कर पेश कर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है जिसे हमें जानने की आवश्यकता है। झारखंड की धरती भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षों की धरती है जिन्होंने ईसाई समुदाय के विरोध आंदोलन छोड़कर अपने धर्म के लोगों को अपने समुदाय में रखा आज वह जनेऊ पहनते थे लेकिन आज उनके जगहों पर जनेउ को भी हटा दिया गया। उन्हें ईसाइयों के जेल में बंद कर प्रताड़ित करते हुए हत्या की गई और ईसाइयों के द्वारा क्षेत्र में धर्मांतरण को बढ़ावा दिया ब्रिटिश ईसाई भारत को लूटा और आज लोगों को धन का प्रलोभन देकर धर्मांतरण कर रहे हैं रावण जैसे प्रवृत्ति वाले बांग्लादेशी आज झारखंड में घुस रहे हैं और यहां की कन्याओं के साथ विवाह कर यहां के जमीन हड़पने का काम कर रहे हैं जिससे हमें सावधान रहने की आवश्यकता है। जिहादी लोगों के द्वारा क्षेत्र में गौ तस्करी एवं लव जिहाद को बढ़ावा दे रहे हैं आज देखा जाए तो इस आई जिहादी नक्सल एवं कम्युनिस्ट लोगों के कार्यक्रम में क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद कुमार, प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, विशेष संपर्क प्रांत प्रमुख अरविंद सिंह सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हिन्दू नववर्ष पर जय श्री राम समिति ने निकाली भव्य शोभायात्रा

# जय श्री राम, जय मां दुर्गे के नारों से गुंजायमान रहा लोहरदगा शहर



**एजेंसी। लोहरदगा**

जिले में हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2080 पर बुधवार को जय श्री राम समिति के नेतृत्व में निकाला गया भव्य जुलूस। जय श्री राम समिति के साथ कई हिन्दूवादी संगठनों के जनसैलाब से लोहरदगा की सड़कें पटी रही। पूरा शहर पूरी तरह भगवा के रंग में रंग गया था। वही बरवाटोली दुर्गा मंदिर के पास जुलूस का स्वागत पुष्प वर्षा से की गई जिससे जुलूस में शामिल लोगो में खुशी देखने को मिली। हजारो की संख्या में युवा भगवा झंडा थामे और जय श्री राम के नारे से लोगों को नव वर्ष के स्वागत के लिए बधाई देते नजर आए। प्रशासन द्वारा पूरे जुलूस की ड्रोन से निगरानी की जा रही थी और भारी संख्या में पुलिस बल जुलूस के साथ मौजूद रहे। प्रमुख चौक-चौराहों पर भगवा झंडा तथा स्वागत द्वार बनाए गए हैं। जय श्री राम समिति और हिंदू संगठनों द्वारा ललित नारायण स्टेडियम से निकाले गए जुलूस मिशन चौक, अपर बाजार , थाना टोली से पावरगंज होते हुए न्यू रोड से फिर ललित नारायण स्टेडियम में आकर जुलूस का समापन भारत माता के पूजन के साथ हुआ। हिंदू नव वर्ष को लेकर जिले में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सिर पर चुनरी बांधे युवा नजर आ रहे थे। पूरा शहर भगवा ध्वज, भारत माता की जय और जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। इधर जनसैलाब को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के भारी बंदोबस्त किये गये थे। प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी थी। सुरक्षा को देखते हुए भारी तादाद में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। जुलूस के रूट में पड़ने वाले साम्प्रदायिक दृष्टिकोण से संवदेनशील मोहल्ला सहित अन्य जगहों पर विशेष सतर्कता बरती गई। साथ ही ड्रोन से निगरानी रखी जा रही थी। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। साथ ही जिला प्रशासन के बड़े अधिकारी जुलूस के साथ नजर आए।

### आरोही महिला मंडल ने पुष्प वर्षा कर किया हिंदू नव वर्ष का स्वागत

**लोहरदगा।** नवरात्रि के प्रथम दिन हिन्दू नव वर्ष पर स्वयं सहायता समूह, आरोही महिला मंडल, वीर शिवाजी चौक के सदस्यों के द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं श्रीराम समिति द्वारा आयोजित भव्य राम भक्तों के जुलूस का पुष्प वर्षा कर अभिवादन किया गया। विक्रम संवत 2080 के नव वर्ष में काफी हर्षोल्लास के साथ सभी महिलाओं ने सभी राम भक्तों पर पुष्पों की वर्षा कर यह संदेश दिया कि आने वाला नया वर्ष जन कल्याणकारी हो उज्जवल हो और हमारी संस्कृति को भी ऊर्जा मिले। ऐसी मंगल कामनाओं के साथ महिलाओं ने पुष्प वर्षा की। किरण गुप्ता ने बताया कि हमारी संस्कृति ही हमारे देश को विकास की गति देती है और यह त्यौहार भगवान श्री राम के जन्म उत्सव का त्यौहार है। इस अवसर पर किरण गुप्ता,छवि सिन्हा, चंदू देवी, छवि सिंह, रीता पांडे, सुधा व्यास, माधुरी गुप्ता, शिखा गुप्ता, छाया गुप्ता, रिया गुप्ता,अंजना गुप्ता, सुनीता केसरी, अंजू देवी, शताब्दी महेंद्र, श्रुति सिन्हा, निलेश कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता विनय कुमार गुप्ता, विकास कुमार गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता, वेदिका गुप्ता, अद्वैत महेंद्र, रोहित गुप्ता व अन्य वीर शिवाजी चौक के निवासी उपस्थित थे।

## जंगली हाथी ने दो महिलाओं को पटक कर मार डाला


**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**

बोलबा प्रखंड के कुंदुरमुंडा छपलपानी गांव के जंगल में जंगली हाथियों ने दो महिलाओं को पटक-पटक कर जान से मार डाला। इस मौके पर घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बोलबा प्रखंड क्षेत्र के कुंदुरमुण्डा छपलपानी गांव के जंगल में तरशीला बाः पति स्वर्गीय बरनबस बाः उम्र लगभग 65 वर्ष ने 22 मार्च को लगभग 10 बजे जंगल में महुआ चुन रही थी। इसी क्रम में अचानक जंगली हाथियों ने वहां आ पहुंचा जंगली हाथियों ने तरसिला बाः पर हमला दिया तथा उन्हें पटक-पटक कर जान से मार डाला। वही दूसरी ओर गांव की आश्रिता केरकेट्टा भी लापता थी। आश्रिता केरकेटा को ग्रामीणों ने खोज बीन कर रहे थे काफी खोजबीन के बाद लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर उनका शव देखा गया। बोलबा पुलिस तरसिला बाः के शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए घटना स्थल से चला गया।

## एसडीओ ने होली क्रॉस अस्पताल के अल्ट्रासाउंड मशीन को किया सील

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन बुधवार को प्रखंड के रामपुर पंचायत अंतर्गत हीरा बरवे होली क्रॉस अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण के क्रम में एसडीओ ने अस्पताल परिसर के साफ-सफाई एवं मरीजों के बेहतर उपचार एवं अच्छी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में एसडीओ द्वारा अस्पताल में रखे अल्ट्रासाउंड मशीन एवं अन्य कई जांच उपकरणों



का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि हीरा बरवे होली क्रॉस अस्पताल में जो अल्ट्रासाउंड मशीन है वह प्रयोग में नहीं है। नियमतः प्रयोग में नहीं रहने के कारण उक्त अल्ट्रासाउंड यूनिट को अस्थाई रूप से सील कर दिया गया है। एसडीओ रवि जैन ने बताया कि अस्पताल में जब अल्ट्रासाउंड के डॉक्टर आ जाएंगे और अस्पताल प्रबंधक द्वारा इसे सुचारू रूप से चलाने की बात बताई जाएगी तो इसे अनसील कर दिया जाएगा। मौके पर अनुमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी सुनील कुमार खाखा, बीडीओ शिशिर कुमार सिंह, सीओ गौतम कुमार, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजमोहन खलखो, चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह उपस्थित थे।

### जलडेगा में कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय देवी भागवत पुराण कथा का शुभारंभ



**जलडेगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मां शैलपुत्री दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्र को लेकर गांव की सुख समृद्धि एवं कामना के लिए सार्वजनिक रूप से पुजन अनुष्ठान एवं कलश स्थापना किया गया। पहले ही दिन मां भगवती के पहले रूप मां शैलपुत्री का पुजन किया गया। पुजा आयोजन समिति एवं नवयुवक संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय देवी भागवत पुराण कथा सह भजन संध्या में कथा वाचक ब्यास भागवताचार्य श्री दिनेशानंद मृदुल जी के द्वारा कथा प्रवचन किया गया। इससे पूर्व दुर्गा पूजा आयोजन समिति के नेतृत्व में स्थानिय महिलाओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाला गया। पंडित अरूण मिश्रा, चंदन मिश्रा और यजमान नन्दकिशोर सिंह की अगुवाई में तेलंगा नाला में कलश की विधिवत पुजन कर नगर भ्रमण करते हुए मंदिर में कलश स्थापित किया गया। पूरा जलडेगा मां भगवती की जयकारे और घंट शंख की ध्वनि से गुंजायमान था। लोगों की श्रद्धा भक्ती का अतुल्य समागम देखा गया। महिला, बुजुर्ग माताऐं, बच्चीयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भजन और जयकारे से भक्तों में काफी उत्साह था। मौके पर आयोजन समिति के सुभाष साहू, कमल अग्रवाल, बसंत साहू, संतोष सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### हिंदु नववर्ष के शुभ अवसर पर शिशु मंदिर में सत्यनारायण कथा को आयोजन

**बानो।** सरस्वती शिशु मंदिर गोंदल टोली में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2080 हिंदु नववर्ष के शुभ अवसर पर शिशु मंदिर में सत्यनारायण कथा को आयोजन किया गया। हिंदु नववर्ष पर सैकड़ो मातृशक्ति के बहनों के द्वारा गोंदल टोली शिशु मंदिर से कलश यात्रा निकालकर सरना मंदिर कोलेबिरा में जलाभिषेक किया । हिंदु नववर्ष पर सभी ने एक दुसरे पर अबीर गुलाल लगा कर एक दुसरे को नववर्ष कि बधाई दिया। हिंदु सनातन माता भाई-बहन इस कार्यक्रम में भाग लेकर हिंदु नववर्ष मंगलमय हो, विक्रम संवत 2080 अमर रहे, भारत माता कि जय, जय श्री राम, हर हर महादेव नारों के साथ विक्रम संवत, हिंदु नव वर्ष के आगमन का स्वागत किया इस अवसर पर सरना मंदिर कोलेबिरा में जलाभिषेक के बाद भण्डारा का आयोजन किया गया नववर्ष को सफल बनाने में मानेश्वर सिंह, मनोज पति, अभिषेक कुमार, विनोद कुमार डब्लू, अशोक इंदवार, नवाटोली पंचायत मुखिया कल्पना देवी, महेश्वर सिंह, संजय सिंह, राहुल कुमार, धनंजय झा, चंदन सिंह, दिनेश दास, देवनंदन खेरवार, मधुसूदन सिंह, सुचिता देवी, गंगोत्री देवी, देवकी देवी, गंगोत्री देवी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## कार्यक्रम

## सरहुल पूर्व संध्या सह नूतन वर्ष अभिनंदन समारोह का आयोजन

# जनजातीय समाज देश का गौरव : पड़हा बेल

### लोक नृत्य एवं गीत प्रतियोगिता में आर्यावर्त सदन विजेता और भारतवर्ष उपविजेता

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में बुधवार को भारतीय नूतन वर्ष अभिनंदन सह सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला राजी पड़हा समिति के बेल लक्ष्मी नारायण भगत, विद्या भारती विद्यालय समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, समिति की सदस्या शोभा देवी, कृष्णा प्रसाद, शिवशंकर प्रसाद, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, विद्वत परिषद के सदस्य बैजनाथ मिश्रा व देवानंद महतो और +2 के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने मां दुर्गा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं उनके समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि लक्ष्मी नारायण भगत ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति के आरंभ से ही हम सभी पृथ्वी को मां मानते हैं। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को अपनी परंपरा और संस्कृति से जुड़े रखना ही अपना संरक्षण है। कृष्णा प्रसाद जी ने सभी को नव वर्ष की मंगल कामना देते हुए कहा कि यह हमारे लिए अति गौरव का क्षण है कि हम नव वर्ष बना रहे है। परिषद के सदस्य बैजनाथ मिश्र ने कहा कि सरना शब्द दुर्गा सप्तशती से लिया गया है जिसका अर्थ होता है शरण देने वाली मां। शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि हमारी संस्कृति और परंपराओं से ही हमारी पहचान है। मौके पर विद्यार्थियों ने सरहुल और नव वर्ष के उत्साह को समर्पित कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। लोकगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता में आर्यावर्त सदन विजेता और भारतवर्ष सदन उपविजेता रही। पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता में बालक वर्ग में संदीप उरांव, राजकुमार उरांव और रितेश मुंडा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय हुए। जबकि बालिका वर्ग में प्रियंका उरांव,पूनम कुमारी और सुहानी टोप्पो ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय हुई। सभी को अतिथियों ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया। अतिथियों का परिचय प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कराया जबकि संचालन रश्मि साहू और धन्यवाद ज्ञापन आरती भगत ने किया। आयोजन को सफल बनाने में प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, रेणु कुमारी, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मियों ने महत्वपूर्ण योगदान किया।



# श्रीलंका को आइएमएफ से मिली पहली किश्त




**एजेंसी। कोलंबो**
श्रीलंका को बुधवार को इंटरनेशल मॉनेटरी फंड से अपने बेलआउट पैकेज की 330 मिलियन डॉलर की पहली किश्त मिल गई। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने संसद को इसकी जानकारी दी। आइएमएफ ने सोमवार को संकट में फंसे श्रीलंका के लिए रेस्क्यू पैकेज के तौर पर 3 बिलियन डॉलर मंजूर किए थे। पैकेज चार साल की अवधि में सरकार को दिया जाएगा। श्रीलंका की मौजूदा सरकार ने आइएमएफ की शर्तों के मुताबिक कदम उठाए जिससे संतुष्ट होने के बाद आइएमएफ ने राहत पैकेज को मंजूरी है। विक्रमसिंघे ने कहा कि उनके सरकारी अधिकारी अप्रैल के तीसरे हफ्ते में बॉन्डहोल्डर्स और बाइलेटरल लेनदारों के साथ अगले दौर की बातचीत शुरू करेंगे। वहीं संकट में फंसा एक और देश पाकिस्तान अभी भी आइएमएफ के बेलआउट का इंतजार कर रहा है। यह श्रीलंका के लिए 17वां आइएफएफ बेलआउट है। 2009 में दशकों से चल रहे सिविल वॉर के खत्म होने के बाद यह तीसरा बेलआउट है। आइएमएफ के वरिष्ठ अधिकारी मासाहिरो नोजाकी ने मंगलवार को कहा कि पिछले बेलआउट के विपरीत, इस बार मिले फंड का इस्तेमाल सरकारी खर्च के लिए भी किया जा सकता है। इससे पहले के बेलआउट का फंड मुख्य रूप से विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया गया था। इकोनॉमिक मिसमैनेजमेंट और कोविड-19 महामारी के कारण श्रीलंका आजादी के बाद से उसके सबसे खराब वित्तीय संकट से जूझ रहा है। उसके पास आवश्यक आयात के लिए डॉलर की भारी कमी हो गई है। संकट ने श्रीलंकाई लोगों को कॉस्ट ऑफ लिविंग को बढ़ा दिया है। इनकम टैक्स रेट 36% तक पहुंच गया है। बिजली दरों में भी 66% तक की बढ़ोतरी देखी गई है। फरवरी में यहां महंगाई दर 53.6% रही थी। टूरिज्म यहां के लोगों की आय का बड़ा जरिया है।


# हुरुन रिच लिस्ट के टॉप 10 में अंबानी इकलौते भारतीय



**एजेंसी। नई दिल्ली**
अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी दुनिया के सबसे अमीर कारोबारियों की लिस्ट में दूसरे नंबर से फिसलकर 23वें नंबर पर आ गए हैं। बुधवार को ट3ट हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2023 जारी की गई है जिसमें ये जानकारी सामने आई है। नेटवर्थ में साल-दर-साल 35% की गिरावट के साथ, अडाणी की कुल नेटवर्थ 53 बिलियन डॉलर है। हुरुन के मुताबिक, अडाणी को पिछले साल के मुकाबले 28 बिलियन डॉलर या हर हफ्ते 3,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। वहीं ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (फ्र्क्छ) के चेयरमैन मुकेश अंबानी 82 बिलियन डॉलर के साथ दुनिया के टॉप 10 बिलेनियर्स की लिस्ट में एकमात्र भारतीय हैं। वेल्थ में 20% की गिरावट के बावजूद उन्होंने लगातार तीसरे साल सबसे धनी एशियाई का खिताब बरकरार रखा है। 24 जनवरी को अमेरिकी शॉर्टसेलर हिंडनबर्ग ने एक रिपोर्ट जारी कर अडाणी ग्रुप पर शेयर मैनिपुलेशन से लेकर मनी लॉन्ड्रिंग जैसे आरोप लगाए थे।

## पीएम मोदी ने लॉन्च किया रिसर्च सेंटर

# भारत में 6जी की टेस्टिंग शुरू




**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत में 5जी सर्विस को लॉन्च हुए अभी 6 महीने हुए हैं और 6ऋ की तैयारी शुरू हो चुकी है। पीएम मोदी ने इस नेक्स्ट जेनरेशन टेक्नोलॉजी के लिए टेस्ट बेड लॉन्च किया है। अक्टूबर 2022 में 5जी सर्विस लॉन्च होने के बाद से टेलीकॉम कंपनियां जिओ और एयरटेल ने 400 से ज्यादा शहरों में 5जी सेवा शुरू कर दी है। पीएम मोदी ने नई दिल्ली में 6जी को लेकर विजन डॉक्यूमेंट शेयर किया है और इसकी टेस्टिंग के लिए 6जी टेस्ट बेड को भी लॉन्च किया है। इसके अलावा पीएम मोदी ने इंटरनेशन टेलीकम्युनिकेशन यूनियन के लिए इनोवेशन सेंटर और एरिया ऑफिस का भी उद्घाटन किया है। इंटरनेशनल टेलीकॉम यूनियन के लिए रिसर्च और इनोवेशन सेंटर लॉन्च करने के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत में 5ऋ सेवा शुरू होने के महज 6 महीने के बाद ही हम 6ऋ पर बात कर रहे हैं, यह भारत के दृढ़ आत्मविश्वास को दशार्ता है। 6ऋ विजन डॉक्यूमेंट को लॉन्चिंग पर बोलते हुए पीएम मोदी ने बताया कि भारत में सबसे तेजी से 5जी रोल आउट हो रहा है। केवल 120 दिनों में ही 125 शहरों में और 6 महीनों के अंदर 350 शहरों में 5जी सेवा शुरू हो चुकी है। पीएम मोदी ने 6जी विजन डॉक्यूमेंट को आने वाले कुछ सालों में 6जी सर्विस शुरू किए जाने का आधार बताया है। इस विजन डॉक्यूमेंट के अलावा पीएम नरेन्द्र मोदी ने 6जी टेस्ट बेड को भी लॉन्च किया है। पीएम ने कहा कि यह टेस्ट बेड भारत के डिजिटल इंडिया मिशन को और ताकत देगा। भारत में टेलीकॉम टेक्नोलॉजीन केवल मौजूदा डिजिटल टेक्नोलॉजी को मजबूती प्रदान करेगा, बल्कि यह देश के हर कोने में पहुंच गया है।

### 2 लाख गावों तक पहुंचा ऑप्टिकल फाइबर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 2014 से पहले जहां भारत में केवल 6 करोड़ स्मार्टफोन यूजर्स थे, जो अब 80 करोड़ से ज्यादा हो गए हैं। वहीं, इंटरनेट यूजर्स की संख्यां भी 25 करोड़ से 85 करोड़ से ज्यादा हो गई है। भारत के डिजिटल मिशन पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 9 साल में सरकारी और प्राइवेट टेलीकॉम कंपनियों ने देश में 25 लाख किलोमीटर रूट ऑप्टिकल फाइबर का जाल बिछाया है। 2 लाख से ज्यादा ग्राम पंचायत को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा जा चुका है। इसके अलावा 5 लाख कॉमन सर्विस सेंटर (उरउ) के जरिए लोगों को डिजिटल सर्विस प्रदान किया जा रहा है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 75 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 70 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## शेयर बाजार में आई तेजी

**मुंबई।** आज यानी बुधवार (22 मार्च) को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 171 अंक चढ़कर 58,245 पर खुला। वहीं निफ्टी भी 70 अंक चढ़ा। यह 17,177 के स्तर पर खुला। सेंसेक्स के 30 में से 25 शेयरों में तेजी और सिर्फ 5 में गिरावट देखने को मिल रही है। आज अडाणी ग्रुप के सभी 10 शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है। सुबह साढ़े 9 बजे अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 1.27% चढ़कर कारोबार कर रहा था। वहीं अडाणी ग्रीन एनर्जी और टोटल गैस के शेयर में 5-5% की तेजी है। आज कच्चे तेल (ब्रेंट क्रूड) में तेजी देखने को मिली है। कच्चा तेल 2% बढ़कर इंटरनेशनल मार्केट में 75.32 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। वहीं अमेरिकी क्रूड भी 2.5% बढ़कर 69.33 डॉलर प्रति बैरल पर है। ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत मिल रहे है। एशिया के बाजारों में मजबूती देखने को मिल रही है। बैंकिंग संकट कम होने की उम्मीद से कल दूसरे दिन अमेरिकी बाजार चढ़कर बंद हुए थे।

# बैंकों की सभी ब्रांचें 31 मार्च तक खुली रहेंगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**
बैंकों की सभी ब्रांच 31 मार्च तक खुली रहेंगी। आरबीआइ ने बैंकों को अपनी ब्रांच 31 मार्च तक खोले रखने का आदेश दिया है। इससे अब आप रविवार को भी बैंक से जुड़े काम निपटा सकेंगे। 31 मार्च के बाद लगातार 2 दिन यानी 1 और 2 अप्रैल को बैंकों में कामकाज नहीं होगा। आरबीआइ ने कहा कि 31 मार्च को फाइनेंशियल ईयर 2022-23 खत्म हो जाएगा। सरकार से जुड़े सभी ट्रांजैक्शंस इस तारीख तक सेटल हो जाने चाहिए। वहीं आरबीआइ ने कहा कि नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रांसफर और रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट सिस्टम के जरिए होने वाले ट्रांजैक्शंस 31 मार्च को रात 12 बजे तक जारी रहेंगे। सरकारी चेक के कलेक्शन के लिए स्पेशल क्लियरिंग कंडक्ट किए जाएंगे, जिसके लिए डिपार्टमेंट ऑफ पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स जरूरी निर्देश जारी करेगा। डीपीएसएस आरबीआइ के तहत आता है। सेंट्रल एंड स्टेट गवर्नमेंट के ट्रांजैक्शंस की रिपोर्टिंग के लिए रिपोर्टिंग विंडो 31 मार्च को 1 अप्रैल को दोपहर तक ओपन रखे जाएंगे। अगर आपने अभी तक अपने पैन को आधार से लिंक नहीं कराया हो तो 31 मार्च 2023 तक करा लें। ऐसा नहीं करने पर आपका पैन इनएक्टिव हो जाएगा।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

### ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 25/2022–23
### प्रथम आमंत्रण

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 29.03.2023 के अपराह्न 3.30 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 08.04.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान :– 10.04.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक, 1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 11.04..2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं० :– 8084784990
9. कार्य की विवरणी :– Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme (SVS) through New DT/ GPT with Solar Based DC Motor Pump complete set for different habitations of concerned village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum for 24 x 7 supply with 100% coverage by Tap Water Facility under JJM or Turn key basis for the year 2022-23.

| क्र० | प्रखण्ड | ग्रामों की संख्या | टोलों / योजना की संख्या | प्रस्तावित FHTC की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bhandra | 1 | 5/5 | 136 | SVS/LOH-01 | 52,32,360.00 | 1,04,700.00 | 10,000.00 | 05 months |
| 2 | Bhandra | 1 | 9/9 | 227 | SVS/LOH-03 | 90,73,350.00 | 1,18,500.00 | 10,000.00 | 05 months |
| 3 | Bhandra | 1 | 2/2 | 80 | SVS/LOH-04 | 24,05,241.00 | 48,200.00 | 5,000.00 | 05 months |
| 4 | Bhandra | 1 | 3/3 | 70 | SVS/LOH-05 | 28,35,836.00 | 56,800.00 | 5,000.00 | 05 months |
| 5 | Bhandra | 1 | 10/10 | 257 | SVS/LOH-06 | 99,47,862.00 | 1,99,000.00 | 10,000.00 | 05 months |
| 6 | Lohardaga | 1 | 3/3 | 115 | SVS/LOH-09 | 37,73,842.00 | 75,500.00 | 5,000.00 | 05 months |
| 7 | Loharadga | 1 | 1/1 | 10 | SVS/LOH-10 | 6,02,566.00 | 12,100.00 | 1,250.00 | 05 months |
| 8 | Senha | 1 | 2/2 | 70 | SVS/LOH-11 | 24,01,093.00 | 48,100.00 | 5,000.00 | 05 months |
| 9 | Senha | 1 | 1/1 | 7 | SVS/LOH-12 | 6,41,133.00 | 12,900.00 | 1,250.00 | 05 months |
| 10 | Senha | 1 | 1/1 | 12 | SVS/LOH-13 | 6,58,810.00 | 13,200.00 | 1,250.00 | 05 months |
| 11 | Senha | 1 | 1/1 | 7 | SVS/LOH-14 | 6,41,133.00 | 12,900.00 | 1,250.00 | 05 months |

नोट : 1. निविदा की नियम एवं शर्तें आदि कार्यालय सूचना पट्ट एवं झारखण्ड सरकार के वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
3. संवेदकों का UCAN निबंधन अनिवार्य है।
4. प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 293327 Lohardaga(22-23).D



## ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय)
चौथा तल, सेवा भवन, आर. के. पुरम, नई दिल्ली – 110066
वेबसाइटः www.beeindia.gov.in दूरभाषः 011-26766700

### कृपया ध्यान दें: 14 अधिसूचित क्षेत्रों में ऊर्जा उपयोगकर्ता

### ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 (2001 का 52) के तहत ऊर्जा खपत की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करना

निम्नलिखित ऊर्जा गहन क्षेत्रों में ऊर्जा के सभी उपयोगकर्ता / उपयोगकर्ता-वर्ग, जिनकी वार्षिक ऊर्जा खपत निम्नलिखित ऊर्जा गहन क्षेत्रों के विरुद्ध दर्शाई गई विनिर्दिष्ट सीमा से अधिक है, को ऊर्जा संरक्षण अधिनियम (2001 का 52) की धारा 14 के खंड (ई), का.आ.394 (ई) दिनांक 12 मार्च, 2007, का.आ. 3542 (ई) दिनांक 29 दिसंबर, 2015, का.आ.1388(ई) दिनांक 02 मई, 2017 और का.आ. 2147 (अ) दिनांक 17 जून, 2020 का.आ. 3445 (ई) दिनांक 28 सितंबर, 2020, का.आ. 4165 (ई) दिनांक 07 सितंबर, 2022 के तहत नामित उपभोक्ताओं के रूप में अधिसूचित किया गया है।

| क्र. सं. | अधिसूचित क्षेत्र | मीट्रिक टन तेल के समतुल्य (एमटीओई) प्रति वर्ष ऊर्जा की न्यूनतम खपत |
|---|---|---|
| 1. | एल्यूमिनियम | 7,500 |
| 2. | सीमेंट | |
| | (क) एकीकृत सीमेंट यूनिट | 30,000 |
| | (ख) सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट | 10,000 |
| 3. | वाणिज्यिक भवन या स्थापनाएं | |
| | (क) होटल | 500 |
| | (ख) हवाई अड्डा | 500 |
| 4. | क्लोर–अल्कली | 12,000 |
| 5. | विद्युत वितरण कंपनियां (डिस्कॉम) | एस ई आर सी/जे ई आर सी द्वारा सभी लाइसेंस प्राप्त वितरण कंपनियां |
| 6. | उर्वरक | 30,000 |
| 7. | लौह और इस्पात | 20,000 |
| 8. | लुगदी और कागज | 20,000 |
| 9. | पेट्रोलियम रिफाइनरियां | 90,000 |
| 10. | पेट्रोरसायन यूनिटें जिनमें गैस क्रैकर या नेफ्था क्रैकर या दोनों शामिल हों | 1,00,000 |
| 11. | रेलवे | |
| | (क) सभी जोनल रेलवे (ट्रैक्शन) | 70,000 |
| | (ख) कार्यशालाएं | 750 |
| | (ग) रेलवे की 8 उत्पादन फैक्टरियां नामतः आईसीएफ आरसीएफ, सीएलडब्ल्यू, बीएलडब्ल्यू पीएलडब्ल्यू आरडब्ल्यूएफ, एमसीएफ और आरडब्ल्यूपी | - |
| 12. | वस्त्र | 3,000 |
| 13. | थर्मल पॉवर स्टेशन | 30,000 |
| 14. | पेट्रोकेमिकल विनिर्माण इकाइयां | |
| | (1)फाइबर इंटरमीडिएट | 50,000 |
| | (2) पॉलिमर | 10,000 |
| | (3) डिटर्जेंट इंटरमीडिएट | 9,000 |
| | (4) परफोर्मेंस प्लास्टिक | 3,000 |
| | (5) अन्य पेट्रोकेमिकल उत्पाद | 6,000 |
| | (6) सिंथेटिक रबर | 15,000 |
| | (7) सुगंध | 20,000 |

केंद्र सरकार द्वारा का.आ.1409(ई) दिनांक 28 मार्च, 2018, का.आ. 1473(ई) दिनांक 29 मार्च, 2019, का.आ. 1254(ई) दिनांक 13 अप्रैल, 2020, का.आ. 4491(ई) दिनांक 26 अक्टूबर, 2021 का.आ. 4552 (ई) दिनांक 26 सितंबर, 2022, को संबंधित नामित एजेंसी को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को एक प्रति के साथ, वार्षिक ऊर्जा खपत की स्थिति पर ऊर्जा प्रबंधक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित पिछले दो वर्षों अर्थात् 2021.22 और 2022.23 की रिपोट, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 (2001 का 52) की धारा 14 के खंड (ठ) के तहत अधिसूचित प्रपत्र–1 में प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाता है।

आवश्यक क्षेत्र लागू प्रो.फॉर्मा या प्रपत्र.1 की एक प्रति बीईई वेबसाइटः **https://beeindia.gov.in/content/pat-performa** से डाउनलोड की जा सकती है।

यदि कोई व्यक्ति 30 जून, 2023 तक वार्षिक खपत आदि की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो वह ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 की धारा 26 के तहत दंड का भागी होगा।

अधिक जानकारी/प्रश्न के लिए कृपया हमसे 011.26766700 पर संपर्क करें या **newdc@beeindia.gov.in** पर मेल भेजें।

**CBC 34106/12/0024/2223**
मिशन निदेशक, एनएमईईई



## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
दूरभाष (मो0) सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
(3G Award के तहत् घोषित)
**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–98
(NH 98 कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 98) (कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–98 अन्तर्गत मौजा–करमाकला, थाना–छत्तरपुर, थाना नं0–282
पत्रांक 161 (E)/भू0अ0 दिनांक 11.03.2023

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | करमाकला | 73/32 | 1314/1/262 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 1 | सुरेश साव, उमेश यादव, दिनेश यादव पिता स्व0 रामबिलास यादव | |
| 2 | | 61 | 621/7/262 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 2 | शंकर प्रसाद पिता विश्वनाथ साव | |
| 3 | | 73/32 | 1314/6/657 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 3 | नदु प्रसाद यादव पिता फगुनी यादव | |
| 4 | | 73/32 | 1314/2/262 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 4 | जग्रनाथ यादव, जयराम यादव पिता शिवमंगल यादव | |
| 5 | | 39 | 553/4/235 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 5 | बुधनी देवी पति भोला यादव | |
| 6 | | 61/32 | 620/1 | गै0मा0 | ईट का चाहर दिवारी | 0.0000 | 6 | अरूण कुमार गुप्ता पिता गुरू प्रसाद | |
| 7 | | 39/1 | 551/4/230 | बकास्त | ईट का चाहर दिवारी | 0.0000 | 7 | डोमन यादव पिता फगुनी यादव | |
| 8 | | 73/32 | 1314/26/657 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 8 | मुरती कुवर पति स्व0 महराज यादव | |
| 9 | | 152/32 | 1114/1125 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 9 | रामजी विश्वकर्मा पिता स्व0 मुंशी मिस्त्री | |
| 10 | | 73/32 | 1314/24/657 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 10 | उषा देवी पति बलराम सिंह यादव | |
| 11 | | 73/32 | 1314/3/262 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 11 | सुशिन्ता देवी पति श्यामदेव प्रसाद यादव | |
| 12 | | 73/32 | 1314/25/657 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 12 | विजय यादव, रामसुन्दर यादव, विनोद यादव, ललु यादव पिता स्व0 जानकी यादव | |
| | | | | | कुल | 0.0000 | | | |

PR 293321 Palamu(22-23)D
कानुनगो जिला भू–अर्जन, कार्यालय पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

ज्ञान की बात

यह सच है कि लता का जन्म भूमि से होता है; किंतु वृक्ष से लिपटकर वह आकाश की ओर उठती है। यदि आप उस वृक्ष से उसे पृथक करेंगी तो वह लता छिन्न-भिन्न तो होगी ही, जीवित भी नहीं रह पाएगी। यह जानकर भी कि तुम मेरी जननी हो, जैसे मैं अपनी माता को त्याग नहीं सकता, वैसे ही यह जानकर भी कि युधिष्ठिर मेरा सहोदर है, मैं दुर्योधन का त्याग नहीं कर सकता। - *ठाकुरजी*

# शिक्षा है जरूरी

***झारखंड*** में नई शिक्षा नीति के तहत स्कूली शिक्षा और हालात ,पाठयक्रम और पढ़ाने के तरीके में हो रहे बदलाव के बीच स्कूली शिक्षा नई करवट ले रही है। सरकार ने कई स्कूलों को बदलने की दिशा में कठोर कदम उठाने की बात की है। ऐसे में एक नई उम्मीद लोगों को जगी है। इतिहास में पहली बार शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर किसी आयोजन का होना बढ़ी बात है। प्रतिस्पर्धा के इस युग में हमारे सरकारी विद्यालयों के बच्चे निजी विद्यालयों या बड़े शहरों के विद्यालयों के बच्चों से किसी भी क्षेत्र में कम न रहें। सरकार ने राज्य में सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को क्वालिटी एजुकेशन उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। पहले चरण में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसई की तर्ज पर हमारे बच्चों को शिक्षा मिलनी शुरू हो चुकी है।

**राज्य स्तर पर मेधावी टॉपर बच्चे-बच्चियों को राज्य सरकार प्रोत्साहन राशि के साथ-साथ अब लैपटॉप तथा मोबाइल भी सरकार विचार कर रही है। अब चयनित उत्कृष्ट विद्यालयों में भी कंपटीशन कराया जायेगा।**

आने वाले समय में राज्य में चार हजार से अधिक सरकारी विद्यालयों में यह व्यवस्था लागू की जायेगी। आने वाली पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उन्हें बौद्धिक तथा सामाजिक रूप से मजबूत बनाया जायेगा। कारण जो राज्य शिक्षित होता है उसे किसी के सहारे की जरूरत नहीं पड़ती है। आज के प्रतिस्पर्धा के इस समय में अध्ययनरत बच्चे-बच्चियों को आगे बढ़ने के लिए हौसला देने की आवश्यकता है। राज्य स्तर पर मेधावी टॉपर बच्चे-बच्चियों को राज्य सरकार प्रोत्साहन राशि के साथ-साथ अब लैपटॉप तथा मोबाइल भी सरकार विचार कर रही है। अब चयनित उत्कृष्ट विद्यालयों में भी कंपटीशन कराया जायेगा। जिन विद्यालयों का परिणाम बेहतर होगा उन विद्यालयों के कर्मियों एवं बच्चों को देश के अन्य राज्यों का भ्रमण कराया जायेगा। ऐसे में स्कूल समितियों को सदस्यों और पदाधिकारी अगर व्यर्थ के विवादों से मुक्त होकर केवल स्कूल के विकास और बच्चों के उत्थान तथा शिक्षा की स्थिति में सुधार पर जोर दें तो स्कूलों की स्थिति में तेजी से सुधार हो सकता है और हमारे बच्चे उसे देखेंगे तथा सीखेंगे। राज्य सरकार स्कूलों में क्वालिटी एजुकेशन के साथ-साथ बच्चों को कला संस्कृति के संरक्षण हेतु प्रेरित करेगी तभी जाकर इस क्षेत्र में बदलाव लाया जा सकता है। कला संस्कृति से संबंधित एक अलग विषय को जोड़कर तेजी से विकास किया जा सकता है। राज्य की भाषा, कला संस्कृति को आने वाली पीढ़ी भूले नहीं यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। हमें अपनी भाषा संस्कृति को अक्षुण्ण रखने की आवश्यकता है। तभी हमारे प्रदेश में खुशहाली आयेगी। ऐसा देखा जाता है कि राज्य के स्कूलों की स्थिति अच्छी नहीं है। पढ़ाई का माहौल नहीं के बराबर है। बहुत कम विद्यालय हैं,जहां से निकल कर बच्चे आइएएस और आइपीएस की परीक्षा में सफल होते हैं। इसके लिए माहौल बनाने की जरूरत है। राज्य के कम विद्यालय हैं जहां पर पढ़ाई का स्तर बरकरार है। ऐसे में हम नेतरहाट विद्यालय का नाम ले सकते हैं। इस स्थिति में उसी की तर्ज पर यहां के विद्यालयों को सजाने और संवारने की जरूरत है। तभी यहां के आंगन में शिक्षा की ज्योति फैलायी जा सकती है। इसके लिए सरकार के साथ-साथ आम लोगों का सहयोग बहुत जरूरी है। सरकार के भरोसे रह कर चमत्कार की उम्मीद नहीं की जा सकती है। बावजूद राज्य की हेमंत सोरेन की मंशा पर शक नहीं किया जा सकता है। उनके इस अभियान को गति देने की जरूरत है।

# राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान और विक्रमी संवत





सुरेश हिन्दुस्थानी

***वर्तमान*** भारत में जिस प्रकार से सांस्कृतिक मूल्यों का क्षरण हुआ है, उसके चलते हमारी परंपराओं पर भी गहरा आघात हुआ है। यह सब भारतीय संस्कृति के प्रति कुटिल मानसिकता के चलते ही किया गया। आज भारत के कई लोग इस तथ्य से अवगत नहीं हैं कि भारतीय संस्कृति क्या है, हमारे संस्कार क्या हैं? लेकिन अच्छी बात यह है कि कोई भी शुभ कार्य करने के लिए आज भी समाज का हर वर्ग भारतीय कालगणना का ही सहारा लेता है। चाहे वह गृह प्रवेश का कार्यक्रम हो या फिर वैवाहिक कार्यक्रम। हम भारतीय पंचांग का सहयोग ही लेते हैं। इसी प्रकार हमारे त्योहार भी प्राकृतिक और गृह नक्षत्रों पर ही आधारित होते हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि वर्ष प्रतिपदा पूर्णतः वैज्ञानिक और प्राकृतिक नव वर्ष है। कहा जाता है कि जो देश प्रकृति के अनुसार चलता है, प्रकृति उसकी रक्षा करती है। वर्तमान में जिस प्रकार से विश्व के अनेक हिस्सों प्रकृति का कुपित रूप दिखाई देता है, उससे मानव जीवन के समक्ष अनेक प्रकार की विसंगतियां प्रादुर्भूत हुई हैं। यह सब पश्चिम विचार की अवधारणा के चलते ही हो रहा है। भारत की संस्कृति मानव जीवन को सुंदर और सुखमय बनाने का मार्ग प्रशस्त करती है। विश्व की महान और शाश्वत परंपराओं का धनी भारत देश भले ही अपने अपनी पहचान बताने वाली कई बातों का भूल गया हो, लेकिन कुछ बातें ऐसी भी हैं, जिनका स्वरूप आज भी वैसा ही दिखाई देता है, जैसा दिग्विजयी भारत का था। हम भले ही अपने शुभ कार्यों में अंग्रेजी तिथियों का उल्लेख करते हों, लेकिन उन तिथियों का उन शुभ कार्यों से कोई संबंध नहीं रहता। हम जानते हैं कि भारत में जितने भी त्योहार एवं मांगलिक कार्य किये जाते हैं, उन सभी में केवल भारतीय कालगणना को ही प्रधानता दी जाती है। इसका आशय स्पष्ट है कि भारतीय ज्योतिष उस कार्य के गुण और दोष को भली भांति प्रकट करने की क्षमता रखता है। किसी अन्य कालगणना में यह संभव ही नहीं है। वर्तमान में हम भले ही स्वतंत्र हो गये हों, लेकिन पराधीनता की काला साया एक आवरण की तरह हमारे सिर पर विद्यमान है। इसी वजह से हम उस राह का अनुसरण करने की ओर प्रवृत्त हुए हैं, जो हमारे संस्कारों के साथ समरस नहीं है। अब नव वर्ष को ही ले लीजिए। अंग्रेजी पद्धति से एक जनवरी को मनाया जाने वाला वर्ष कहीं से भी नया नहीं लगता। इसके नाम पर किया जाने वाला मनोरंजन फूहड़ता के अलावा कुछ भी नहीं है। आधुनिकता के नाम पर समाज का अभिजात्य वर्ग वह सब कुछ कर रहा है, जो सभ्य और भारतीय समाज के लिए स्वीकार करने योग्य नहीं है। विसंगति तो यह है कि हमारे समाज के यही लोग संस्कृति बचाने के नाम पर लंबे चौड़े व्याख्यान दे देते हैं। भारतीय कालगणना के अनुसार मनाये जाने वाले त्यौहारों के पीछे कोई न कोई प्रेरणा विद्यमान है। हम जानते हैं कि हिन्दी के अंतिम मास फाल्गुन का वातावरण भी वर्ष समाप्ति का संकेत देता है। साथ ही नव वर्ष के प्रथम दिन से ही वातावरण सुखद हो जाता है। हमारे ऋषि मुनि कितने श्रेष्ठ होंगे, जिन्होंने ऐसी कालगणना विकसित की, जिसमें कब क्या होना है, इस बात की पूरी जानकारी समाहित है। पिछले दो हजार वर्षों में अनेक देशी और विदेशी राजाओं ने अपनी साम्राज्यवादी आकांक्षाओं की तुष्टि करने तथा इस देश को राजनीतिक दृष्टि से पराधीन बनाने के प्रयोजन से अनेक संवतों को चलाया, किंतु भारत राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान केवल विक्रमी संवत के साथ ही जुड़ी रही। अंग्रेजी शिक्षा-दीक्षा और पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव के कारण आज भले ही सर्वत्र ईसवी संवत का बोलबाला हो और भारतीय तिथि-मासों की कालगणना से लोग अनभिज्ञ होते जा रहे हों, परंतु वास्तविकता यह भी है कि देश के सांस्कृतिक पर्व-उत्सव तथा राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, गुरु नानक आदि महापुरुषों की जयंती आज भी भारतीय कालगणना के हिसाब से ही मनाई जाती हैं, ईसवी संवत के अनुसार नहीं। विवाह-मुण्डन का शुभ मुहूर्त हो या श्राद्ध-तर्पण आदि सामाजिक कार्यों का अनुष्ठान, ये सब भारतीय पंचांग पद्धति के अनुसार ही किया जाता है। ईसवी सन की तिथियों के अनुसार नहीं। इसके बाद भी हमारा समाज का एक वर्ग इस सत्य को स्वीकार नहीं कर पा रहा है। इसके कारण हम सामाजिक मान मर्यादाओं का स्वयं ही मर्दन करते जा रहे हैं। इसके चलते इसका दुष्प्रभाव हमारे सामने आ रहा है और समाज में अनेक प्रकार की विसंगतियां भी जन्म ले रही हैं, जो भारतीय जीवन दर्शन के हिसाब से स्वीकार योग्य नहीं हैं। शुभ कार्य के लिए शुभ समय की आवश्यकता होती है और यह शुभ समय निकालने की सही विधि केवल भारतीय कालगणना में ही समाहित है। भारतीय नववर्ष का पहला दिन यानी सृष्टि का आरम्भ दिवस, युगाब्द और विक्रम संवत जैसे विश्व के प्राचीन संवत का प्रथम दिन- श्रीराम एवं युधिष्ठिर का राज्याभिषेक दिवस, मां दुर्गा की साधना चैत्र नवरात्रि का प्रथम दिवस, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक, प्रखर देशभक्त डॉ. हेडगेवार जी का जन्मदिन, आर्य समाज स्थापना दिवस, संत झूलेलाल जयंती जैसी विशेषताओं को समेटे हुए कुछ नया करने की प्रेरणा देता है। वास्तव में ये वर्ष का सबसे श्रेष्ठ दिवस है। भारतीय नववर्ष का प्रारम्भ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से माना जाता है। ब्रह्म पुराण के अनुसार पितामह ब्रह्मा ने इसी दिन से सृष्टि निर्माण प्रारम्भ किया था, इसलिए यह सृष्टि का प्रथम दिन है। इसकी कालगणना बड़ी प्राचीन है। सृष्टि के प्रारम्भ से अब तक 1 अरब, 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार, 123 वर्ष बीत चुके हैं। यह गणना ज्योतिष विज्ञान के द्वारा निर्मित है। आधुनिक वैज्ञानिक भी सृष्टि की उत्पत्ति का समय एक अरब वर्ष से अधिक बता रहे हैं। जो भारतीय काल गणना की शाश्वत उपयोगिता का प्रमाण देता है। हिंदू शास्त्रानुसार इसी दिन से ग्रहों, वारों, मासों और संवत्सरों का प्रारम्भ गणितीय और खगोलशास्त्रीय संगणना के अनुसार माना जाता है। भारतवर्ष में वसंत ऋतु के अवसर पर नूतन वर्ष का आरम्भ मानना इसलिए भी हर्षोल्लास पूर्ण है, क्योंकि इस ऋतु में चारों ओर हरियाली रहती है तथा नवीन पत्र-पुष्पों द्वारा प्रकृति का नव श्रृंगार किया जाता है। भारतीय कालगणना के अनुसार वसंत ऋतु और चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की तिथि अति प्राचीन काल से सृष्टि प्रक्रिया की भी पुण्यतिथि रही है। वसंत ऋतु में आने वाले वासंतिक नवरात्र का प्रारम्भ भी सदा इसी पुण्य तिथि से होता है। विक्रमादित्य ने भारतीय कालगणना की सांस्कृतिक परम्पराओं को ध्यान में रखते हुए ही चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की तिथि से ही अपने नव संवत्सर को चलाने की परंपरा शुरू की थी। तभी से समूचा भारत इस तिथि का प्रतिवर्ष अभिनंदन करता है। ऐसे में विचारणीय तथ्य यह है कि हम जड़ों से जुड़े रहना चाहते हैं या फिर जड़ बनकर पश्चिम के पीछे भागना चाहते हैं। ध्यान रहे नकल हमेशा नकल ही रहती है, वास्तविकता नहीं हो सकती।

**वर्तमान में हम भले ही स्वतंत्र हो गये हों, लेकिन पराधीनता की काला साया एक आवरण की तरह सिर पर विद्यमान है। इसी वजह से हम उस राह का अनुसरण करने की ओर प्रवृत्त हुए हैं, जो हमारे संस्कारों के साथ समरस नहीं है।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### आईए सुनें महाभारत की कथा

***चित्रांगद*** और विचित्रवीर्य। ये शान्तनु से सत्यवती के गर्भ से उत्पन्न हुए थे। शान्तनु के स्वर्गलोक चले जाने पर भीष्म ने अविवाहित रह कर अपने भाई विचित्रवीर्य के राज्य का पालन किया। चित्रांगद बाल्यावस्था में ही चित्रांगद नाम वाले गन्धर्व के द्वारा मारे गये। फिर भीष्म संग्राम में विपक्षी को परास्त करके काशिराज की तीन कन्याओं - अम्बा अंबिका और अंबालिका को हर लाये। वे दोनों विचित्रवीर्य की भायाएँ हुईं। कुछ काल के बाद राजा विचित्रवीर्य राजयक्ष्मा से ग्रस्त हो स्वर्गवासी हो गये। तब सत्यवती की अनुमति से व्यासजी के द्वारा नियोग द्वारा अम्बिका के गर्भ से राजा धृतराष्ट्र और अम्बालिका के गर्भ से पाण्डु उत्पन्न हुए। गान्धारी के गर्भ से धृतराष्ट्र को सौ पुत्रों की प्राप्ति हुई, जिनमें दुर्योधन सबसे बड़ा था और पाण्डु के युधिष्टर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव आदि पांच पुत्र हुए।धृतराष्ट्र जन्म से ही अन्धे थे अतः उनकी जगह पर पाण्डु को राजा बनाया गया, इससे धृतराष्ट्र को सदा अपनी नेत्रहीनता पर क्रोध आता और पाण्डु से द्वेषभावना होने लगती। पाण्डु ने सम्पूर्ण भारतवर्ष को जीतकर कुरु राज्य की सीमाओ का यवनो के देश तक विस्तार कर दिया। एक बार राजा पाण्डु अपनी दोनों पत्नियों - कुन्ती तथा माद्री - के साथ आखेट के लिये वन में गये। वहाँ उन्हें एक मृग का मैथुनरत जोड़ा दृष्टिगत हुआ। पाण्डु ने तत्काल अपने बाण से उस मृग को घायल कर दिया। मरते हुये मृगरुपधारी निर्दोष ऋषि ने पाण्डु को शाप दिया, 'राजन! तुम्हारे समान क्रूर पुरुष इस संसार में कोई भी नहीं होगा। तूने मुझे मैथुन के समय बाण मारा है अतः जब कभी भी तू मैथुनरत होगा तेरी मृत्यु हो जायेगी।' इस शाप से पाण्डु अत्यन्त दुःखी हुये और अपनी रानियों से बोले, 'हे देवियों! अब मैं अपनी समस्त वासनाओं का त्याग कर के इस वन में ही रहूँगा तुम लोग हस्तिनापुर लौट जाओ.' उनके वचनों को सुन कर दोनों रानियों ने दुःखी होकर कहा, 'नाथ!

*(क्रमशः)*

# भूल न जाना शहीद भगत सिंह के साथियों को



आर.के.सिन्हा

***कौन*** सा हिन्दुस्तानी होगा जिसके मन में शहीद भगत सिंह को लेकर गहरी श्रद्धा का भाव नहीं होगा। होगा भी क्यों नहीं। आखिर वे क्रांतिकारी, चिंतक और आदर्शों से लबरेज मनुष्य थे। उनसे अब भी भारत के करोड़ों नौजवान प्रेरणा पाते हैं। पर यह भी जरूरी है कि देश भगत सिंह के करीबी साथियों जैसे चंद्रशेखर आजाद, राजगुरु, सुखदेव, बटुकेशवर दत्त, दुर्गा भाभी वगैरह के बलिदान को भी याद रखा जाय। राजगुरु का संबंध पुणे (महाराष्ट्र) से था। उन्हें भगत सिंह और सुखदेव के साथ 23 मार्च, 1931 को लाहौर में फांसी पर लटका दिया गया था। वे भगत सिंह और सुखदेव के घनिष्ठ मित्र थे। इस मित्रता को राजगुरु ने मृत्यु पर्यंत निभाया। देश की आजादी के लिए दिये गये राजगुरु के बलिदान ने इनका नाम भारत इतिहास में अंकित करवा दिया। अगर बात वीर स्वतंत्रता सेनानी सुखदेव की हो तो वो भी महाराष्ट्र से थे । राजगुरु के पिता का निधन इनके बाल्यकाल में ही हो गया था। इनका पालन-पोषण इनकी माता और बड़े भैया ने किया। राजगुरु बचपन से ही बड़े वीर और मस्तमौला थे। भारत मां से प्रेम तो बचपन से ही था। वो बचपन से ही वीर शिवाजी और लोकमान्य तिलक के बहुत बड़े भक्त थे। संकट मोल लेने में भी इनका कोई जवाब नहीं था। महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद से मुलाकात के बाद उनका जीवन पूर्णतः बदल गया। उन्हें जीवन का एक लक्ष्य मिल गया। चंद्रशेखर आजाद इस जोशीले नवयुवक से बहुत प्रभावित हुए और बड़े चाव से इन्हें निशानेबाजी की शिक्षा देने लगे। शीघ्र ही राजगुरु भी आजाद जैसे एक कुशल निशानेबाज बन गये। राजगुरु का निशाना कभी चूकता नहीं था। चंद्रशेखर की मार्फत राजगुरु भगत सिंह और सुखदेव से मिले। राजगुरु इन दोनों से बड़े प्रभावित हुए। ये तीनों परम मित्र बन गये। इन सब क्रांतिकारियों ने लाला लाजपत राय की मृत्यु के जिम्मेदार अंग्रेज अफसर स्कॉट का वध करने की योजना बनाई। इस काम के लिए राजगुरु और भगत सिंह को चुना गया। राजगुरु तो अंग्रेजों को सबक सिखाने का अवसर ढूंढ़ते ही रहते थे। अब वह सुअवसर उन्हें मिल गया था। 19 दिसंबर, 1928 को राजगुरु, भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद ने सुखदेव के कुशल मार्गदर्शन के फलस्वरूप सांडर्स नाम के एक अन्य अंग्रेज अफसर, जिसने स्कॉट के कहने पर लाला लाजपत राय पर ताबड़तोड़ लाठियां चलायी थीं, का वध कर दिया। अपने काम को पूरा करने के बाद भगत सिंह अंग्रेज साहब बनकर तथा राजगुरु उनके सेवक बनकर पुलिस को चकमा देकर लाहौर से निकल गये थे। उस समय भगत सिंह और राजगुरु के साथ दुर्गा भाभी भी थीं। वो भगत सिंह की पत्नी बनी हुईं थीं। वो भगत सिंह की परम सहयोगी थीं। दुर्गा भाभी का पूरा नाम दुर्गा देवी वोहरा था। वो मशहूर हुईं दुर्गा भाभी के रूप में। दुर्गा भाभी असली जिंदगी में पत्नी थीं हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) के सदस्य भगवती चरण वोहरा की। इसी संगठन के सदस्य भगत सिंह भी थे। वोहरा की बम का टेस्ट करते वक्त विस्फोट में जान चली गई थी। दुर्गा भाभी के अलावा एचएसआरए में सुशीला देवी जैसी कुछ और महिलाएं भी एक्टिव थीं। बहरहाल, भगत सिंह को राजगुरु और सुखदेव के साथ फांसी हो जाती है। उनका संगठन बिखर सा गया। उसके बाद दुर्गा भाभी ने 1940 के दशक में लखनऊ के कैंट में एक बच्चों का स्कूल खोला। उसे वह दशकों तक चलाती रहीं। वो 1970 के दशक तक लखनऊ में ही रहीं। फिर वो अपने परिवार के कुछ सदस्यों के साथ गाजियाबाद शिफ्ट हो गईं। 1999 में उनकी गुमनामी में ही मृत्यु हो गई।

**अगर बात वीर स्वतंत्रता सेनानी सुखदेव की हो तो वो भी महाराष्ट्र से थे । राजगुरु के पिता का निधन इनके बाल्यकाल में ही हो गया था। इनका पालन-पोषण इनकी माता और बड़े भैया ने किया।**

**अवसर विशेष**

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट

Amit Shah
@AmitShah

समस्त देशवासियों को 'नव संवत्सर' की अनेकों शुभकामनाएं।

विक्रम संवत-2080 आप सभी के जीवन में खुशियां, आरोग्य व समृद्धि लाए।

## फेसबुक वॉल से

Samiratmaj Mishra
1 d ·

2024 में बीजेपी का केंद्र में सरकार बना पाना मुश्किल लग रहा है।

क्योंकि....

समाजवादी पार्टी ने यूपी की सभी 80 सीटें जीतने का प्रण कर लिया है।

और यूपी की इतनी सीटों के बिना बीजेपी शायद ही बहुमत तक पहुँच पाए।

# वैज्ञानिक कालगणना और भारतीय आध्यात्म



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

***भारतीय*** नव वर्ष का शुभारंभ प्रकृति की नवचेतना के साथ होता है। वृक्ष नये रूप में पल्लवित होते है। प्रकृति सर्वत्र उत्साह का संचार करती है। मां दुर्गा की उपासना से माहौल भक्तिमय हो जाता है। दुनिया की सर्वाधिक प्राचीन व वैज्ञानिक कालगणना का आविष्कार भारत में हुआ था। इसमें समय के न्यूनतम अंश का भी समावेश है। प्रलय के बाद भी यह कालगणना निरन्तर जारी रहेगी। प्रासंगिक रहेगी। इसके नववर्ष में प्रकृति भी नये रूप में परिलक्षित होती है। यह संधिकाल आध्यात्मिक ऊर्जा को प्राप्त करने का अवसर होता है। इसमें पाश्चात्य नववर्ष की तरह देररात का हंगामा नहीं होता। भारतीय कालगणना में परमाणु से लेकर कल्प तक का विचार है। इसलिए यह पूर्णतया वैज्ञानिक है। भारतीय नववर्ष का प्रथम दिन अपने में व्यापक संदेश देने वाला होता है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही पृथ्वी माता का प्रादुर्भाव हुआ। इसी के साथ ब्रह्मा जी ने कालगणना का श्रीगणेश किया। नवरात्रि का प्रथम दिवस मत्स्यावतार, प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक, धर्मराज युधिष्ठिर का राज्य तिलक इसी दिन हुआ था। यह सभी अवसर भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाने वाले है। पृथ्वी के प्रादुर्भाव के एक अरब सत्तानबे करोड़ उनतीस लाख उनचास हजार एक सौ बाइस वर्ष हो चुके हैं। इस अवधि में एक पल का भी अंतर नहीं हुआ है। यह भारतीय वैज्ञानिक कालगणना कि विशेषता है। इसकी बराबरी के विषय में दुनिया की अन्य कालगणना कल्पना भी नहीं कर सकती। ईसा पूर्व और ईसा बाद का प्रचलन तथ्य परक नहीं है। प्राचीन भारत के गुरुकुल अनुसंधान के केंद्र हुआ करते थे। कालगणना में क्रमशः प्रहर, दिन-रात, पक्ष, अयन, संवत्सर, दिव्यवर्ष, मन्वन्तर, युग, कल्प और ब्रह्मा की गणना की जाती है। हमारे ऋषियों ने चक्रीय अवधारणा का सुंदर वर्णन किया है। काल को कल्प और मन्वन्तर युग में विभाजित किया गया है। इसमें चार युग -सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग हैं। इनकी चक्रीय व्यवस्था है। अर्थात ये शाश्वत रूप से आते-जाते हैं। इसकी पुनरावृत्ति होती रहती है। इसके अनुरूप इस समय ब्रह्मा की आयु के दूसरे खंड में, श्वेतावाराह कल्प में, वैवस्वत मन्वन्तर में 20वां कलियुग चल रहा है। इस कलियुग की समाप्ति के पश्चात चक्रीय नियम में पुनः सतयुग आयेगा। वस्तुतः यह अवधारणा ही प्राकृतिक है। इसमें पिंड व ब्रह्मांड का भी विचार है। अंतर व बाह्य चेतना परम सत्ता से संबंधित है। भारतीय कालगणना आधुनिक खगोल विज्ञान के लिए भी चमत्कार से कम नहीं। यह इसलिए कि इसका आविष्कार उस समय हुआ था जब दुनिया में अन्यत्र मानव सभ्यता नहीं थी। इस काल का आकलन ईसा पूर्व जैसी परिधि में संभव ही नहीं है। यह कालगणना पृथ्वी के प्रादुर्भाव से प्रारंभ होती है। यह शाश्वत है। चारों युग समाप्त होंगे। नये युगों का चक्र प्रारंभ होगा, लेकिन यह कालगणना तब भी इसी गति से चलती रहेगी। इसमें एक पल का भी अंतर नहीं आयेगा। इसके लिए प्रकृति की समझना होगा। प्रकृति के निकट जाना पड़ेगा। जीवनशैली में उसी के अनुरूप परिवर्तन करना होगा। कर्म और प्रारब्ध या भाग्य का यह अविनाशी चक्र निरंतर चलता रहता है। अपने विचारों में परिवर्तन कर श्रेष्ठ कर्म करना चाहिए। नव वर्ष का शुभारंभ नवदुर्गा से होना भी विलक्षण है। यह आध्यात्मिक चेतना का अवसर है। नवरात्रि शक्ति आराधना का आध्यात्मिक पर्व है। इस समय प्रकृति में विविध रंग होते है। मां दुर्गा के इस पावन पर्व में रंगों का बहुत अधिक महत्व होता है। नवरात्रि में नौ दिन दुर्गा मां के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। प्रथम दुर्गा शैलपुत्री माता हैं। वह पर्वतराज हिमालय के घर में जन्मी थीं। इसके कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा। शैलपुत्री माता की पूजा के दौरान पीले रंग वस्त्रों का महत्व है। दूसरी माता ब्रह्माचारिणी हैं। ब्रह्माचारिणी माता की पूजा नवरात्रि के दूसरे दिन की जाती है।

**भारतीय कालगणना में परमाणु से लेकर कल्प तक का विचार है। भारतीय नववर्ष का प्रथम दिन अपने में व्यापक संदेश देने वाला होता है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही पृथ्वी माता का प्रादुर्भाव हुआ।**

**मान्यताएं**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# भगत सिंह : आजादी के इस मतवाले के कितने रूप



यशोदा श्रीवास्तव

जब हम तथाकथित प्रगतिशील लेखक की एक बहुचर्चित फिल्म देखते हैं तो जान पाते हैं कि गांधी का हत्यारा गोडसे इस गुस्से में गांधी का कत्ल कर देता है कि गांधी ने भगत सिंह को फांसी से बचाने का कोई उपाय तो नहीं ही किया, अंग्रेज हुकूमत के इस क्रूरतम कृत्य की निंदा तक नहीं की। गोडसे का महिमा मंडन करने के लिए खास तौर पर बनाई गई उस फिल्म में गोडसे अदालत में बहस के दौरान गांधी की हत्या पर अपनी सफाई के क्रम ऐसा कहते देखा जाता है और तब हम यह सोचने को मजबूर होते हैं कि यदि यह सच है तो गांधी ने सचमुच गलत किया। लेकिन जब हम भगत सिंह पर सर्च करते हैं तो फिल्म की पटकथा का यह अंश कोरा बकवास पाया जाता है।
आज जब हम शहीद ए आजम भगत सिंह की शहादत के दिन उन्हें याद कर रहे हैं तो ढेर सारे ऐसे अनछुए पहलुओं पर भी गौर करना लाजिमी है जो भगत सिंह को जोड़ते हुए झूठ फैलाया गया। वाकई जब हम भगत सिंह को याद करते हैं और उनकी ही लिखी पुस्तकों को पढ़ते हैं तो भगत सिंह में सिर्फ आजादी के लिए मर मिटने वाले मतवाले का अकेला रूप नहीं पाते। मात्र 23 साल आठ महीने का यह नौ जवान बहुत आयामी व्यक्तित्व का भंडार दिखता है जिसमें ज्ञान अर्जन की ऐसी ललक होती है कि फांसी के वक्त तक किताबें पढ़ना नहीं छोड़ता। सोचिए! मौत के लिए फांसी का फंदा सामने हो, मृत्यु के बाद की अज्ञात दुनिया से अनभिज्ञ भगत सिंह फांसी के लिए बुलावा आने पर जेलर से पढ़ रहे पुस्तक के बाकी दो चार पेज खत्म करने की अनुमति मांग रहे हों। दरअसल इसके पीछे उनका मकसद समाज में ज्ञान का महत्व बताना था। आज जब व्यक्ति का जीवन भागते दौड़ते मशीन सा हो गई है, लोगों में किताबें पढ़ने की आदत न के बराबर रह गई हो,तब भगत सिंह के जेल में रहकर भी किताबों के पढ़ते रहने की आदत हमें प्रेरणा देती है कि मृत्यु के बाद भी यदि आप जिंदा रहना चाहते हैं तो वह आपके विचार और दुनिया को दिया आपका संदेश ही आपको जीवित रखते हैं। ऐसे लोग कभी नहीं मरते, जैसे भगत सिंह।
लाहौर के सेंट्रल जेल में भगत सिंह अपनी छोटी जिंदगी के हिस्से से 716 दिन गुजारे हैं। इस दौरान उन्होंने जेल के लायब्रेरी की सारी की सारी किताबें पढ़ डाली।
भगत सिंह ने स्वयं को किताबों तक ही नहीं सीमित रखा। उनकी दृष्टि समाज के हर पहलू पर थी। तभी तो उन्होंने गांधी को भी समझ लिया और नेहरू को भी। यह सर्वविदित है कि भगत सिंह की फांसी की तिथि 24 मार्च तय थी लेकिन उनकी फांसी के बाद संभावित विद्रोह से घबड़ाई ब्रिटिश हुकूमत ने एक रोज पहले यानी 23 मार्च को उनके दो और मतवाले राज गुरु और सुखदेव के साथ फांसी दे दी।
इतिहास कार प्रो.राम पुनियानी जिनका भगतसिंह पर गहरा अध्ययन है, कहते हैं कि भगत सिंह ने बहुत छोटी उम्र में बहुत कुछ हासिल कर लिया था। चिर युवा अवस्था में वे देश की आजादी की जल्दबाजी में थे इसलिए हिंसात्मक आंदोलन के पक्षधर हुए। पंजाब में तैनात अंग्रेज अफसर सांडर्स मर्डर केस जिसमें वे गहन पुलिसिया तफ्तीश में मुजरिम पाए जाते हैं,यह उनके हिंसात्मक आंदोलन का हिस्सा हो सकता है तो मजदूर विरोधी विल के विरोध में असेंबली में किया गया बम धमाका उनके



अहिंसावादी आंदोलन का सबूत है। बम धमाका को अहिंसावादी आंदोलन कैसे कह सकते हैं,यह सवाल जरूर मन में कौंधने वाला है लेकिन वह सोची समझी रणनीति के तहत ऐसा बम धमाका था जिसमें कोई मानव छति नहीं हुई थी। बम को जान बूझकर ऐसे जगह फोड़ा गया था जहां से किसी नुकसान की गुंजाइश जरा भी न हो। ऐसा करने के पीछे भगत सिंह की मंशा उन बहरों को जगाना रहा होगा जो अंग्रेजों का जुल्म सहते जा रहे थे लेकिन जरा भी चूं नहीं करते थे। उस रोज तो हद थी जब मजदूरों के नियंत्रण संबंधी विल पारित होना था। भगत सिंह इसके सख्त खिलाफ थे। जब हम भगत सिंह को स्वतंत्रता संग्राम का महान सेनानी कहते हैं तो यह जान लेना जरूरी है कि उनका मतलब सिर्फ देश को अंग्रेजों से मुक्त कराना भर नहीं था। वे गरीबी के खिलाफ भी लड़ रहे थे,भूख,भय और भ्रष्टाचार से आजादी चाहते थे। उनके समाजवाद में मजदूर, किसान, व्यापारी, उद्योगपति,अमीर,गरीब सबके लिए बराबरी की बात थी। वे एक साथ गुलामी के कई आयामों से लड़ रहे थे।
प्रो.पुनियानी फिल्म के उस झूठ पर से भी पर्दा हटाते हुए कहते हैं कि यदि हमें किसी फिल्म के गोडसे के संवाद पर यकीन करना है तो क्यों न हम फिल्मी दुनिया की उस महान मोहतरमा की बात पर यकीन करें जब वे 2014 में देश के आजाद होने की बात कहती हैं। वे कहते हैं कि भगत सिंह के फांसी के हफ्ता दो हफ्ता पहले गांधी जी ने वायसराय को बाकायदा चिट्ठी लिखी थी कि भगत सिंह को माफ कर दिया जाय क्योंकि उनका आंदोलन देश के लिए था। चूंकि वायसराय ही सबकुछ नहीं होते थे,ऊपर से भी आदेश लेना होता था लेकिन ब्रिटिश सरकार की ओर से भगत सिंह को माफी की इजाजत नहीं मिली। वेशक अंग्रेज हुकूमत ने गांधी की बात नहीं सुनी लेकिन जब भगत सिंह की फांसी हो गई तो कांग्रेस पार्टी के कराची अधिवेशन में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित हुआ जिसका मजमूंन गांधी जी ने ही लिखा था। बाद में लार्ड इरविन ने अपने फेयरवेल पार्टी में इस बात का खुलासा करते हुए कहा कि हम गांधी की अपील इसलिए नहीं मान सके क्योंकि सांडर्स की हत्या से पंजाब के हमारे अफसर बहुत आक्रोशित थे और उन्हें जैसी सूचना दी गई थी उस हिसाब से भगत सिंह की माफी से पंजाब के अफसरों में विद्रोह हो जाता।
उन्होंने कहा कि भगत सिंह में गांधी और नेहरू के प्रति बहुत सम्मान था इसका उदाहरण यह है कि भले ही बाद में सही भगत सिंह ने आजादी के लिए गांधी के अहिंसावादी आंदोलन को ही जायज माना और नेहरू को आधुनिक भारत की समझ वाला युगद्रष्टा कहा। यही वजह रही कि भगत सिंह ने अपने हजारों लाखों अनुयाई युवकों से गांधी और नेहरू का साथ देने का आवाहन किया। भगत सिंह स्वयं कभी माफी के पक्ष में नहीं थे। उनके पिता लाख समझाते रहे कि भगत अभी बहुत छोटी उम्र के हो, माफी मांग लो और बाकी जिंदगी सकून से जियो। पिता को भगत सिंह का जैसा जवाब था उसे सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। वे तकरीबन डांटने के अंदाज में पिता से कहते हैं कि जाइए गांधी और नेहरू के आंदोलन का हिस्सा बनिए। मैं जहां जा रहा हूं,जाने दीजिए।
वाकई भगत सिंह क्या बंदा था! जेल में रह कर जिसने कई कई पेज की चिट्ठियां लिखी, पुस्तक लिखे,गांधी को भी समझा और नेहरू को भी समझा। रास्ते अलग हो सकते हैं लेकिन गांधी ने जिस तरह समाज के अलग अलग लोगों को एक सूत्र में बांध कर रखने का काम किया वैसे ही भगत सिंह ने भी युवाओं में जोश भरा, भरी जवानी में अपने प्राण देकर उन्हें देश भक्ति का पाठ पढ़ाया और एकता में शक्ति का संदेश दिया।
भगत सिंह को लेकर ढेर सारी गलतफहमियां फैलाई गई हैं। यह भी कि जब उन्होंने ३मैं नास्तिक क्यों हूं३ नामक पुस्तक लिखी तो उन्हें वास्तव में नास्तिक करार कर दिया गया। जबकि यह भी सच नहीं है। हां उन्होंने धर्म के नाम पर आडंबर का विरोध जरूर किया। सोचिए उन्होंने धर्म के नाम की राजनीति से किसी भी देश को भारी नुकसान का संकेत कितने साल पहले दे दिया था।
प्रो.पुनियानी कहते हैं कि भगत सिंह धर्म के खिलाफ नहीं थे और न वे नास्तिक ही थे अलबत्ता धर्म के नाम पर आडंबर की आलोचना वे करते रहे हैं। धर्म अलग है और धर्म के नाम पर फैलाया जाने वाला आडंबर अलग है। आज चाहे श्री लंका हो, पाकिस्तान हो या अपना हिंदुस्तान ही क्यों न हो। आखिर इन देशों में धार्मिक आडंबर के नाम पर ही तो समस्याएं पैदा हो रही हो या पैदा की जा रही है। भगत सिंह को मुकम्मल जानने के लिए उनकी लिखी पुस्तकों को पढ़ना होगा। जब हम उनकी किताबों को पढ़ेंगे तो भगत सिंह के बाबत सुनी सुनाई किंवदंतियों के इतर यह भी जान पाएंगे कि आजादी का मतवाला यह नौजवान किस तरह यह चैलेंज कर अंग्रेज हुकूमत के नाक में दम कर रखा था कि हम आपके युद्ध बंदी है लिहाजा हमें तोप से दाग दो या गोलियों से उड़ा दो। अंत में यह कि हम गोदी मीडिया को आज जान पाएं हैं जबकि भगत सिंह तभी इसके दुष्प्रभाव को भांप लिए थे। इसीलिए उन्होंने ब्रितानी अदालत में अपने मुकदमे की पैरवी खुद करने की मांग की थी। ऐसा करते तो तब कि मीडिया को उनके बाबत अंग्रेजों के झूठ के साथ भगत सिंह की बात भी छापने को मजबूर होना पड़ता। भगत सिंह के इस रूप को जब हम देखते हैं तो उनमें एक पत्रकार का होना भी पाते हैं।

# वीर सपूतों को नमन



राहुल कुमार
शिक्षक

भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर जैसे वीर पुरुष को श्रद्धांजलि देने तथा उनके बलिदानों को याद करने के लिये भारत में 23 मार्च को शहीद दिवस मनाया जाता है। आजादी के लिये ब्रिटिश शासन से भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर ने लोहा लिया था। सिक्ख परिवार में पंजाब के लायलपुर में 28 सितंबर 1907 को जन्में भगत सिंह भारतीय इतिहास के महान स्वतंत्रता सेनानियों में जाने जाते थे। इनके पिता गदर पार्टी के नाम से प्रसिद्ध एक संगठन के सदस्य थे जो भारत की आजादी के लिये काम करती थी। भगत सिंह ने अपने साथियों राजगुरु, आजाद, सुखदेव, और जय गोपाल के साथ मिलकर लाला लाजपत राय पर लाठी चार्ज के खिलाफ लड़ाई की थी। शहीद भगत सिंह का साहसिक कार्य आज के युवाओं के लिये एक प्रेरणास्रोत का कार्य कर रहा हैशहीद दिवस के दिन, भारत के राष्ट्रपति सहित उप-राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और सेवा प्रमुख के साथ राजघाट पर बापू की समाधि पर फूलों की माला चढ़ाते हैं। शहीदों को सम्मान देने के लिये अंतर-सेवा टुकड़ी और सैन्य बलों के जवानों द्वारा इसके बाद एक सम्मानीय सलामी दी जाती है। इसके बाद, वहाँ एकत्रित लोग राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और देश के दूसरे शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन रखते। हैं। उसी जगह पर उनको प्यार करने वालों के द्वारा धार्मिक प्रार्थना और भजन गाया जाता है। इस दिन कोलकाता के स्कूलों से बच्चे बापू का रूप बनाकर कार्यक्रम में भूमिका निभाते हैं। शहीद दिवस मनाने के दौरान स्कूली विद्यार्थियों द्वारा बापू के जीवन से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम किये जाते हैं। हालाँकि भारत में राष्ट्र के दूसरे शहीदों को सम्मान देने के लिये एक से ज्यादा शहीद दिवस (राष्ट्रीय स्तर पर इसे सर्वोदय दिवस भी कहा जाता है) मनाने की घोषणा की गयी है। मातृभूमि के लिए सर्वस्व अर्पण करने वाले अमर शहिद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस पर भावभीनी श्रधांजलि आज हम सभी भारतीयों को शहीदों के आदर्श और मूल्यों का अनुसरण करने का संकल्प लेना चाहिए। भारत में शहिद दिवस अथवा सर्वादये दिवस 23 मार्च को मनाया जाता है। पूरे भारत में गुरुवार 23 मार्च 2022 को 91 वां शहिद दिवस मनाएगा। भारत की आजादी, कल्याण और उनत्ति के लिये लड़े और अपने प्राणों की बलिदान देने वाले वीर लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिये शहीद दिवस मनाया जाता है। प्रतिवर्ष 30 जनवरी को पूरे भारत वर्ष में शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत विश्व के उन 15 देशों में शामिल हैं जहाँ हर वर्ष अपने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के लिये शहीद दिवस मनाया जाता है। 30 जनवरी को नाथूराम गोड़से ने महात्मा गांधी को गोली मारकर हत्या कर दी थी जिसके कारण यह दिन भारतीय सरकार द्वारा शहीद दिवस के रूप में घोषित कर दिया था। तब से प्रत्येक वर्ष महात्मा गाँधी को श्रद्धजलि देने के लिये 30 जनवरी को शहीद दिवस मनाया जाता है। गाँधी स्मृति वो जगह है जहाँ शाम की प्रार्थना के दौरान बिरला हाऊस में 78 वर्ष की उम्र में महात्मा गाँधी की हत्या हुयी थी। भारत की आजादी के बाद, भारत के लोगों में भाईचारा, शांति और सौहार्द बनाने के लिये बापू ने एक मिशन की शुरूआत की थी लेकिन अपने मिशन के दौरान ही उनकी हत्या कर दी गयीं। महात्मा गाँधी के अनुसार, युद्ध एक कुंद हथियार है और अहिंसा आजादी पाने के लिये सबसे अच्छा हथियार है वो उसका अनुसरण करते थे।

# अपनी-अपनी दुनिया



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त,
प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार


पिता जी ने फरमान जारी किया कि कल से सभी भोजन की मेज पर मिल बैठकर भोजन करेंगे।
अगले दिन माता जी ने भोजन की मेज की खूब साफ-सफाई की। फल-फूल सजा दिए। अचार की बोतलें, बादाम-काजू-किशमिश, पिस्ता, सौंप-सुपारी की तश्तरी अच्छे से सजा दी। जब घर के सभी सदस्यों ने यह देखा तो उनके मुँह में पानी भर आया। जो कोई मेज के पास जाता कुछ बादाम-काजू-पिस्ता मुट्ठी में दबोच लेता। देखते ही देखते मेवा झम्म हो गया। माता जी का क्या है? ज्यादा से ज्यादा डाँट-फटकार सकती हैं, इससे ज्यादा क्या कर सकती हैं। वह अपने में ही बड़बड़ाने लगीं। रात होने को थी। उधर से पिता जी दफ्तर से निकल चुके थे। उधर बेटा बुलेट पर, इधर बिटिया स्कूटी पर घर की ओर कूच कर चुके थे। आज सभी मेज पर मिल बैठकर खाने वाले जो थे!
पिता जी के बाद बेटा और बेटे के बाद बिटिया तीनों रात के विश्राम गृह यानी घर पहुँच चुके थे। इतने दिनों से यह विश्राम गृह किसी लॉड्ज से कम थोड़ी न था। पहली बार इसकी किस्मत में घर कहलाने का सुख नसीब होने वाला था। घर में तीन-तीन वाशरूम थे। तीनों वाशरूप में ऐसे घुसे जैसे वह ही उनका स्थाई निवास हो। पिता जी मोबाइल थामे वाट्सप पर, बिटिया इंस्टाग्राम और बेटा स्नैप चैट पर ऐसे जमे मानो उन्हें वाशरूम किसी स्वर्ग सा प्रतीत हो रहा हो। माता जी के चिल्लाने का असर यह हुआ कि उनका गला बैठ गया। जैसे-तैसे तीनों बाहर निकले। तब तक माता जी एक नींद पूरी कर चुकी थीं और दूसरी नींद के लिए ऊँघना भी आरंभ कर चुकी थीं। बिटिया ने कहा कि मुझे भूख नहीं है। मैं दोस्त की बर्थ डे पार्टी में पिज्जा-बर्गर खाकर आयी हूँ। बेटे ने कहा कि मैंने भी केएफएसी में जमकर टंगड़ी कबाब खाया है। दोनों अपने-अपने बेडरूम में घुसे और दरवाजा ऐसे बंद किया जैसे दुश्मन को देखकर कोई बंद करता हो। आज के समय में माता-पिता किशोरावस्था के बच्चों के असली दुश्मन होते हैं। वे कुछ भी कहें उन्हें बुरा ही लगता है। पिता जी ने बड़ी मुश्किल से एक रोटी उठाई होगी कि उन्होंने पत्नी पर झल्लाते हुए कहा कि कोई भला कामकाजी और थकेहारे आदमी को ठंडी रोटी खिलाता है? पत्नी भी कहाँ चुप बैठने वाली थी। वह भी गुस्से में उठी और बोली झ रात के सवा ग्यारह बजे दुनिया की कौनसी रोटी गरम होती है भला। घंटे-घंटे वाशरूम में घुसे रहोगे तो रोटी ठंडी नहीं तो गरम होगी भला? इतना सुनना था कि पिता जी ने थाली उठाकर पटक दी और पत्नी को जोरदार तमाचा रसीद कर दिया। उधर बेटा-बेटी इन सबसे बेखबर अपने-अपने कमरों और अपनी-अपनी सोशल मीडिया की रंगीन दुनिया में खोए हुए थे। इधर पति-पत्नी एक-दूसरे से पीठ किए सोने की कोशिश करने लगे। इस तरह योजना के पहले ही दिन एक छोटा सा परिवार और छोटे-छोटे टुकड़ों में बँट गया।

# सिक्किम के इन खूबसूरत जगहों को करें एक्सप्लोर

अगर आप भी कहीं घूमने का प्लान कर रहे हैं तो सिक्किम आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। बता दें कि यहां की खूबसूरत वादियों को देखकर आपका वापस आने का मन नहीं करेगा। हिमालय की गोद में बसा सिक्किम में प्राकृतिक सुंदरता देखने को मिलेगी। देश की टॉप ट्रैवल डेस्टिनेशन्स में नॉर्थ ईस्ट के कई राज्यों का नाम गिना जाता है। नॉर्थ ईस्ट की ट्रिप प्लान करने वाले अधिकतर लोग सिक्किम घूमना नहीं भूलते हैं। वैसे तो सिक्किम में घूमने के लिए कई खूबसूरत जगहें हैं। ऐसे में अगर आप भी सिक्किम घूमने का प्लान बना रहे हैं तो इन जगहों को एक्सप्लोर करना न भूलें। इन खूबसूरत जगहों पर घूमने के बाद आपका वापस आने का दिल नहीं करेगा। हिमालय की गोद में बसा सिक्किम भले ही एक छोटा सा राज्य है। लेकिन यहां की खूबसूरत वादियों से लेकर नेचर की खूबसूरती आपका मन मोह लेगी।

## त्सोमगो झील की सैर

अगर आप सिक्किम में किसी रोमांटिक जगह पर घूमना चाहते हैं तो त्सोमगो लेक आपके लिए बेस्ट ऑप्शन होगा। त्सोमगो लेक सिक्किम की राजधानी गंगटोक से महज 40 किलोमीटर दूर है। यह लेक 12,400 फीट की



ऊंचाई पर मौजूद है। इस लेक को चांगु झील के नाम से भी जाना जाता है। बता दें कि सर्दियों में यह लेक पूरी तरह से जम जाती है। वहीं बसंत ऋतु के मौके पर इस लेक की सुंदरता कई खूबसूरत फूलों से खिल उठती है।

## जुलुक का दीदार

जुलुक का दीदार करने के लिए सिक्किम की राजधानी गंगटोक से लगभग 3 घंटे का सफर तय करना होता है। इस दौरान रास्ते में 32 हेयरपिन मोड़ आपकी यात्रा को अधिक शानदार बना सकते हैं। वैसे तो जुलुक सिक्किम का एक छोटा सा और काफी खूबसूरत गांव है। लेकिन यहां से 11 फीट की ऊंचाई पर स्थित थुंबी व्यू प्वाइंट कंचनजंघा चोटी अपने खूबसूरत नजारों के लिए फेमस है। जुलुक की ट्रिप के दौरान कपुप लेक या हाथी झील का भी दीदार कर सकते हैं।

## पेलिंग की ट्रिप

गंगटोक से लगभग 140 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पेलिंग भी घूमने के लिए बेस्ट जगह है। यह जगह रोमांच के लिए फेमस है। पेलिंग का सफर एडवेंचर लवर्स के लिए बेस्ट हो सकता है। यहां पर एडवेंचर के शौकीन लोग रॉक क्लाइंबिंग, ट्रेकिंग, कयाकिंग, माउंटेन बाइकिंग, रिवर राफ्टिंग जैसी कई एक्टिविटी कर सकते हैं। इसके अलावा सांगचोएलिंग मठ रिम्बी वॉटरफॉल स्काई वॉक और सेवारो रॉक गार्डन का दीदार कर अपने सफर को शानदार और रोमांचक बना सकते हैं।

## रंवगला

रंवगला सिक्किम का खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह समुद्र तल से लगभग 8000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। हिमालय पर्वतों से घिरा रंवगला मैनम और तेंडोंग हिल्स टॉप पर मौजूद है। बता दें कि रंवगला गंगटोक से लगभग 63 किलोमीटर की दूर स्थित है। नेचर लवर्स के लिए रंवगला की सैर बेस्ट हो सकती है। यहां से आप ग्रेटर हिमालय के मनमोहक नजारों को बेहद नजदीक से देख सकते हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

# स्टूडेंट्स पत्रकारिता के क्षेत्र में बना सकते हैं शानदार करियर

कई छात्र टीवी, रेडियो और प्रिंट मीडिया में काम करने का सपना देखते हैं। इस सपने को मास कम्यूनिकेशन कोर्स के जरिए पूरा किया जा सकता है। इस कोर्स को आप लखनऊ के इन कॉलेजेस से कर सकते हैं। कई लोगों का मीडिया, टीवी और रेडियो में काम करने का सपना होता है। इस तरह की रुचि रखने वाले छात्र अक्सर मीडिया इंडस्ट्री में जुड़ने की इच्छा रखते हैं। जिसके चलते लाखों स्टूडेंट तेजी से बढ़ती मीडिया इंडस्ट्री का हिस्सा बनने के लिए मास कम्यूनिकेशन कोर्स में एडमिशन लेते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस कोर्स के बारे में पूरी जानकारी देने जा रहे हैं। 12वीं और अंडर ग्रेजुएट डिग्री करने वाले छात्र इस कोर्स को कर सकते हैं।

**प्रोफेशनल डिग्री कोर्स :** मास कम्यूनिकेशन का कोर्स प्रोफेशनल डिग्री है। इस कोर्स में एडमिशन लेने के लिए स्टूडेंट को किसी विशेष स्ट्रीम से 12वीं पास होना जरूरी नहीं होती है। आर्ट, साइंस और कॉमर्स से पढ़े छात्र भी मास कम्यूनिकेशन का कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स को पूरा करने के बाद आप कई विभिन्न पदों पर काम करने के योग्य हो जाते हैं। एक जर्नलिस्ट के तौर पर काम कर अपने सपने को पूरा कर सकते हैं।

**बैचलर कोर्स की योग्यता :** मास कम्यूनिकेशन में बैचलर कोर्स में एडमिशन लेने के लिए छात्रों का 12वीं पास होना जरूरी है। किसी भी स्ट्रीम का स्टूडेंट मास कम्यूनिकेशन का कोर्स कर सकता है। इस कोर्स में मेरिट और प्रवेश परीक्षा दोनों तरह से एडमिशन लिया जाता है। मेरिट के आधार पर एडमिशन के लिए स्टूडेंट को 12वीं में अच्छे नंबर लाने होते हैं। वहीं प्रवेश परीक्षा के जरिए स्टूडेंट्स को एग्जाम में अच्छा स्कोर करना होता है। हर संस्थान में एडमिशन के लिए अलग-अलग योग्यता होती है।

**मास्टर कोर्स में प्रवेश की योग्यता :** अगर आप पहले से ग्रेजुएशन पूरा कर चुके हैं तो मास मीडिया का कोर्स करने के लिए आप मास कम्यूनिकेशन में मास्टर की डिग्री कर सकते हैं। मास्टर्स कोर्स में एडमिशन लेने के लिए छात्रों को बैचलर में न्यूनतम 50% नंबर लाने होते हैं। इसके लिए आपको प्रवेश परीक्षा देनी होती है।

**टॉप प्रवेश परीक्षा**
- जेएमआई प्रवेश परीक्षा
- आईपीयू प्रवेश परीक्षा
- आईआईएमसी प्रवेश परीक्षा
- एसीजे प्रवेश परीक्षा
- एक्सआईसी ओईटी
- सीयूईटी यूजी
- सीयूईटी पीजी
- एमएएससीओएम
- जीएमसीईटी
- मैसकॉम प्रवेश परीक्षा
- एफटीआईआई जेईटी
- डीयूईटी
- टीएएनसीईटी

**लखनऊ के बेस्ट कॉलेज**
- एमिटी यूनिवर्सिटी लखनऊ
- लखनऊ विश्वविद्यालय
- इंटीग्रल यूनिवर्सिटी
- बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय
- आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेज
- सिटी ग्रुप ऑफ कॉलेज
- श्रीराम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी
- टेक्नो इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज
- आईआईएसई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
- मॉर्डन गर्ल्स कॉलेज ऑफ प्रोफेशन स्टडीज

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कार्यभार की अधिकता रहेगी, लेकिन कड़े परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। सहकर्मियों का भी भरपूर सहयोग मिलेगा।

**वृष राशि :** विद्यार्थी, कलाकार और खिलाडि?ों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यवसाय भी अच्छा चलेगा, लेकिन छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं।

**मिथुन राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। मन में काल्पनिक विचार आएंगे, जिससे सृजनात्मक शक्ति को उचित दिशा मिल जाएगी, लेकिन व्यवसायियों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यावसाकि क्षेत्र में छोटी-छोटी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन समाधानकारी व्यवहार अपनाने से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और महत्वपूर्ण कार्यों में सफल होंगे। नये कार्यों की शुरूआत कर सकते हैं।

**कन्या राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार-धंधा मध्यम रहेगा। आज आपको संभलकर चलना होगा, अन्यथा किसी परेशानी में पड़ सकते हैं।

**तुला राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कारोबार अच्छा चलेगा और आकस्मिक धनलाभ की स्थिति रहेगी। नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में धनलाभ की स्थिति रहेगी। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों की मदद से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु राशि :** आज का दिन बहुत अच्छा बीतेगा। व्यवसाय में छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में सभी कार्य आसानी से होंगे, जिससे अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**मकर राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, जिससे शिथिलता एवं मानसिक व्याकुलता का अनुभव होगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी।

**कुंभ राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार-धंधा मध्यम रहेगा और कार्यभार की अधिकता रहेगी। पैसों के लेन-देन से बचें और निवेश का निर्णय बुजुर्गों की सलाह लेकर ही करें।

**मीन राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यावसायियों को अच्छा मुनाफा कमाने के अवसर मिलेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी।




## NEWS इन ब्रीफ

### पीएम के खिलाफ पोस्टर लगाने पर छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्टर लगाने पर बुधवार सुबह छह लोगों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा इस मामले में 100 से ज्यादा लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। स्पेशल सीपी दीपेंद्र पाठक के मुताबिक पोस्टरों में प्रिंटिंग प्रेस का ब्योरा नहीं था। आम आदमी पार्टी के कार्यालय से बाहर आई एक वैन को रोककर तलाशी ली गई। इससे भी कुछ पोस्टर जब्त किए गए हैं।

### 5 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में सिसोदिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही आबकारी नीति मामले में 5 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सिसोदिया की ईडी हिरासत खत्म होने पर, जिसे 17 मार्च को बढ़ा दिया गया था, उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल के समक्ष पेश किया गया और उन्हें 5 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अमृतपाल अब भी फरार, बाइक जब्त

**चंडीगढ़।** खालिस्तानी कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह जिस मोटरसाइकिल पर सवार होकर भागा था, उसे पंजाब पुलिस ने बरामद कर लिया है। अधिकारियों ने कहा कि स्वयंभू उपदेशक अमृतपाल की 5वें दिन भी तलाश जारी है। बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल जालंधर शहर से करीब 45 किलोमीटर दूर दारापुर इलाके में एक नहर के पास लावारिस हालत में मिली।


### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, आठ मरे

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कांचीपुरम में बुधवार को एक पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। घायलों को कांचीपुरम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट का कारण अभी पता नहीं चला है। पुलिस ने कहा कि बुधवार दोपहर जब विस्फोट हुआ उस समय यूनिट में 25 लोग काम कर रहे थे। दमकल की चार यूनिट ने फैक्ट्री में पहुंचकर आग पर काबू पाया। विस्फोट के बारे में और जानकारी का इंतजार है।

# अपनी पुरानी परंपराओं की ओर लौट रहा है जम्मू-कश्मीर : शाह

### धारा 370 हटने के बाद घाटी में आया बदलाव

### केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने मां शारदा देवी मंदिर का किया उद्घाटन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कुपवाड़ा में मां शारदा देवी मंदिर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी उपस्थित थे। शाह ने इस मौके पर कहा कि पीएम मोदी के प्रयास से धारा-370 हटने के बाद शांति स्थापित होने से घाटी और जम्मू फिर एक बार अपनी पुरानी परंपराओं, सभ्यता और गंगा-जमुनी तहजीब की ओर लौट रहे हैं। अपने संबोधन की शुरुआत अमित शाह ने देशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देकर की। उन्होंने कहा कि आज नववर्ष के अवसर पर ही मां शारदा का नवनिर्मित मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है और यह पूरे भारत के श्रद्धालुओं के लिए एक शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि आज मां शारदा के मंदिर का उद्घाटन एक नए युग की शुरुआत है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि इस मंदिर की वास्तुकला और निर्माण शारदा पीठ के तत्वाधान में पौराणिक शास्त्रों के अनुसार किया गया है। श्रंगेरी मठ द्वारा दान की गई शारदा मां की मूर्ति को 24 जनवरी से लेकर आज यहां स्थापित करने तक एक यात्रा के रूप में लाया गया है। उन्होंने कहा कि कुपवाड़ा में मां शारदा के मंदिर का पुनर्निर्माण होना शारदा-सभ्यता की खोज व शारदा-लिपि के संवर्धन की दिशा में एक आवश्यक एवं महत्वपूर्ण कदम है।

#### शारदा पीठ माना जाता था ज्ञान का केंद्र

**अमित** शाह ने कहा कि एक जमाने में भारतीय उपमहाद्वीप में शारदा पीठ ज्ञान का केंद्र माना जाता था, शास्त्रों और आध्यात्मिक ज्ञान की तलाश में देशभर के विद्वान यहां आते थे। उन्होंने कहा कि शारदा लिपि हमारे कश्मीर की मूल लिपि है, जिसका नाम भी मां के नाम के आधार पर रखा गया है। ये महाशक्ति पीठों में से एक है और मान्यताओं के अनुसार मां सती का दाहिना हाथ यहां गिरा था। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि शारदा पीठ भारत की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक विरासत का ऐतिहासिक केंद्र रहा है। मोदी सरकार करतारपुर कॉरीडोर की तरह शारदा पीठ को भी श्रद्धालुओं के लिए खोलने की दिशा में आगे बढ़ेगी। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने संस्कृति के पुनरुद्धार सहित जम्मू-कश्मीर के सभी क्षेत्रों में पहल की है।

# याचिका : पत्नी से बिना मंजूरी लिए शारीरिक संबंध बनाना बलात्कार

### बिना सहमति के बनने वाले शारीरिक संबंध को अपराध की श्रेणी में शामिल करने की मांग

### सुप्रीम कोर्ट करेगा मामले की सुनवाई



**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने पत्नी से बिना मंजूरी लिए शारीरिक संबंध बनाने को बालात्कार (रेप) के दायरे में लाने की मांग वाली याचिकाओं की सुनवाई की मंजूरी दे दी। सुनवाई 9 मई 2023 को होगी। न्यायालय में इससे संबंधित कई याचिकाएं दायर हैं। सुनवाई के बाद तय होगा कि बिना पत्नी की मंजूरी के शारीरिक संबंध बनाना अपराध है या नहीं। कई मामलों में महिलाओं ने अपने पतियों के विरूद्ध मैरिटल रेप (पत्नी की मंजूरी के बिना जरिया शारीरिक संबंध बनाने) की शिकायत दर्ज करवाई हैं। जबकि ज्यादातर पतियों का मानना है कि शादीशुदा दंपत्ति के बीच बने शारीरिक संबंध को बालात्कार नहीं माना जा सकता है। इसको लेकर उच्च न्यायालयों व सर्वोच्च न्यायालय में कई याचिकाएं दायर हुई हैं। जिसमें मांग की गई है कि बिना पत्नी की सहमति के बनने वाले शारीरिक संबंध को अपराध की श्रेणी में शामिल किया जाए।

इस बारे में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 32 प्रतिशत महिलाओं ने अपनी शादी के बाद शारीरिक, यौन या भावनात्मक हिंसा का अनुभव किया है।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, 18 से 49 साल की आयु वर्ग में विवाहित महिलाएं, जिन्होंने वैवाहिक शारीरिक या यौन हिंसा का अनुभव किया है, उन्हें शारीरिक चोटें आईं हैं। भारत में आईपीसी की धारा-375 के तहत ही ऐसे मामले दर्ज किए जाते हैं। ये बालात्कार से जुड़े मामले होते हैं। इसमें महिला के साथ बिना सहमति वाले सभी तरह के यौन उत्पीड़न शामिल हैं। लेकिन धारा-375 के अपवाद 2 के तहत अगर पत्नी या पति की उम्र 15 साल से ज्यादा है, तो उनके बीच अनिच्छा से संभोग 'बलात्कार' नहीं होता है। यही अपवाद मैरिटल रेप को अपराध की श्रेणी में आने से रोकता है। जिसकी आड़ में खराब प्रवृति वाले पतिदेव मनमानी करते हैं और पत्नी द्वारा केस करने पर बच जाते हैं।

# जेपीसी जांच जरूरी : जयराम रमेश

### अडाणी समूह पर लगे आरोपों का सच जानने के लिए जरूरी है जेपीसी जांच

### तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा राहुल का मामला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि राहुल गांधी की माफी के बदले जेपीसी की मांग पर बातचीत नहीं हो सकी। कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, कोई बीच का रास्ता नहीं हो सकता। विपक्ष अडाणी समूह में जेपीसी की मांग से पीछे नहीं हटेगा। जेपीसी पर सौदेबाजी नहीं हो सकती, क्योंकि राहुल गांधी का मामला तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया मामला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पहले ही लोकसभा अध्यक्ष को लिख चुके हैं कि उन्हें नियम 357 के तहत संसद में बोलने की अनुमति दी जाए। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि जेपीसी का गठन 1992 में हुआ था जब कांग्रेस सरकार सत्ता में थी, 2001 में वाजपेयी सरकार के दौरान बनी थी, दोनों शेयर बाजार घोटालों पर थे। उन्होंने कहाः यह घोटाला केवल शेयर बाजार तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रधानमंत्री मोदी और सरकार की नीतियों और इरादों से भी जुड़ा है। मंगलवार को राज्यसभा के अध्यक्ष और सभापति दोनों ने सदन में गतिरोध को समाप्त करने के लिए बैठकें बुलाईं लेकिन वे बिना परिणाम के समाप्त हो गईं क्योंकि किसी भी दल ने अपने पदों को छोड़ने से इनकार नहीं किया। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस और बीजेपी दोनों ने ही अपने रुख में नरमी लाने से इनकार कर दिया। बैठक में सभी दलों के नेता मौजूद रहे।

# दिल्ली : 78,800 करोड़ के बजट में शिक्षा पर खर्च होंगे 16,575 करोड़

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने बुधवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 78,800 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। कैलाश गहलोत के लिए यह पहला और सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के लिए लगातार नौवां बजट था।

कुल प्रस्तावित परिव्यय में से, दिल्ली सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में शिक्षा के लिए 16,575 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार के 350 स्कूलों में प्रत्येक को 20 कंप्यूटर मिलेंगे और सभी शिक्षकों, प्रधानाचार्यों, उप-प्राचार्यों को टैबलेट दिए जाएंगे। गहलोत ने बजट पेश करते हुए कहा कि बजट 2023 में स्वास्थ्य और शिक्षा के अलावा राजधानी के बुनियादी ढांचे, स्वच्छता और परिवहन सुविधाओं को बढ़ाने पर ध्यान दिया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2022-23 का बजट पिछले वर्ष के 69,000 करोड़ रुपये से 75,800 करोड़ रुपये अधिक है। मंत्री ने कहा कि बजट 'सुंदर और आधुनिक' दिल्ली को समर्पित है।

#### दिल्ली भाजपा ने बजट को बताया बकवास

**दिल्ली** भाजपा ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) और उसके बजट पर निशाना साधते हुए कहा कि यह और कुछ नहीं बल्कि एक बकवास बजट है। दिल्ली 2023 के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए, राज्य भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अंतहीन चर्चाओं के बावजूद, बजट बेहद निराशाजनक रहा। स्वास्थ्य, परिवहन, समाज कल्याण जैसे सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बजट आवंटन घटा दिया गया है।

### टेंडर घोटाले के लिए रिश्वत

# कर्नाटक बीजेपी ने बदला शाह के कार्यक्रम का स्थान

**एजेंसी। बेंगलुरू**

कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बैठक के स्थान को स्थानांतरित कर दिया है, पार्टी के विधायक मदल विरुपक्षप्पा को निविदा घोटाले के रिश्वत मामले में मुख्य आरोपी के रूप में नामित किया गया है, पार्टी सूत्रों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। कार्यक्रम पहले दावणगेरे जिले के होनाली शहर में तय किया गया था। विरुपक्षप्पा दावणगेरे जिले में चन्नागिरी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। पार्टी ने शर्मिंदगी के डर से 27 मार्च को चित्रदुर्ग शहर में कार्यक्रम करने का फैसला किया है। पार्टी ने होन्नाली शहर में केंद्र और राज्य में भाजपा सरकारों द्वारा शुरू किए गए विभिन्न कार्यक्रमों के लाभार्थियों का मेगा कार्यक्रम आयोजित किया था। चन्नागिरी होन्नाली के करीब स्थित है। भारतीय जनता पार्टी के सूत्रों ने कहा कि विपक्ष द्वारा पार्टी और केंद्रीय नेताओं पर हमले शुरू करने के बाद पार्टी ने यह फैसला लिया है। कार्यक्रम उसी जिले में हो रहा था, जहां भाजपा विधायक को लोकायुक्त पुलिस ने रिश्वत मामले में मुख्य आरोपी बनाया है।

### के. टी. रामा ने कड़ी कार्रवाई के दिए संकेत

